जबलपुर
बुधवार, 20 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 20, अंक : 113
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 31
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

8
नए आर्थिक सुधार के ट्रैक पर भारत



मैट्रो
14 भोपाल की ट्राइडेंट मल्टी वेंचर्स.....

इलेक्ट्रॉनिक उद्योग के लिए एक मजबूत बुनियादी ढांचा आधार तैयार होगा, इस परियोजना से हजारों युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा

# मेक इन इंडिया के तहत भोपाल के बैरसिया में बनेगा 'इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफेक्चरिंग क्लस्टर्स'

**371 करोड़ रुपए की लागत**

## इस योजना में 146 करोड़ 63 लाख रुपए केंद्रांश एवं 225 करोड़ 32 लाख रुपए राज्यांश होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोहन सरकार भोपाल जिले के बैरसिया तहसील के ग्राम बांदीखेड़ी में करीब 371 करोड़ रुपए की लागत से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफेक्चरिंग क्लस्टर्स (ईएमसी) लगाने जा रही है। इस प्रस्ताव को मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर तैयार होगा। इससे इलेक्ट्रॉनिक उद्योग के लिए एक मजबूत बुनियादी ढांचा आधार तैयार होगा। इस परियोजना से हजारों युवाओं को रोजगार से जोड़ा सकेगा। मप्र कैबिनेट की बैठक मंगलवार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई।

### कैबिनेट के ये भी फैसले

1. गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में एंडोक्राइनोलॉजी विभाग की स्थापना एवं 20 नवीन पदों का सृजन
2. मप्र के नगरीय निकायों में गीता भवन बनाने की योजना मंजूर
3. एसटी छात्रावासों में अब मिलेगा पूरे 12 महीने का वजीफा



### गीता भवन योजना को 5 वर्षों में क्रियान्वित किया जाएगा

-कैबिनेट ने समाज में पठन-पाठन की रूचि को जागृत करने के लिए और सर्वसुविधायुक्त वैचारिक अध्ययन केंद्र के साथ-साथ साहित्यिक और संस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी नगरीय निकायों में गीता भवन स्थापना योजना को मंजूरी प्रदान की गई है। योजना की अवधि पांच वर्ष, 2025-26 से वर्ष 2029-30 तक होगी। गीता भवन के निर्माण, विस्तार, संधारण और अतिरिक्त निर्माण के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता राज्य शासन की ओर से प्रदान की जाएगी। गीता भवनों का निर्माण राज्य वित्त पोषण पर आधारित होने से उनका स्वामित्व राज्य शासन का होगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 2.14 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतें हुई डिजिटल



**नई दिल्ली।** ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए, देश में भारतनेट परियोजना के तहत 2,14,325 ग्राम पंचायतों (जीपी) को डिजिटल तौर पर जोड़ा गया है। यह जानकारी मंगलवार को सरकार की ओर से संसद में दी गई। दूरदराज गांवों में 4जी सेवाएं पहुंचाने के लिए सरकार 26,316 करोड़ रुपए की परियोजना चला रही है।

### भगवान को 140 करोड़ रु. का सोना चढ़ाएगा भक्त



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बताया कि भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के एक भक्त ने अपनी कारोबारी कामयाबी के लिए शुक्रिया अदा करने के लिए 121 किलो सोना दान करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि भक्त जो सोना चढ़ाना चाहता है उसकी कीमत करीब 140 करोड़ रुपए है।

### ट्रेन के आगे आए मवेशी 8 गायों की हुई मौत



**नर्मदापुरम।** हैदराबाद-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन के सामने गायों का झुंड आ गया, जिससे करीब 8 मवेशियों की कटकर मौत हो गई। घटना नर्मदा ब्रिज के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज गति से आ ही ट्रेन को अचानक रोकना पड़ा। इस दौरान चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसे को टाला जा सका। ट्रेन के रुकते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया।

'उपराष्ट्रपति पद' के लिए चुनाव

पूर्व न्यायाधीश जस्टिस सुदर्शन रेड्डी होंगे उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार, राधाकृष्णन को देंगे चुनौती

# लेकिन....एनडीए का ही चलेगा 'सुदर्शन चक्र'

**विपक्ष से सहमति का रास्ता बंद**
**विपक्ष ने हथियार डालने से मना किया**

रेड्डी ने 16 वर्षों से अधिक समय तक देश की संवैधानिक अदालतों में अहम जिम्मेदारी संभाली

खरगे ने कहा कि यह उपराष्ट्रपति पद का चुनाव एक वैचारिक लड़ाई है

### ये है संख्या बल ?

| लोकसभा (542 सांसद) | राज्यसभा (240 सांसद) |
|---|---|
| सरकार के साथ: 293 | सरकार के साथ: 134 |
| विपक्ष के साथ: 249 | विपक्ष के साथ: 106 |

पूर्व जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इनके नाम का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि विपक्ष ने एकमत होकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नाम पर सहमति जताई है।

इससे पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर फैसला लेने और उसकी घोषणा करने के लिए 10 राजाजी मार्ग पर बैठक की थी। बैठक के बाद विपक्ष ने उनके नाम का ऐलान किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। विपक्ष के उम्मीदवार के ऐलान के वक्त कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह उपराष्ट्रपति पद का चुनाव एक वैचारिक लड़ाई है और सभी विपक्षी दल इस पर सहमत हैं।

तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन के अनुसार आम आदमी पार्टी (आप) भी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रेड्डी का समर्थन कर रही है। सपा ने भी समर्थन का ऐलान किया है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों से अपील की है कि वे एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का समर्थन करें, ताकि उपराष्ट्रपति का चुनाव आम सहमति से हो सके



बी.सुदर्शन रेड्डी | सीपी राधाकृष्णन

### खरगे बोले-सुदर्शन रेड्डी सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बी. सुदर्शन रेड्डी भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका एक लंबा और प्रतिष्ठित कानूनी करियर रहा है। वे आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में काम कर चुके हैं। वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के एक निरंतर और साहसी समर्थक रहे हैं। वे एक गरीब हितैषी व्यक्ति हैं। यदि आप उनके कई फैसले पढ़ेंगे, तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने कैसे गरीबों का पक्ष लिया और संविधान व मौलिक अधिकारों की रक्षा की।

एनडीए संसदीय दल बैठक में पीएम मोदी का जोरदार हमला

### नेहरू ने पहले देश और फिर पानी का किया बंटवारा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक को संबोधित किया। बैठक में एनडीए उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का औपचारिक परिचय कराया गया। प्रधानमंत्री ने उन्हें सम्मानित भी किया। संसद के लाइब्रेरी बिल्डिंग में आयोजित इस बैठक में सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए और सांसदों से मुलाकात की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के बारे में कहा कि वह ओबीसी समाज से आने वाले जमीनी नेता हैं।

### कौन हैं जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी?

जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का जन्म 8 जुलाई, 1946 को अकुला मायलाराम गांव, पूर्व इब्राहिमपट्टनम तालुका, रंगारेड्डी (आंध्र प्रदेश) में हुआ था। उनका नाता वर्तमान में कंदुकुर राजस्व मंडल के तहत आने वाले गांव के एक कृषक परिवार से रहा। उन्होंने हैदराबाद में पढ़ाई की और 1971 में उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से कानून की डिग्री प्राप्त की।

नर्मदा एक्सप्रेस में इंदौर से कटनी जा रहीं थी

# 14 दिन से लापता अर्चना तिवारी ग्वालियर में, मां को कॉल किया

**ग्वालियर का कांस्टेबल भी शक के घेरे में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी/जबलपुर



कटनी से लापता अर्चना तिवारी का पता चल चुका है। अर्चना के ग्वालियर में होने की सूचना मिली है। हालांकि, अर्चना किस हाल में हैं और वो ग्वालियर कैसे पहुंची? इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कटनी से जीआरपी की टीम ग्वालियर पहुंच गई है। वहीं, अर्चना के परिजन भी उन्हें लेने के लिए ग्वालियर पहुंच गए हैं। अर्चना रक्षा बंधन के मौके पर घर के लिए निकली थी और 14 दिन पहले चलती ट्रेन से गायब हो गई थी। अर्चना नर्मदा एक्सप्रेस (एसी कोच, बी-3) में इंदौर से कटनी आ रहीं थी। वो इंदौर में सिविल जज की तैयारी कर रहीं थीं।

आकांक्षी जिलों में नीति आयोग के पैरामीटर किए पूरे

# आज गोल्ड मेडल से सम्मानित होंगे 12 आईएएस अधिकारी

**इनमें कुछ पूर्व व कुछ वर्तमान कलेक्टर भी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में नीति आयोग के कम से कम 6 पैरामीटर पूरे करने वाले जिलों को गोल्ड मेडल से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसमें तीन से लेकर छह पैरामीटर मसलन स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, तक में पूरे करने वाले जिले शामिल हैं। इसमें भी विदिशा एकमात्र जिला है, जिसने आकांक्षी जिलों में 6 पैरामीटर पूरे किए हैं। बाकी जिलों ने तीन से पांच पैरामीटर पूरे किए




सुधीर कोचर | अंशुल गुप्ता

है। इसमें 12 पूर्व व वर्तमान कलेक्टरों नामित किया गया है। इन आईएएस अधिकारियों को बुधवार 20 अगस्त को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

समयसीमा पर सुप्रीम सवाल

### खुद राष्ट्रपति ने राय मांगी है तो इसमें दिक्कत क्या?



■ राष्ट्रपति ने 14 सवाल सुप्रीम कोर्ट से पूछे थे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक अहम बहस शुरू हुई। मामला यह है कि क्या राष्ट्रपति और राज्यपालों पर बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए तय समयसीमा लागू की जा सकती है या नहीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खुद संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत यह सवाल सुप्रीम कोर्ट से पूछा है। लेकिन, विपक्ष-शासित तमिलनाडु और केरल सरकारें इस संदर्भ को ही चुनौती दे रही हैं। उनका कहना है कि यह संदर्भ असल में सरकार का है।

महिला विश्व कप के लिए टीम

### शेफाली का चयन नहीं रेणुका की हुई 'वापसी'




रेणुका सिंह ठाकुर

■ भारत-श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे मुकाबले

**मुंबई।** महिला विश्व कप 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को भारतीय महिला टीम का ऐलान कर दिया। शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिला है। हरमनप्रीत कौर कप्तान हैं जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान हैं। इस टीम में फिटनेस हासिल कर चुकी रेणुका सिंह ठाकुर की वापसी हुई है जबकि शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिला है।

सतना में लीकेज चेक कर रहे थे

### सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर फटा



■ फार्मासिस्ट के हाथ में लगी चोट

**सतना।** जिले के कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार दोपहर अचानक ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। हादसे में फार्मासिस्ट संतोष यादव घायल हो गए। धमाके की आवाज सुनकर अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। अस्पताल में उपयोग हो चुके खाली सिलेंडर रिफिलिंग के लिए भेजे जाने थे। इस दौरान फार्मासिस्ट संतोष यादव ने एक सिलेंडर में लीकेज देखा।

पं. धीरेंद्र शास्त्री ने सुनाई हनुमत कथा

### युगांडा की पीएम बोलीं- यहां बागेश्वर धाम का 'मठ' बनाएं



■ पूर्वी अफ्रीका के युगांडा दौरे पर रहे थे शास्त्री

**खजुराहो।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री पांच दिन पूर्वी अफ्रीका के युगांडा दौरे पर रहे। यहां उन्होंने प्रवासी भारतीयों को हनुमत कथा सुनाई। युगांडा की प्रधानमंत्री रोबिना नब्बान्जा से मुलाकात भी की। इस दौरान नब्बान्जा ने युगांडा में बागेश्वर धाम मठ बनाने की इच्छा जाहिर की। प्रधानमंत्री नब्बान्जा ने शास्त्री के जनकल्याणकारी कामों की सराहना की।

नेता प्रतिपक्ष सिंघार का आरोप

# वर्ष 2023 में 16 लाख मतदाता जोड़े, इसलिए 27 सीटों पर हारे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

**आरोप- मप्र में हुई 8-9 फीसदी वोटों की चोरी**



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया है कि मप्र के पिछले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने 16 लाख नए मतदाता जोड़े, इसके कारण कांग्रेस 27 सीटों में चुनाव हार गई। उन्होंने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव मे भाजपा को कांग्रेस से सिर्फ 1 फीसदी ज्यादा वोट मिले थे ।

### 625 दिन बाद याद आई कि 27 सीटें चलीं गई: सारंग



प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बिना किसी तथ्य के 27 सीटों पर हेराफेरी का आरोप लगा रहे हैं। सारंग ने सिंघार की तुलना कुंभकरण से करते हुए कहा कि 625 दिन बाद उन्हें याद आया कि वोटों में हेराफेरी हुई थी।

अंतरिक्ष में 75 टन भार ले जाने के लिए

**इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने दी जानकारी**

# 40 मंजिला ऊंचे रॉकेट पर काम कर रहा इसरो

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि इसरो 40 मंजिला ऊंची इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रहा है जो 75,000 किलोग्राम का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज सकेगा। उन्होंने कहा कि इस साल इसरो के पास एनएवीआईसी उपग्रह, एन1 रॉकेट और अमेरिकी संचार उपग्रह को लॉन्च करने की योजनाएं हैं। नारायणन ओस्मानिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। नारायणन



ने पूछा- क्या आप जानते हैं कि पहले रॉकेट की क्षमता क्या थी? डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने जो पहला लॉन्चर बनाया था, उसका वजन 17 टन था और यह 35 किलोग्राम का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज सकता था। आज हम 75 हजार किलोग्राम पेलोड भेजने वाला रॉकेट बना रहे हैं, जिसकी ऊंचाई 40 मंजिला इमारत जितनी होगी।

नारायणन ने बताया कि इसरो इस साल प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह और भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया सैन्य संचार उपग्रह जीसैट-7आर लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो मौजूदा जीसैट-7 (रुक्मिणी) उपग्रह की जगह लेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल कक्षा में भारत के 55 उपग्रह हैं, जो अगले तीन-चार वर्षों में तीन गुना बढ़ जाएंगे।

अरब सागर में बने सिस्टम से भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बदलेगा मौसम

**राजधानी में मंगलवार शाम 5 से साढ़े 8 बजे के बीच बैरागढ़ इलाके में 3 घंटे में करीब 35 मिमी बारिश हुई**

# इंदौर, उज्जैन, बैतूल, छिंदवाड़ा सहित कई जिलों में तेज बारिश से नदियों में बढ़ा पानी, आज से 24 तक झमाझम की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को सुबह से बादल-धूप का असर रहा। शाम 5 बजे से इंदौर की ओर से आए बादलों ने करीब 3 घंटे झमाझम बारिश की। तेज गरज चमक के साथ घने बादलों से शाम को ही अंधेरा छा गया। बारिश के बीच शहर के कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। अधिकांश हिस्सों में बिजली सप्लाई बाधित रही। अब डिप्रेशन बनने और छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने के साथ ही अरब सागर में बने सिस्टम से भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बुधवार से 24 अगस्त तक तेज से मध्यम बारिश की उम्मीद है।



एमपी नगर भोपाल, शाम 6 बजे का दृश्य

### 5 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट

बुधवार तक छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, डिंडोरी, नरसिंहपुर जिलों में कुछ जगह भारी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, हल्की बारिश की उम्मीद है।

### भड़ंगा नदी में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली

#### 3 युवक चट्टान पर फंसे, बचाए गए

बैतूल जिले के चोपना थाना क्षेत्र में भड़ंगा नदी में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे बटकीडोह और नारायणपुर के बीच भड़ंगा नदी के रपटे पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पानी के तेज बहाव में पलट गई। ट्रैक्टर में सवार 5 युवकों में से 2 तैरकर बाहर निकल आए, जबकि 3 युवक नदी के बीच चट्टान पर फंस गए। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से सुरक्षा उपकरण और रस्सियों का उपयोग कर नदी के बीच करीब 30 मीटर दूर चट्टान तक पहुंचकर तीनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। खरगोन के झिरन्या क्षेत्र में तेज वर्षा से नदी-नालों में बाढ़ आ गई। पुलिया पर तेज बहाव के बाद निकलते समय 27 वर्षीय कालू निवासी झिरन्या बह गया। युवक का पता नहीं चल पाया है।

## महाराष्ट्र में बारिश बनी आफत

# कोहराम....14 लोगों की मौत, मायानगरी हो गई पूरी तरह से 'जाम'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश ने लोगों की आफत बढ़ा रखी है। राज्य में लगातार हो रही बारिश और बाढ़ से अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि सैकड़ों लोगों को बचाया गया है। नांदेड़ में बादल फटने के बाद आई बाढ़ में 8लोगों की मौत हो गई। जबकि अलग-अलग घटनाओं में 6लोगों ने जान गंवा दी।

भारी बारिश के कारण बाढ़, सड़कें जाम होने और फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। रेल यातायात भी पुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही उड़ानों पर भी असर पड़ा है। लोगों को चेतावनी जारी की गई थी कि बेवजह घर से न निकलें।

सीएम फडणवीस बोले- अगले 48 घंटे बेहद अहम

नवी मुंबई सब-वे बंद, 4 से 5 फीट तक पानी जमा

वसई विरार महानगर पालिका भी जलमग्न

नालासोपारा और वसई रोड स्टेशन के बीच कई ट्रेनें प्रभावित

### 290 लोगों को बचाया, सेना तैनात : मुख्यमंत्री





सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से कहा है कि आगामी 48 घंटे बेहद अहम हैं, वे सावधानी बरतें। प्रशासन भी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। सीएम ने बताया कि नांदेड़ जिले के बाढ़ प्रभावित गांवों से 290 से अधिक लोगों को बचाया गया है। क्षेत्र में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सेना को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के कारण 12 से 14 लाख एकड़ भूमि पर लगी फसलें नष्ट हो गई हैं। मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेनें या तो धीमी हो गई हैं या देरी से चल रही हैं। मीठी नदी मुंबई में खतरे के निशान तक पहुंच गई है और 400 से 500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा है।

### नांदेड़ में बाढ़ से 8 की मौत मुंबई में 300 मिमी बारिश

नांदेड़ जिले में बादल फटने के कारण आई बाढ़ में 8लोगों की मौत हो गई। जबकि मुंबई में करीब 300 मिमी बारिश दर्ज की गई। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्थिति पर नजर रख रहे हैं। मुंबई में भारी बारिश से भी ज्यादा बारिश हुई है। कुछ इलाकों में 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई है। यह रिकॉर्ड बारिश है। इसके चलते मुंबई के कई हिस्सों में पानी जमा हो गया है।



### ठाणे में सड़कों पर तैरने लगे सांप

*महाराष्ट्र में बारिश आफत बनकर बरस रही है. मुंबई से लेकर ठाणे तक हर जगह पानी से पूरी तरह तरबतर हो चुकी है। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि भारी बारिश में सड़कों और घरों में भरे पानी में सांप तैरते नजर आ रहे हैं। दैघर गांव, जो ठाणे नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वहां कई घरों में पानी घुस गया है और गलियों में जमा पानी में सांप तैरते हुए देखे गए हैं, जिससे स्थानीय लोग सहम गए हैं।*

### बारिश को लेकर मौसम विभाग ने किया सावधान

दक्षिणी आंतरिक ओडिशा पर अवदाब के प्रभाव के कारण उत्तरी कोंकण (मुंबई सहित), दक्षिणी गुजरात और मध्य महाराष्ट्र में 19 और 20, सौराष्ट्र और कच्छ में 19-21 के दौरान और विदर्भ और उत्तरी तेलंगाना में 19 अगस्त को अत्यंत भारी वर्षा की संभावना है। प्रायद्वीपीय और आसपास के मध्य भारत में अगले 2-3 दिनों के दौरान मानसून के सक्रिय रहने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम और आसपास के पूर्वी भारत में 22 अगस्त से वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### जालंधर में महिला सहित 3 की दर्दनाक मौत




**जालंधर।** यहां एक दर्दनाक सड़क हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया। दिल्ली से आ रही पंजाब रोडवेज की एक बस जब कपूरथला रोड स्थित सेठ हुक्म चंद कॉलोनी के पास पहुंची, तभी ड्राइवर को नींद आ गई। गाड़ी सड़क के दूसरी ओर चली गई। सामने से आ रहे एक टेंपो में महिला और दो युवक सवार थे।

### प्रिंसिपल ने छात्र को पीटा, कान का पर्दा फटा



**कासरगोड।** स्कूलों में छात्रों की पिटाई की कई खबरें सामने आती रहती हैं। कई बार ये पिटाई इतनी भयानक हो जाती है कि छात्रों के मन में हमेशा के लिए खौफ भर जाता है। केरल के कासरगोड जिले से। यहां एक प्रधानाध्यापक यानी कि प्रिंसिपल ने छात्र को पीटा और उसके कान का पर्दा तक फाड़ दिया।

### भिवानी, चरखी दादरी में इंटरनेट सेवाएं बंद



**भिवानी।** हरियाणा सरकार ने 19 साल की महिला टीचर की मौत को लेकर उपजे भारी जनाक्रोश के बीच मंगलवार को भिवानी और चरखी दादरी जिलों में 48 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट, बल्क एसएमएस और डोंगल सेवाओं को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया। शांति भंग होने की आशंका के चलते फैसला लिया गया है।

### पत्नी का कत्ल कर कब्रिस्तान में दफनाया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के महरौली इलाके से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक शख्स ने पत्नी की हत्या कर दी। उसे अपनी पत्नी पर बेवफाई का शक था। हत्या के बाद उसने अपने दोस्तों की मदद से शव को कब्रिस्तान में दफना दिया। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए पति सहित 3आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## संसद से सड़क तक बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर तकरार, पक्ष- विपक्ष में वार-पलटवार

# संसद परिसर में किया विरोध प्रदर्शन सांसदों ने लगाए 'वोट चोर' के नारे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग के खिलाफ अपना हमला तेज कर दिया और संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सांसदों ने चुनाव आयुक्तों की तस्वीरों वाला एक विशाल बैनर पकड़ा था। ये लोग चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगा रहे थे। इस बैनर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और पैनल के अन्य दो निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की तस्वीर थी और उस पर 'वोट चोर' और 'मौन अदृश्य धांधली' लिखा हुआ था।

### निष्पक्ष चुनावों पर उठाए गंभीर सवाल



*कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में संसद में अपने विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने हिंदी में किए गए पोस्ट में कहा निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी से भाग नहीं सकता।इंडिया' गठबंधन ने सबूतों के साथ स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिनका जवाब निर्वाचन आयोग को विपक्ष को डराकर नहीं, बल्कि जांच करके देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों से लेकर संसद तक, मताधिकार की लड़ाई जारी है।*

### इस मुद्दे पर कर रहे चर्चा की मांग

विपक्ष का आरोप है कि निर्वाचन आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले ''मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। विपक्षी सदस्य इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं।

# राहुल ने बोला 'आयोग' पर हमला भाजपा और ईसी कर रहे वोट चोरी

एजेंसी ▶▶ नवादा

बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के तीसरे दिन राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने बिहार की सियासत में गरमाहट बढ़ा दी। राहुल गयाजी से नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने चुनाव आयोग और भाजपा पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि दोनों मिलकर लोगों के वोट चुरा रहे हैं। राहुल ने कहा कि बिहार में लाखों लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया है। चुनाव आयोग और भाजपा के बीच पार्टनरशिप है। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयुक्त मिलकर जनता से वोट छीन रहे हैं। लेकिन मैं, तेजस्वी और विपक्षी नेता वोट चोरी नहीं होने देंगे। महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश के चुनाव में भी इन लोगों ने यही किया है।

### प्रियंका ने कहा- कैसा हलफनामा



प्रियंका गाधी ने कहा कि इससे बड़ी शपथ क्या होगी जो हम लोकसभा में लेते हैं? ये जो हलफनामा मांग रहे हैं, ये बेकार की बात है। जैसे ही हलफनामा आएगा, वे कहेंगे कि ये 45 दिन बाद दिया था, इसलिए इसे रद्द कर देंगे। ये सब बकवास है, सच्चाई सबके सामने है, सच्चाई का जवाब दें। 100-100 लोग जीरो एड्रेस पर क्यों हैं, इतने लोग एक एड्रेस पर कैसे हैं?

### राहुल को बनाएंगे अगला पीएमः तेजस्वी

वोटर अधिकार यात्रा' के बीच आरजेडी के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में वे पूरी ताकत से काम करेंगे ताकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बन सकें। तेजस्वी यादव ने कहा कि मौजूदा हालात में विपक्ष को एकजुट होकर चुनाव लड़ना होगा।

## क्रिटिकल मिनरल्स संसद में पास

संसद में मंगलवार को एक बड़ा बिल पास हुआ खनिज और खनन (विकास और विनियमन) संशोधन बिल, 2025। इसका मकसद है भारत के खनन सेक्टर को ज्यादा खुला, आधुनिक और तेज-तर्रार बनाना।खासकर उन खनिजों पर फोकस रहेगा, जिन्हें "क्रिटिकल और स्ट्रैटेजिक मिनरल्स कहा जाता है। अब राज्यसभा ने भी इसे पास कर दिया, वो भी वॉयस वोट से।

### राज्य सरकार गरीबों का मकान नहीं बना रही

*शिवराज ने कहा कि हम पैसा दे रहे हैं गरीबों के घर बनाने के लिए और तमिलनाडु की सरकार मकान स्वीकृत ही नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि ये गरीबों के साथ धोखा है, पाप है, अन्याय है। शिवराज ने आगे कहा कि तीन लाख से ज्यादा मकानों के लिए पैसा दिया जा चुका है, लेकिन मकानों के निर्माण पूरे ही नहीं हुए हैं।*

### भाजपा ने किया विपक्ष के नेता पर बड़ा हमला

#### राहुल झूठ की दुकान चला रहे

भाजपा नेता गौरव भाटिया ने राहुल पर करारा हमला बोला है। सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी मतदान को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। गौरव ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की दुकान/शोरूम चला रहे हैं, मोहब्बत की दुकान नहीं।

#### 19 दिन बाद भी नहीं मिली आपत्ति, 13 दिन शेष

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा, 19 दिन में एसआईआर पर किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई दावा या आपत्ति दर्ज नहीं की गई है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए अब केवल 13 दिन बचे हैं।

## बिहार में वोट कटने की कहानी निकली झूठीः बोली महिला

पटना/रोहतास। राहुल गांधी से मुलाकात कर वोट कटने की शिकायत करने वाली महिला रंजू देवी के दावे की हकीकत सामने आ गई है। रंजू देवी और उनके परिवार का नाम मतदाता सूची में मौजूद है। रंजू देवी ने बताया कि उनके वार्ड सचिव ने कहा था कि उनका और उनके परिवार का नाम मतदाता सूची में नहीं है। इसे राहुल गांधी को बता दो।

### राहुल की गाड़ी के नीचे आया पुलिसकर्मी

*वोटर अधिकार यात्रा तीसरे दिन नवादा पहुंची। हालांकि, इस दौरान राहुल की गाड़ी के नीचे सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी आ गया। वहां पर मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने जल्दी से खींचकर पुलिसकर्मी को बाहर निकाला। राहुल ने फिर जवान से उसका हालचाल पूछा। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।*

### महाराष्ट्र में वोटर बढ़े, विवाद निकला झूठा

#### संजय ने डेटा को गलत बताकर मांगी माफी

लोकनीति-सीएसडीएस के को-डायरेक्टर और जाने-माने चुनाव विश्लेषक संजय कुमार ने एक्स पर 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच महाराष्ट्र के दो विधानसभा क्षेत्रों नासिक पश्चिम और हिंगना में मतदाताओं की संख्या में भारी बढ़ोतरी की जानकारी दी थी। अब उन्होंने गलती के लिए माफी मांगी है।

#### भाजपा ने कहा- लापरवाही की, झूठे बयान दिए

भाजपा ने संजय की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें 'लापरवाह' बताया और उन पर चुनावी धोखाधड़ी के विपक्ष के दावे को हवा देने का आरोप लगाया। अमित मालवीय ने कहा है कि यह कोई ईमानदार गलती नहीं थी। गलत आंकड़े जारी कर दिए। हम इन्हें चुटकी भर नहीं, बल्कि नमक की बोरी की तरह लें।

## सिंधु जल संधि पर पीएम ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# देशहित को छोड़ पं. नेहरु ने अपनी ही छवि चमकाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में एनडीए की बैठक हुई, जिसमें एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को सम्मानित किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने सीपी राधाकृष्णन के सार्वजनिक जीवन की तारीफ करते हुए विपक्षी समेत सभी पार्टियों से अपील की कि राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुना जाए। पीएम मोदी ने सिंधु जल संधि के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की आलोचना भी की।

पीएम मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने देश की संसद और अपनी कैबिनेट को भी भरोसे में लिए बगैर पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। पीएम मोदी ने कहा कि 'पंडित नेहरू ने देश हित की कीमत पर अपनी छवि चमकाई और देश 80 फीसदी से ज्यादा पानी को पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी।



### मोदी सरकार ने समझौते को स्थगित किया

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी सरकार ने सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार उस समय की सरकारों द्वारा किए गए पापों को साफ कर रही है। उन्होंने कहा कि नेहरू ने कहा था कि इस समझौते (सिंधु जल समझौते) से भारत-पाकिस्तान के बीच के अन्य मुद्दों और विवादों को हल करने में मदद मिलेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।*

### राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति बनना देश के लिए खुशी की बात होगीः रिजिजू



*संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि पीएम मोदी ने सभी पार्टियों से अपील की है कि वे सीपी राधाकृष्णन को समर्थन दें ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि वे निर्विरोध उपराष्ट्रपति पद पर निर्वाचित हो सकें। रिजिजू ने कहा कि राधाकृष्णन का जीवन बेहद सरल और किसी भी विवाद से दूर रहा है। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति पद पर चुना जाना पूरे देश के लिए खुशी की बात होगी। भाजपा नीत एनडीए के पास संसद में बहुमत है।*

कर्नाटक हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी की

# महिला पर भी लग सकता है पॉक्सो, याचिका की खारिज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट को लेकर अहम टिप्पणी की है। अदालत ने कहा है कि यह कानून जेंडर न्यूट्रल है और इसके तहत एक महिला पर भी आरोप लगाए जा सकते हैं।

अदालत एक अधेड़ महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसपर 13 साल के बच्चे के साथ साल 2020 में शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगे हैं। कोर्ट ने आरोपी महिला की याचिका को खारिज कर दिया है।

### सभी पर लगेगी समान धारा



अदालत ने इस तर्क को मानने से इनकार कर दिया कि यौन हिंसा या बलात्कार के आरोप एक महिला पर नहीं लग सकते। कोर्ट ने कहा है कि पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 यह साफ बताते हैं कि जो भी, एक नाबालिग को पेनेट्रेटिव या अन्य यौन गतिविधियां करने के लिए मजबूर करता है, तो वह अपराधी है। कोर्ट ने कहा है कि प्रावधान की भाषा साफ करती है कि इसमें सभी शामिल हैं। घटना साल 2020 की हैं। तब आरोपी महिला की उम्र 48 और पीड़ित लड़के की उम्र करीब 13 साल थी। लड़के के पड़ोस में रहने वाली आरोपी महिला उसकी मां के जरिए नाबालिग के संपर्क में आई थी। पीड़ित की मां उसे पड़ोसी महिला के घर पर भेजती थी, ताकि वह इंस्टाग्राम पर उसकी पेंटिंग्स पोस्ट करने में मदद कर सके। खबर है कि महिला ने ही इसके लिए रिक्वेस्ट की थी।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मिली कई परियोजनाओं को मंजूरी

# कोटा-बूंदी में एयरपोर्ट, ओडिशा में 6 लेन की रिंग रोड बनेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनैट की बैठक में मंगलवार को कई बड़े फैसले लिए गए। सरकार ने राजस्थान के कोटा-बूंदी में 1507 करोड़ की लागत से नया हवाई अड्डा बनाने का एलान किया है। केंद्रीय कैबिनेट ने ओडिशा के कटक और भुवनेश्वर में छह लेन की एक्सेस-नियंत्रित रिंग रोड बनाने की भी मंजूरी दे दी है।

इस परियोजना पर 8,307 करोड़ की लागत आएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को कुल 9,814 करोड़ की परियोजनों को अपनी मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी है।

*केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी*



### हवाई अड्डे के लिए मुफ्त में जमीन देगी राजस्थान सरकार

वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने मंगलवार को राजस्थान के कोटा-बूंदी में 1,507 करोड़ की अनुमानित लागत से एक नया हवाई अड्डा स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। वैष्णव ने कहा कि ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की ओर से वित्त पोषित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे के लिए 1,089 एकड़ जमीन राजस्थान सरकार मुफ्त में उपलब्ध कराएगी। नए हवाई अड्डे की क्षमता प्रति वर्ष 20 लाख यात्रियों को संभालने की होगी। वैष्णव ने कहा कि हवाई अड्डा क्षेत्रीय संपर्क में उल्लेखनीय सुधार करेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। एएआई इस परियोजना का वित्तपोषण अपने आंतरिक स्रोतों से करेगा और इसके 24 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है।

### ओडिशा की रिंग रोड परियोजना पर खर्च होंगे 8308 करोड़

*वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा में हाइब्रिड एन्युटी मोड (एचएएम) पर छह लेन की एक्सेस-कंट्रोल्ड कैपिटल रीजन रिंग रोड (भुवनेश्वर बाईपास) के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसकी कुल पूंजी लागत 8,307.74 करोड़ रुपये होगी। वर्तमान में, मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामेश्वर और तांगी के बीच संपर्क अत्यधिक शहरीकृत शहरों खोरधा, भुवनेश्वर और कटक से होकर गुजरने वाले उच्च यातायात के कारण काफी भीड़भाड़ का सामना करता है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, 110 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को 6-लेन वाले प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है।*

### माल ढुलाई की दक्षता बढ़ेगी, रसद लागत घटेगी

बयह परियोजना कटक, भुवनेश्वर और खोरधा शहरों से भारी वाणिज्यिक यातायात को हटाकर ओडिशा और अन्य पूर्वी राज्यों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगी। इससे माल ढुलाई की दक्षता बढ़ेगी, रसद लागत कम होगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-55, एनएच-57 और एनएच-655) और एक राज्य राजमार्ग (एसएच-65) से जुड़ा है। यह ओडिशा में प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और रसद नोड्स को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

## शीर्ष अदालत ने माना बाल विवाह नहीं

# 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को सुप्रीम कोर्ट ने बताया सही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को सही ठहराया है। उसे और उसके 30 वर्षीय पति को संरक्षण दिए जाने के हाई कोर्ट के फैसले को भी बरकरार रखा है।सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को भी फटकार लगाई है।

आयोग ने इस लड़की की उम्र का हवाला देते हुए शादी पर सवाल उठाया था और इसे पॉस्को का उल्लंघन बताया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर सहमति जताई, जिसमें कहा गया था कि अगर लड़की 15 साल की उम्र पार कर चुकी है तो मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार वह मनपसंद व्यक्ति से शादी कर सकती है। इससे बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पॉस्को) के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होता। हाई कोर्ट ने आशियाना, उसके पति जावेद और उसके बच्चे को सुरक्षा दी थी ताकि पारिवारिक सदस्यों समेत धमकी देने वाले सभी लोगों से उनकी हिफाजत हो सके।

## हिमाचल में बरसात का कहर जारी

# चौहारघाटी में तबाही, लगघाटी में फटा बादल, शिमला के बैनमोर में भूस्खलन से भवनों पर मंडराया खतरा

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में बरसात का कहर लगातार जारी है। राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें बंद हैं। कई इलाकों में बिजली-पानी की आपूर्ति ठप है। भारी बारिश से राजधानी शिमला में भी कई जगह भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। शिमला शहर के बैनमोर वार्ड के राजभवन क्षेत्र में देर रात भारी भूस्खलन के चलते सड़क ठप हो गई। इस मामले में सरकारी व निजी मिलाकर 10 से ज्यादा भवनों पर खतरा मंडराने लगा है। इस भूस्खलन में फंसे 40 से ज्यादा लोगों को प्रशासन ने रात के समय ही सुरक्षित निकाल कर दूसरे स्थानों में शिफ्ट कर दिया था। मंगलवार सुबह महापौर सुरेंद्र चौहान समेत नगर निगम और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य का जायजा लिया। वहीं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी सुबह मौके पर नुकसान का जायजा लिया।

**10 से ज्यादा भवन खाली करवाए गए**

**नेता प्रतिपक्ष ने नुकसान का लिया जायजा**

*राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें बंद हैं। कई इलाकों में बिजली-पानी की आपूर्ति ठप है। भारी बारिश से राजधानी शिमला में भी कई जगह भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं*





### लगघाटी के कड़ौन गांव में बादल फटा

कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ सटी लगघाटी की ग्राम पंचायत चौपाड़सा के कड़ौन गांव में बादल फटने सूचना है। इससे पंचायत के करीब 15 परिवारों की कई बीघा कृषि योग्य भूमि बह गई है। इसके अलावा पंचायत में दो मकान, दो बस योग्य पुल और तीन दुकानें भी बह गईं। भूभू जोत में बादल फटने से भूभू नाला का जलस्तर बढ़ गया, जिससे लगघाटी में तबाही मची। इससे सरवरी खड्ड भी उफान पर है। रूजग और तेलंग में दो पुल बह गए। इससे दुर्गम चार पंचायतों का संपर्क कट गया है। भूतनाथ ब्रिज को जोड़ने वाली सड़क का 50 मीटर से अधिक हिस्सा बह गया है।



### कठुआ में बचाव अभियान जारी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रविवार को बादल फटने के बाद से रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। राइजिंग स्टार कोर के जवान, पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर परिवारों को बचाने, उन तक खाने की चीजें और मेडिकल देखभाल उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहे हैं। कठुआ थाना क्षेत्र के बगड़ और चंगड़ा गांवों और लखनपुर थाना क्षेत्र के दिलवां-हुटली में भी भूस्खलन की घटनाएं हुई, लेकिन किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। भारी बारिश के चलते उझ नदी खतरे के निशान के पास बह रही है। कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है और बाढ़ का पानी घरों और दुकानों के अंदर घुस गया है।

### भट्टाकुफर फल मंडी में दरकी पहाड़ी

शिमला के भट्टाकुफर में स्थित फल मंडी में मंगलवार सुबह 8:30 अचानक पहाड़ी दरकना शुरू हुई। इस दौरान मंडी में कारोबार चल रहा था।

### चौहारघाटी में अचानक बाढ़ से नुकसान

*मंडी जिले के पधर उपमंडल के तहत आने वाली दुर्गम चौहारघाटी में बीते सोमवार रात और मंगलवार सुबह हुई भारी बारिश के कारण व्यापक नुकसान हुआ है। घाटी की दो पंचायतें अधिक प्रभावित बताई जा रही हैं, जिसमें शिल्हबुधाणी और तरस्वाण शामिल हैं। 6 फीट चौड़ा ब्रिज, एक वाहन, एक दुकान और सैकड़ों बीघा में लगाई फसल पानी के तेज बहाव के साथ बह गई। किसी प्रकार का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।*

### किन्नौर कैलाश यात्रा अगले साल तक बंद

*जिला उपायुक्त डॉक्टर अमित कुमार शर्मा ने बताया कि किन्नौर कैलाश यात्रा 2025 के दौरान लगातार बारिश, भूस्खलन, धुंध और मौसम की अन्य परिस्थितियों के कारण यात्रा मार्ग अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है। तात्कालिक खतरे को देखते हुए प्रशासन किन्नौर ने किन्नौर कैलाश यात्रा को तत्काल प्रभाव से इस वर्ष के लिए बंद किया है।*

## खबर संक्षेप

### जयशंकर 21 अगस्त तक रूस दौरे पर रवाना हुए



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को रूस के लिए रवाना हुए। वे रूस के प्रथम डिप्टी पीएम डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर 19 से 21 अगस्त तक आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। वे 20 अगस्त को होने वाली भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की 26वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे, जो व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर केंद्रित होगी। वे रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मुलाकात करेंगे।

### सिएटल में पहली 'इंडिया डे परेड' का हुआ आयोजन



**सिएटल।** 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत सिएटल में पहली बार 'इंडिया डे परेड' आयोजित की गई। इस दौरान 28 राज्यों का प्रतिनिधित्व करते 30 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए। हर स्टॉल पर संबंधित राज्य के एक जिला एक उत्पाद के तहत चुने गए उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा, इन उत्पादों के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को भी दर्शाया गया। साथ ही, कई विषयों पर आधारित खास प्रदर्शनियां भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं।

## रूसी विदेश मंत्री की ईयू को फटकार

# यूरोपीय देश सीजफायर के पक्ष में, नहीं होने देंगे शांति समझौता



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

अलास्का में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन की बैठक के बाद यूक्रेन में शांति समझौते को लेकर अमेरिका में चर्चाओं का दौर जारी है। व्हाइट हाउस में ट्रंप-जेलेंस्की के साथ-साथ यूरोपीय देशों के कई नेताओं की मीटिंग हुई, जिसमें यूक्रेन युद्ध को लेकर चर्चा हुई। व्हाइट हाउस में मीटिंग के बाद रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ की और यूरोपीय नेताओं पर जमकर निशाना साधा।

लावरोव के अनुसार, ट्रंप शांति समझौता चाहते हैं, जो लंबे समय तक हो, जबकि यूरोपीय देश सीजफायर के पक्ष में है। सर्गेई लावरोव ने कहा कि अलास्का में व्लादिमीर पुतिन के साथ ट्रंप की बैठक का माहौल बहुत अच्छा था। यह स्पष्ट था कि अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी टीम ईमानदारी से इस युद्ध को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। वे ऐसा परिणाम चाहते हैं जो लंबे समय के लिए, टिकाऊ और विश्वसनीय हो।

### दो हफ्तों में मिलेंगे पुतिन-जेलेंस्की

ट्रंप और जेलेंस्की के बीच हुई अहम बैठक के बाद जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जेलेंस्की के साथ बैठक के लिए राजी करने का श्रेय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दिया। जर्मन चांसलर ने कहा कि बैठक किस जगह पर होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। इसी बैठक के लिए पुतिन ने ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत के दौरान सहमति जताई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूसी राष्ट्रपति से फोन पर बात की और इस बात पर सहमति जताई गई कि अगले दो हफ्तों में रूसी राष्ट्रपति और यूक्रेनी राष्ट्रपति के बीच एक बैठक होगी। मर्ज ने कहा कि ट्रंप ने बाद में एक और त्रिपक्षीय बैठक का निमंत्रण देने पर सहमति जताई है, ताकि बातचीत वास्तव में शुरू हो सके। ट्रंप इस बात से प्रभावित हैं कि यूरोपीय देश एकजुट हैं।

### टी शर्ट और ट्राउजर में नजर आते हैं जेलेंस्की

*यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की साधारण ऑलिव ग्रीन या मिलिट्री ग्रीन टी-शर्ट और ट्राउजर में ही नजर आते हैं। यह ड्रेस अक्सर सेना के जवानों और युद्ध के मैदान में काम करने वाले लोगों से जुड़ी होती है। जेलेंस्की यह दिखाना चाहते हैं कि वो अपने सैनिकों और देशवासियों से अलग नहीं हैं।*

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मिले चीनी विदेश मंत्री वांग यी

**पीएम मोदी की चीन यात्रा को लेकर हुई बात**

# दोनों ने सीमा पर शांति, सौहार्द और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक के दौरान एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि एक सकारात्मक रुख देखने को मिला है। सीमा पर शांति है। सौहार्द बना हुआ है। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत हुए हैं। हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं

भारत दौरे पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के बीच मंगलवार को अहम बैठक हुई। इस दौरान डोभाल ने कहा कि सीमा पर शांति और सौहार्द बना हुआ है। मुझे उम्मीद है कि विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता सफल होगी। पीएम नरेंद्र मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन का दौरा करने वाले हैं। इसलिए आज की वार्ता बहुत महत्वपूर्ण है।

चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक के दौरान एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि एक सकारात्मक रुख देखने को मिला है। सीमा पर शांति है। सौहार्द बना हुआ है। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत हुए हैं।

हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने पिछले अक्तूबर में कजान में एक नया रुख स्थापित किया और तब से हमें काफी फायदा हुआ है। जो नया माहौल बना है, उससे हमें उन विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने में मदद मिली है, जिन पर हम काम कर रहे हैं।

**खास बातें**

- विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे दोनों देश
- सकारात्मक रुख देखने को मिला है



### सीमाओं पर स्थिरता बहाल होने से खुशी

चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि सीमाओं पर अब जो स्थिरता बहाल हुई है, उसे देखकर हमें बहुत खुशी हो रही है। पिछले साल के अंत में विशेष प्रतिनिधियों की 23वें दौर की वार्ता बहुत अच्छी रही। उस बैठक में हम मतभेदों के समाधान, सीमाओं को स्थिर करने और समाधान की दिशा में आगे बढ़ने पर एक नई और महत्वपूर्ण सहमति पर पहुंचे। हमने विशिष्ट लक्ष्यों की पहचान की और एक कार्यशील ढांचा तैयार किया। सीमाओं पर अब जो स्थिरता बहाल हुई है, उसे देखकर हमें बहुत खुशी हो रही है। मैं भारतीय पक्ष के विशेष प्रतिनिधि के रूप में आपके (अजीत डोभाल) प्रयासों की सराहना करता हूं। अब द्विपक्षीय संबंधों में सुधार और विकास का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### प्रतिनिधि स्तर की वार्ताएं महत्वपूर्ण

एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछली वार्ता की तरह यह 24वीं विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता भी उतनी ही सफल होगी। हमारे पीएम जल्द ही एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए भारत आएंगे। इसलिए मुझे लगता है कि ये विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ताएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह हमारे राजनयिक संबंधों का 75वां वर्ष है। हम पाते हैं इस नई ऊर्जा और नई गति के साथ आपके व्यक्तिगत प्रयासों और परिपक्वता और देशों में हमारे राजनयिक दल और हमारे मिशनों, यहां हमारे राजदूतों और सीमाओं पर हमारी सेनाओं के प्रति जिम्मेदारी की भावना के साथ हम इस बार इसे हासिल करने में सक्षम रहे हैं।

### सीमा विवाद के समाधान का हल निकालें

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि सीमा विवाद पर चीन और भारत के विशेष प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के इस दौर के लिए नई दिल्ली में एनएसए डोभाल से फिर मिलकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में हमें जो असफलताएं झेलनी पड़ीं, फिर पिछले साल अक्तूबर में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच कजान में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। उस बैठक ने हमारे द्विपक्षीय संबंधों के विकास की दिशा तय की और सीमा विवाद के उचित समाधान के लिए प्रोत्साहत किया।

### पीएम मोदी की यात्रा को चीन बहुत महत्व देता है

चीन के विदेश मंत्री यी ने कहा कि चीन एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा को बहुत महत्व देता है। यह यात्रा हमारे ही न्योते पर हो रही है। हमारा मानना है कि भारतीय पक्ष भी तियानजिन में एक सफल शिखर सम्मेलन में योगदान देगा। इतिहास और वास्तविकता एक बार फिर साबित करती है कि एक स्वस्थ और स्थिर चीन-भारत संबंध हमारे दोनों देशों के मौलिक और दीर्घकालिक हितों की पूर्ति करता है। यह वही है, जो सभी विकासशील देश देखना चाहते हैं।

## दिव्यांग लोगों की मदद के लिए बढ़ाए हाथ

# गुयाना में 'कृत्रिम अंग कैंप' का भारत ने किया आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैरिबियाई क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, भारत सरकार ने इस क्षेत्र में कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने का वादा पूरा किया है। भारतीय कंपनी 'कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड' ने गुयाना के स्वास्थ्य मंत्रालय और कैरिबियन समुदाय (कैरिकॉम) सचिवालय के सहयोग से सोमवार (स्थानीय समयानुसार) गुयाना की राजधानी



जॉर्ज टाउन स्थित टॉलेमी रीड रिहैबिलिटेशन सेंटर में एक कृत्रिम अंग दान और फिटमेंट कैंप का शुभारंभ किया। जॉर्जटाउन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा समर्थित यह पहल कैरिबियन क्षेत्र में भारत-गुयाना मैत्री और जन-केंद्रित कूटनीति का प्रमाण है।

## आईसीएमआर अध्ययन को डब्ल्यूएचओ ने दी वैश्विक मान्यता

**2800 टीबी मरीजों और उनके परिवारों पर की स्टडी**

# भोजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति टीबी बीमारी रोकने में बेहद असरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की एक अहम अध्ययन ने यह साबित किया है कि बेहतर पोषण टीबी (क्षयरोग) मरीजों और उनके परिवारों पर सकारात्मक असर डालती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ ) ने इस अध्ययन की सराहना करते हुए इसे अपनी वैश्विक टीबी नियंत्रण गाइडलाइन में शामिल कर लिया है। यह उपलब्धि भारत के लिए वैश्विक स्वास्थ्य नीति में एक महत्वपूर्ण योगदान मानी जा रही है।

### 6 माह तक प्रतिदिन प्रोटीन दिया

शोध में बताया गया कि दोनों समूहों के टीबी मरीजों को 6 महीने तक प्रतिदिन 1200 किलो कैलोरी और 52 ग्राम प्रोटीन के साथ सूक्ष्म पोषक तत्व दिए गए।



लेकिन हस्तक्षेप (इंटरवेंशन) समूह में उनके परिवारों को भी हर महीने 750 किलो कैलोरी और 23 ग्राम प्रोटीन के साथ सूक्ष्म पोषक तत्व प्रदान किए गए। वहीं नियंत्रण समूह में केवल रोगियों को ही यह आहार मिला। सभी प्रतिभागियों की बीमारी की शुरुआत में जांच की गई और इसके बाद 31 जुलाई 2022 तक उन्हें फॉलो-अप किया गया।

### अध्ययन दुनिया का पहला रैंडमाइज्ड ट्रायल

*आईसीएआर का यह अध्ययन दुनिया का पहला रैंडमाइज्ड ट्रायल है जिसने यह दिखाया कि पोषण समर्थन से घर-परिवार के अन्य लोगों में टीबी संक्रमण के मामलों में 39-48 प्रतिशत तक की कमी आई।*

## विदेश मंत्रालय ने उजागर की सच्चाई

# झूठी है निमिषा की फांसी रोकने के लिए पैसे जुटाने की मुहिम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन में मौत की सजा पाने वाली निमिषा प्रिया के नाम से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया जा रहा है। इस पोस्ट में एक पोस्टर पर निमिषा प्रिया को बचाने के लिए पैसे दान करने की मांग की जा रही है। विदेश मंत्रालय की फैक्ट चेक इकाई ने इस दावे को खारिज कर दिया है।

दरअसल सोशल मीडिया पर डॉ. के.ए. पॉल नाम के एक एक्स अकाउंट से इस पोस्टर को शेयर किया गया है। इनका पूरा नाम किलारी आनंद पॉल है। पॉल एक ईसाई धर्म प्रचारक हैं। इनके एक्स पर 20 हजार से ज्यादा




फॉलोअर्स हैं। फेसबुक पर इनके मिलियन में फॉलोअर्स हैं। बता दें, भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में मौत की सजा सुनाई गई है।

केरल की इस नर्स पर जुलाई 2017 में यमन के एक नागरिक की हत्या करने का आरोप है। 38 वर्षीय भारतीय महिला को 16 जुलाई को फांसी दी जानी थी।



### न्यूयॉर्क और वर्जिनिया में फायरिंग, 5 की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में रविवार और सोमवार को दो अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं ने दहशत फैला दी। न्यूयॉर्क सिटी और वेस्ट वर्जीनिया में हुई इन घटनाओं में कुल पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। वहीं न्यूयॉर्क सिटी में हुई वारदात में दो फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है। न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन इलाके के 'टेस्ट ऑफ द सिटी लाउंज' बार में रविवार सुबह हुई फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो हमलावर भी शामिल थे।

## विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कहा

**आपके शब्दों, कार्यों और मूल्यों में दुनिया भारत को देखेगी**

# आप भारत का पहला चेहरा, देश की आत्मा बनकर करें कार्य

*हृदय और आत्मा से बने संबंध हमेशा मजबूत होते हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारतीय विदेश सेवा (2024 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने अधिकारियों को भारतीय विदेश सेवा में शामिल होने के लिए बधाई दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने अनुरोध करते हुए कहा कि आप हमारे सभ्यतागत ज्ञान के मूल्यों (शांति, बहुलवाद, अहिंसा और संवाद) को अपने साथ लेकर चलें। साथ ही, अपने सामने आने वाली हर संस्कृति के विचारों, लोगों और दृष्टिकोणों के प्रति खुले रहें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उन्हें अपने सामने आने वाली हर संस्कृति के विचारों, लोगों और दृष्टिकोणों के प्रति खुला रहना चाहिए।



**भारत के हितों के संरक्षक**

*राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे कूटनीतिक प्रयास हमारी घरेलू आवश्यकताओं और 2047 तक विकसित भारत बनने के हमारे उद्देश्य के साथ निकटता से जुड़े होने चाहिए। राष्ट्रपति ने युवा अधिकारियों से आग्रह किया कि वे स्वयं को न सिर्फ भारत के हितों का संरक्षक समझें, बल्कि उसकी आत्मा का राजदूत भी समझें।*

### विश्व की चुनौतियों के समाधान का भारत अनिवार्य हिस्सा

*राष्ट्रपति ने कहा कि आसपास की दुनिया भू-राजनीतिक बदलावों, डिजिटल क्रांति, जलवायु परिवर्तन और विवादित बहुपक्षवाद के संदर्भ में तेजी से बदलाव देख रही है। युवा अधिकारियों के रूप में आपकी चपलता और अनुकूलनशीलता हमारी सफलता की कुंजी होगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक उत्तर और दक्षिण के बीच असमानता से उत्पन्न समस्याएं हों, सीमापार आतंकवाद का खतरा हो या जलवायु परिवर्तन के निहितार्थ हों, भारत विश्व की प्रमुख चुनौतियों के समाधान का एक अनिवार्य हिस्सा है। भारत न सिर्फ विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि एक निरंतर उभरती हुई आर्थिक शक्ति भी है। हमारी आवाज का महत्व है।*

### सांस्कृतिक कूटनीति भी महत्वपूर्ण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राजनयिकों के रूप में, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी भारत का पहला चेहरा होंगे जिसे दुनिया उनके शब्दों, कार्यों और मूल्यों में देखेगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में सांस्कृतिक कूटनीति भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हृदय और आत्मा से बने संबंध हमेशा मजबूत होते हैं। चाहे वह योग हो, आयुर्वेद हो, श्रीअन्न हों या भारत की संगीत, कलात्मक, भाषाई और आध्यात्मिक परंपराएं हों, अधिक रचनात्मक और महत्वाकांक्षी प्रयास इस विशाल विरासत को विदेशों में प्रदर्शित और प्रचारित करेंगे।

## आईएमएफ से कर्ज लेकर फंसा पाकिस्तान

# केंद्रीय बैंक पर नहीं रह पाएगा सरकार का अब नियंत्रण, अन्य कई शर्तें थोपीं

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

आईएमएफ से कर्ज लेकर पाकिस्तान फंस गया है। दरअसल, आईएमएफ ने पाकिस्तान को कर्ज की नई किस्त जारी करने के लिए कुछ ऐसी शर्त रख दी है, जिससे पाकिस्तान की सरकार अपने ही केंद्रीय बैंक की निगरानी नहीं कर पाएगी और पाकिस्तानी सरकार का अपने केंद्रीय बैंक पर नियंत्रण कम हो जाएगा।

आईएमएफ ने पाकिस्तान से केंद्रीय बैंक के बोर्ड से वित्त सचिव को हटाने को कहा है और साथ ही वाणिज्यिक बैंकों के निरीक्षण का आदेश देने के संघीय सरकार के




अधिकार को रद्द करने के लिए कानून में संशोधन की भी मांग की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त सचिव को निदेशक मंडल से हटाने के लिए एसबीपी अधिनियम में संशोधन की सिफारिश की है। साथ ही आईएमएफ ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) में डिप्टी गवर्नर के दो रिक्त पदों को तुरंत भरने को भी कहा है।

# कानून व्यवस्था, सिंहस्थ के लिए प्रदेश में 22,500 पुलिस कर्मियों की होगी भर्ती

## हर वर्ष होगी 7500 रिक्त पदों पर भर्ती, तीन वर्ष तक होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था और सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत आने वाले 3 वर्षों में पुलिस विभाग में 22500 पदों पर भर्ती की जाएगी। अभी तक पुलिस विभाग में भर्तियां कर्मचारी चयन मंडल की ओर से होती हैं। पुलिस को जल्द से जल्द मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अब मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड' का गठन किया जाएगा।

यही बोर्ड पुलिस की भर्तियां करेगा। इससे पुलिस भर्ती में तेजी, पारदर्शिता और परफेक्शन आएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा से युवाओं में खासा उत्साह है और वे इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दे रहे हैं।

### वर्ष 2025 के लिए 'कर्मचारी चयन मंडल' करेगा भर्ती



मुख्यमंत्री डॉ. ने कहा कि वर्ष 2025 के लिए पुलिस में स्वीकृत पदों की भर्ती 'मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड' की ओर से 'कर्मचारी चयन मंडल' करेगा। वर्ष 2026 से ये भर्तियां 'पुलिस भर्ती बोर्ड' से ही की जाएगी। प्रतिवर्ष पुलिस के रिक्त 7500 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस प्रकार आगामी 3 वर्ष में पुलिस विभाग के सभी रिक्त 22,500 पद भर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह विभाग से जुड़ी सभी सेवाओं के आधुनिकीकरण एवं भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए शीघ्र ही गृह एवं वित्त विभाग की संयुक्त बैठक कर सभी लंबित मामलों का समुचित समाधान कर लिया जाएगा।

*मुख्यमंत्री के निर्णय से युवाओं में खासा उत्साह, आगामी वर्ष से पुलिस में भर्तियां करेगा पुलिस भर्ती बोर्ड*

**एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण दिए जाने की घोषणा**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस, जेल और नगर सेवा एवं सुरक्षा तीनों विभागों के शहीदों की विधवाओं और बच्चों के लिए स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियां में एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण दिए जाने की घोषणा भी की है। वीवीआइपी ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों सहित उप पुलिस अधीक्षक और इससे उच्च अधिकारियों को भी पात्रता अनुसार निर्धारित विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता दिए जाने का निर्णय भी लिया गया है। पुलिस विभाग को दी जा रही इन सहुलियतों से विभाग की कार्यप्रणाली में सक्रियता आएगी और अधिकारी एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, जिससे प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और आमजन को सुरक्षा कवच मिलेगा।*

**दिल्ली में 20 सितंबर को दिया जाएगा**

# मप्र के आयुष विभाग को मिलेगा प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड 2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के आयुष विभाग को प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड 2025 के लिए चुना गया है। यह सम्मान 'आयुष ई-मॉनिटरिंग सिस्टम' परियोजना के सफल क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट परिणामों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह अवॉर्ड तीन चरणों की विस्तृत प्रस्तुतियों और दो चरणों की सार्वजनिक डिजिटल वोटिंग के बाद प्रदान किया जाएगा, जो इस उपलब्धि की पारदर्शिता और गुणवत्ता को और अधिक प्रमाणित करता है।

स्कॉच अवॉर्ड का वितरण समारोह 20 सितम्बर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्कॉच समिट के दौरान किया जाएगा। इस उपलब्धि पर आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार तथा प्रमुख सचिव आयुष विभाग डीपी आहूजा ने आयुष विभाग को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड 2025 प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि कठोर निगरानी और मूल्यांकन के लिए हर केंद्र के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा की वजह से अवॉर्ड के लिए चुना गया है। इसमें अनुभव साझा करना एवं श्रेष्ठ प्रथाओं को बढ़ावा देना प्रमुख रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष ई-मॉनिटरिंग ने पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत किया है। राज्य के स्वास्थ्य तंत्र में आयुष चिकित्सा की सुलभता और गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### आयुष ई-मॉनिटरिंग का मुख्य उद्देश्य

प्रदेश के आयुष चिकित्सालयों और चिकित्सा महाविद्यालयों में ओपीडी (आउट पेशेंट विभाग) में अधिकतम वृद्धि करना, अधिक से अधिक नागरिकों को आयुष सुविधा कवरेज में लाने, लोगों को स्वस्थ एवं रोगमुक्त बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण आयुष सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आयुष विभाग ने कई नवाचार अपनाए है। इसके लिए प्रत्येक माह दो बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिग सभी आयुष विकित्सा अधिकारियों एवं आयुष मेडिकल कॉलेजों के साथ अनुभव साझा किए। इसके साथ ही समस्याओं का समाधान किया गया।

### स्कॉच अवॉर्ड के लिए विभाग ने यह भी किया

प्रत्येक आयुष सुविधा की रैंकिंग को प्रकाशित किया गया। प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार कर गुणवता बढ़ाने पर काम हुआ। आयुष अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना अस्पतालों और कॉलेजों में आधुनिक सुविधाओं का विकास किया गया। इस कार्य के लिए अपर सचिव आयुष विभाग संजय मिश्रा ने सतत निगरानी एवं समन्वय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद यह पुरस्कार संभव हो गया। बताते हैं कि उनके प्रयासों से ई-मॉनिटरिंग सिस्टम के सभी घटकों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ, जिससे राज्यभर में आयुष सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार हुआ है। मंत्री परमार ने कहा कि अवॉर्ड प्राप्त करना मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है।

## मुख्यमंत्री के प्रयासों से जीआईएस में हुए एमओयू को मिला ठोस स्वरूप

# जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने मप्र में एआई अनुसंधान एवं विकास के मौके तलाशे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर स्थित इन्फोबीन्स कैंपस में सोमवार को एमपी-ग्लोबल इनोवेशन एवं अनुसंधान और विकास एक्सचेंज प्रोग्राम-2025 की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। पांच दिवसीय इस आयोजन के प्रथम दिवस पर जर्मन व्यवसायिक प्रतिनिधिमंडल ने कॉर्पोरेट इंटरैक्शन की श्रृंखला में भाग लिया और मध्यप्रदेश में नवाचार तथा अनुसंधान और विकास की संभावनाओं का गहन अवलोकन किया।

यह कार्यक्रम एमपीआईडीसी और जर्मन-इंडिया इनोवेशन कोर (जीआईआईसी) के बीच हुए समझौते का ठोस स्वरूप है, जिसे इन्क्यूबेशन मार्क्स के सहयोग से आयोजित किया गया। नवंबर 2024 में मुख्यमंत्री की जर्मनी यात्रा तथा भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के दौरान हुए इस एमओयू ने द्विपक्षीय सहयोग को नए आयाम दिए हैं। इसके तहत जर्मन निवेशकों को मध्यप्रदेश में प्रमुख निवेश स्थान के रूप में आकर्षित करने, नवाचार और अनुसंधान को सशक्त बनाने तथा तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

**इंदौर में विकास एक्सचेंज प्रोग्राम-2025 की उत्साहपूर्ण माहौल में शुरुआत**

**भारतीय और जर्मन दृष्टिकोण विषयों पर फायरसाइड चैट आयोजित की गई**



### जर्मन निवेशकों को निवेश के लिए आकर्षित करने पर जोर

**दोनों पक्षों ने कारोबारी सहयोग पर साझा किए अपने विचार**

कार्यक्रम में भारत से वैश्विक स्तर के डिजिटल उत्पाद बनाना, भारतीय नवाचार परिदृश्य और एजिलिटी के साथ स्केलिंग- भारतीय और जर्मन दृष्टिकोण विषयों पर फायरसाइड चैट आयोजित की गई। इस दौरान दोनों पक्षों के विशेषज्ञों ने नवाचार, अनुसंधान और विकास तथा सीमा-पार कारोबारी सहयोग पर अपने विचार साझा किए। प्रतिनिधियों ने टैलेंट एक्विजिशन प्रैक्टिस, कल्चर-फोकस्ड एचआर मॉडल और शक्ति महिला सशक्तिकरण पहल का भी अवलोकन किया। भारतीय यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स जैसे जोहो, फ्रेशवर्क्स और ब्राउज़रस्टैक की सफलता का उल्लेख करते हुए जर्मन प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश में एआई विकास, तकनीकी साझेदारी, संभावित अनुसंधान एवं विकास केंद्र और युवाओं के लिए रोजगार अवसर तलाशने में गहरी रुचि दिखाई।

# बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक पुरोहित को दी जन्मदिन की बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, बजरंग दल के पूर्व प्रांतीय सुरक्षा प्रमुख, पूर्व भोपाल जिला संयोजक विशाल पुरोहित के जन्मदिन पर भाजपा के भोपाल जिला मीडिया प्रभारी, बजरंग दल के पूर्व भोपाल विभाग संयोजक राजेंद्र गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंटकर दीर्घायु की कामना की। पुरोहित को अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी, बजरंग दल, पूर्व भोपाल विभाग सह संयोजक बालिस्ता रावत, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ भोपाल जिला सह संयोजक, दक्षिण पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे, बजरंग दल पूर्व संत नगर संयोजक बल्लू राठौर, मुकेश ने भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

## निटर: राष्ट्रीय कार्यशाला राजभाषा संवाद 2025 का आयोजन 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) द्वारा राजभाषा संवाद 2025 शीर्षक से एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 22 अगस्त को किया जाएगा।

## वित्तीय व्यवहार में पारदर्शिता लाने कोष प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वित्तीय व्यवहार में पारदर्शिता लाने और डेटा विश्लेषण को प्रभावी बनाने की रणनीति बनाने के उद्देश्य से पिछले दिवस आयुक्त कोष एवं लेखा के तत्वावधान में मनन 1.0 कार्यशाला का आयोजन आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के संयुक्त संचालक और कोषालय अधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**निजी क्षेत्र की भागीदारी और औद्योगिक विकास को गति देना उद्देश्य**

# कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया है कि राज्य के अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा पॉकेट क्षेत्र में रहने वाले अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत हर माह वितरित किए जाने वाले 2 किलो चना की आवश्यक मात्रा नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा एनईएमएल ई-ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से खरीदी जाएगी।

यह खरीदी वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 0.25 प्रतिशत या इससे कम ट्रांजैक्शन/सर्विस चार्ज पर की जाएगी। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद ने कहा है कि जुलाई 2025 से नवंबर 2025 तक जिन हितग्राहियों ने चना नहीं लिया है, उन्हें पात्रतानुसार यह चना दिसंबर 2025 तक वितरित कर दिया जाए। मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए 90 एकड़ भूमि के भूखंड को रियायती प्रीमियम दर पर आवंटित करने का निर्णय लिया है। इस फैसले का उद्देश्य आईटी क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करना और औद्योगिक विकास को गति देना है। रियायती दर पर भूमि उपलब्ध होने से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस पहल से नवा रायपुर में न सिर्फ तकनीकी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यहां की बसाहट और शहरीकरण की प्रक्रिया को भी बल मिलेगा। आईटी कंपनियों की स्थापना से क्षेत्र में आधारभूत संरचनाएं विकसित होंगी, जिससे स्थानीय निवासियों को भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

**पुलिस कर रही वीडियो के आधार पर तलाश**

# बाइक पर अश्लीलता करते दिखाई दिया कपल, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

एक चलती बाइक पर कपल की अश्लीलता का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक युवती बाइक की टंकी पर बैठी हुई है, जो कि लड़के को गले लगाए सड़क पर घूमती दिखाई दे रही है। पूरा मामला भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 10 की बताया जा रहा है। जहां सड़क पर बाइक में एक लड़का-लड़की सरेआम अश्लीलता कर रहे थे। वीडियो को लेकर यातायात पुलिस ने अभी तक कोई पुष्टि नहीं की है। लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद गाड़ी के नंबर के आधार यातायात पुलिस लड़का और लड़की की तलाश में जुट गई है। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि लड़का और लड़की एक बाइक में फिल्मी अंदाज में अश्लीलता कर रहे हैं। ये कपल खुलेआम ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते दिख रहे हैं। दुर्ग जिले में इस तरह से बाइक पर अश्लीलता करने का ये चौथा मामला सामने आया है। पूर्व के तीन अन्य मामलों में दुर्ग पुलिस के द्वारा सीधे तौर पर कार्रवाई की गई है। जिसमें कपल को बुलाकर पुलिस ने न सिर्फ डांट लगाई है। बल्कि चलानी कार्रवाई भी की है। मामले में युवक को भिलाई नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। युवक की पहचान मनीष निवासी सेक्टर-6 के रूप में की गई है। पुलिस आरोपी मनीष को गिरफ्तार कर बुलेट गाड़ी को भी जब्त किया है।



**दक्षिण छग में भारी से अति बारिश की उम्मीद**



# तेज बारिश, बिजली एवं हवाएं चलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सक्रिय हुए नए मौसम सिस्टम के असर से बारिश की गतिविधियां तेज हो गई हैं। उमस भरी गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण छत्तीसगढ़ में आज भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। वहीं कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने के भी आसार हैं।

बीते 24 घंटों में बस्तर और दुर्ग संभाग के कुछ इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान प्रदेश का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर में रिकॉर्ड हुआ। राजधानी रायपुर में बादल छाए रहने के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। तापमान 24 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

### *इन जिलों की रहेगी ये स्थिति*

*मौसम विभाग ने बीजापुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद और रायपुर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, 30झ्र40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा और मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। इसके अलावा सुकमा, दंतेवाड़ा, दुर्ग समेत कई जिलों में हल्की बारिश का अनुमान है, जहां यलो अलर्ट प्रभावी रहेगा।*

## नवोदय प्रवेश के लिए तारीख बढ़ी, अब 27 अगस्त तक मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ स्थित पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 में कक्षा 6, 9 एवं 11 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी एवं अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 6 के लिए आवेदन आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त एवं परीक्षा तिथि 13 दिसंबर है। कक्षा 9 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर एवं परीक्षा तिथि 7 फरवरी 2026 है। कक्षा 11 के लिए आवेदन अंतिम तिथि 23 सितंबर एवं परीक्षा तिथि 7 फरवरी 2026 है।

## प्रेम दास महाराज सनातन जन कल्याण की संकल्प यात्रा 1 सितंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय श्री पंच तेरह भाई त्यागी खाक चौक अयोध्या (दिगम्बर अखाड़ा) के महंत प्रेम दास जी महाराज ने देश धर्म कार्य के लिए बड़ा संकल्प लिया है। इसकी शुरुआत उनके संगठन -संस्था सनातन जन कल्याण संघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश से की जा रही है। इस विषय को लेकर सोमवार को श्री महाकाली ज्योति मंदिर में महंत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एक सितंबर से श्रीराम मंदिर नव निर्माण व जीर्णोद्धार को लेकर संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। पहला मंदिर भोपाल में बनेगा।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर आर्मी मैन की पत्नी से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शादीशुदा महिला को नौकरी दिलाने का झांसा देकर आर्मीमैन की दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। आरोपी और महिला की पहचान एम्स में हुई थी।

पहचान होने के बाद दोनों में दोस्ती हो गई और नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने उसे कीपेड मोबाइल दिया। मोबाइल पर बातचीत होने लगी और आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया। घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब पति ने पत्नी के पास कीपेड मोबाइल देखा। इसके बाद अवधपुरी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 27 साल की महिला गृहणी है। पति आर्मी में नौकरी करता है और शहर से बाहर उसकी पोस्टिंग है। इसी वर्ष फरवरी महीने में महिला इलाज कराने के लिए एम्स अस्पताल गई थी, वहां उसकी मुलाकात जयदीप नामक युवक से हुई। जयदीप ने खुद को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताया। बातचीत के दौरान महिला ने खुद के लिए नौकरी बात कही। जयदीप ने बताया कि वह उसकी नौकरी लगवा देगा। उसने महिला को एक कीपेड वाला मोबाइल भी दिया था।

**इलाके में जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन पर मंडरा रहा गंभीर खतरा**

# केरवा में बाघों का सबसे ज्यादा मूवमेंट, वन विभाग नहीं ले रहा सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल से सटे केरवा के घने जंगल इन दिनों अवैध गतिविधियों का केंद्र बनते जा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र की अमूल्य जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस क्षेत्र में बाघों का सबसे ज्यादा मूवमेंट रहता है, साथ ही अन्य वन्य प्राणी भी बढ़ी संख्या में घूमते रहते हैं।

सोमवार को भी केरवा के चंदनपुरा क्षेत्र में सड़कों पर बाघ घूमता हुआ देखा गया था। वन विभाग की टीम ने सर्चिंग की लेकिन कुछ नहीं मिला। लेकिन इस सबके बीच इस क्षेत्र में वन भूमि पर तेजी से फैल रहा झुग्गियों का अतिक्रमण, वन्यजीवों के शिकार की बढ़ती घटनाएं और वन सुरक्षा व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही ने स्थिति को बदतर बना दिया है।



**निगरानी कर रही टीम**

केरवा क्षेत्र में इस तरह की कोई गतिविधि हो रही है तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

\- **लोकप्रिय भारती**, डीएफओ, भोपाल

### अवैध कब्जे और शिकार ने बढ़ाई चिंता

समरधा क्षेत्र में झुग्गियों का अवैध फैलाव चिंता का विषय बन गया है। जंगल के भीतर लोग अवैध रूप से बस रहे हैं, जिससे न केवल बहुमूल्य वन भूमि पर कब्जा हो रहा है, बल्कि पेड़ों की कटाई और अन्य वन संसाधनों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही, वन्यजीवों के शिकार की घटनाओं में भी बढ़ रही है, जो वन्य प्राणी संरक्षण कानूनों का सीधा उल्लंघन है।

### टूटी सुरक्षा घेराबंदी दे रही रास्ता

वन विभाग द्वारा जंगल की सुरक्षा के लिए लगाई गई जाल और बाड़ (फेन्सिंग) कई स्थानों पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस बदहाल सुरक्षा घेराबंदी का फायदा उठाकर अतिक्रमणकारी और शिकारी बिना किसी भय के आसानी से जंगल में प्रवेश कर रहे हैं। वन विभाग की ओर से अब तक इन अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण जिससे अवैध काम करने वालों के हौसले और बढ़ रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो केरवा का ये हराभरा जंगल हमेशा के लिए खत्म हो सकता है। इसका असर सिर्फ जानवरों और पेड़ों पर ही नहीं, बल्कि पूरे भोपाल के पर्यावरण पर पड़ेगा।

### राजस्व विभाग, कलेक्टर, एसपी, एसडीओ, एसएचओ ओमती व अन्य को नोटिस

# आदिवासी की जमीन छलपूर्वक हड़पने का आरोप

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर आदिवासी की जमीन छलपूर्वक हड़पने का आरोप लगाया गया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने राजस्व विभाग, कलेक्टर, एसपी, एसडीओ, एसएचओ ओमती व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जबलपुर निवासी कुसुम बाई गोंड, अनीता गोंड एवं मुन्ना की ओर से अधिवक्ता केके पांडेय, कौशलेश पांडेय, सिद्धार्थ इस पांडेय ने पक्ष रखा। आरोप लगाया गया कि ग्राम मंगली, घाट पिपरिया, चूरिया, मरहापाठा कि जमीन अधारताल में रहने वाले अंशुल कान्त चौधरी, ज्योति चौधरी द्वारा फर्जी तरीके से अपने नौकर बटाई गोंड के नाम से खरीदी गई। जमीन खरीदने के बदले में जो चेक दिया गया, उस बैंक अकाउंट में पैसे नहीं थे। बटाई गोंड से अंशुलकान्त, ज्योति चौधरी अपने नाम से खरीदने हेतु कलेक्टर जबलपुर के समक्ष आवेदन लगाया गया। कलेक्टर के यहां जल्द सुनवाई नही होने पर अंशुलकान्त एवं ज्योति ने रेवेनु बोर्ड मेंबर ग्वालियर के यहाँ प्रकरण पेश कर दिया। आवेदन में यह बताया गया कि बटाई गोंड के पास उपरोक्त चारों ग्रामों में दूसरे की जमीन दिखाकर राजस्व बोर्ड से अपने नाम खरीदने हेतु



अनुमति ले ली। दलील दी गई कि नियम के अनुसार जनजाति की जमीन खरीदने की अनुमति केवल कलेक्टर दे सकता है। कलेक्टर के समक्ष आवेदन लंबित रहने के दौरान ही अनावेदकों ने राजस्व बोर्ड से अनुमति ले ली, जोकि अवैधानिक है। याचिकाकर्ताओं ने एसडीओ के समक्ष आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। कमिश्नर, कलेक्टर, एसपी, ओमती पुलिस थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। तर्क दिया गया कि उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय ने जनजाति के मामले में कहा है कि यदि कपट पूर्ण तरीके से किसी भी गैर जनजाति के पक्ष में अनुमति प्राप्त की गयी है तो उसमें न्यायालय को हस्तक्षेप का अधिकार होगा।

### हाईकोर्ट के सिद्धांतों का हुआ है उल्लंघन

## राज्यपाल स्टाम्प ड्यूटी संशोधन बिल को न दें मंजूरी

**उपभोक्ता मंच ने पत्र भेजकर की मांग**

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर ने राज्यपाल को पत्र भेजकर स्टाम्प ड्यूटी संशोधन बिल को मंजूरी न देने की मांग की है। मंच के प्रांताध्यक्ष डा. पीजी नाजपांडे व अधिवक्ता वेदप्रकाश अधौलिया का कहना है कि इस बिल के जरिए हाई कोर्ट के सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है। लिहाजा, अधिसूचना पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस विधेयक को विधानसभा में हड़बड़ी से पारित किया गया है। यह एकतरफा व मनमानीपूर्ण है। जब पूर्व में स्टाम्प डयूटी बढ़ाई गई थी तब हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने स्पष्ट टिप्पणी की थी कि स्टाम्प डयूटी बढ़ाने की कार्यवाही एकतरफा व मनमानीपूर्ण न हो, इन सिद्धांतों को ध्यान में रखना होगा। इसके बावजूद यह बिल 27 जुलाई को विधानसभा में प्रस्तुत कर मात्र एक सप्ताह में पारित किया गया। पारित करने के पूर्व में न तो नागरिकों से राय मांगी गई, न ही अधिवक्ता संघों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों को विचारार्थ लिया गया।



# बेचने के पूर्व धरा गया गांजा तस्कर

**1 लाख 8 हजार का माल बरामद, तिलवारा पुलिस की कार्रवाई**

हरिभूमि, जबलपुर।

नशे के सौदागरों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के सख्त निर्देश और अभियान के तहत थाना तिलवारा की टीम ने शनिवार देर रात एक बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने 5 किलो 405 ग्राम गांजा जिसकी कीमत करीब 1 लाख 8 हजार रुपए बताई जा रही है, बरामद किया है। टीआई ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि रात में बिलाबांग स्कूल रोड पर गश्त के दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में हाथ में सफेद थैला लिए खड़ा मिला। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन तगड़ी घेराबंदी में दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम 19 वर्षीय शिवम पटैल निवासी रमनगरा तिलवारा बताया। जब उसके थैले की तलाशी ली गई तो पुलिस दंग रह गई। थैले के अंदर खाकी टेप से लिपटे तीन पैकेट मिले, जिनमें गांजा भरा था। मौके पर जब वजन किया गया तो कुल 5 किलो 405 ग्राम निकला। पुलिस ने तुरंत एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब इस बात की तहकीकात कर रही है कि आरोपी को यह माल किसने सप्लाई किया और आगे कहां पहुंचाया जाना था।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका-** आरोपी को धर-दबोचने में प्रधान आरक्षक पृथ्वीराज सिंह, जयशंकर चौहान, सतीश शुक्ला और आरक्षक राजेश गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।

# जनसुनवाई में कप्तान के पास पहुंची 65 शिकायतें

### पति-पत्नी विवाद से लेकर साइबर क्राइम तक, तत्काल कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि, जबलपुर।

आम जनता की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कप्तान सम्पत उपाध्याय ने जनसुनवाई की। शहर और ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायत लेकर आए। जनसुनवाई में अधिकतर मामले पति-पत्नी/परिवारिक विवाद, जमीन-जायदाद के झगड़े, मारपीट और साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतें रहीं। कुल 65 शिकायतें दर्ज हुईं। कप्तान उपाध्याय ने शिकायतकर्ताओं को भरोसा दिलाया गया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र और वैधानिक समाधान किया जाएगा। साथ ही एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समय सीमा में शिकायतों का निपटारा अनिवार्य रूप से किया जाए। इस दौरान एएसपी अंजना तिवारी, डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय और डीएसपी मुख्यालय बीएस गोठरिया मौजूद रहे।



### 90 हजार की चोरी का खुलासा, 23 आपराधिक प्रकरणों में पहले से बदनाम

# फैक्ट्री की दीवार तोड़कर चोरी करने वाला निकला कुख्यात बदमाश

हरिभूमि, जबलपुर।

औद्योगिक क्षेत्र रिछाई में हुई बड़ी चोरी का अधारताल पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। टीम ने कुख्यात बदमाश तापस मलिक को धर दबोचते हुए चोरी का माल बरामद कर लिया। आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर फैक्ट्री की दीवार तोड़कर 90 हजार रुपए कीमत का सामान पार कर दिया था। टीआई प्रवीण कुमरे ने बताया कि 15 अगस्त की रात ओम इंजीनियरिंग वर्क्स इंडस्ट्री, रिछाई से चोरों ने फैक्ट्री की दीवार में बड़ा सुराख कर घुसपैठ की और 38 नग भट्टी की जाली, 7 पटका मशीन प्लेट, 5 रोल मशीन प्लेट और 2 बड़ी रोल मशीन प्लेट चोरी की गई थी।

### सीसीटीवी फुटेज ने खोला राज

टीआई कुमरे ने बताया कि जांच के दौरान मिले फुटेज में संदिग्ध गतिविधि पकड़ी गई। इसी के आधार पर पुलिस ने 37 वर्षीय तापस मलिक निवासी न्यू अंजली कॉलोनी, रिछाई रांझी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी गांधी गोटिया और मुक्ति उर्फ मोहित के साथ चोरी करना कबूल कर लिया। आरोपी के कब्जे से 14 नग लोहे की प्लेट (कीमत 30 हजार) और वारदात में इस्तेमाल की गई ग्रे कलर एक्सिस स्कूटी जब्त की गई है।



### कुख्यात बदमाश हैं चोर

टीआई कुमरे के मुताबिक तापस मलिक कोई सामान्य चोर नहीं है। उसके खिलाफ पहले से ही हत्या का प्रयास, लूट, अवैध वसूली, मारपीट, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और दहेज एक्ट सहित कुल 23 प्रकरण दर्ज हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

आरोपी को पकड़ने में प्रधान आरक्षक राजकुमार सेन, आरक्षक राजेश केवट, सुरजीत और शशि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

**मुख्य आरोपी रहीस लोधी ने रची थी साजिश**

**रायगढ़ के बैंक में भी ऐसे ही हुई थी लूट**

# 15 करोड़ की डकैती: छग के रायगढ़ जेल में बनीं थी योजना !




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जबलपुर/रायगढ़

जबलपुर में हुई 15 करोड़ की सोने की डकैती मामले में छत्तीसगढ़ का बड़ा कनेक्शन सामने आया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि इस डकैती की साजिश रायगढ़ जेल में रची गई थी। मास्टरमाइंड रहीस लोधी जो एनडीपीएस एक्ट में रायगढ़ जेल में बंद था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जेल में ही अपने गिरोह का गठन किया और बाहर आने के बाद वारदात को अंजाम दिया। जबलपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रहीस लोधी ने रायगढ़ जेल में रहते हुए अपने साथियों का चयन किया। वहीं जेल में रायगढ़ एक्सिस बैंक डकैती कांड के आरोपी बिहार निवासी अपराधी भी बंद थे। लोधी ने इन्हीं से संपर्क कर गिरोह तैयार किया। माना जा रहा है कि जबलपुर डकैती में रायगढ़ बैंक डकैती के आरोपी भी शामिल रहे। रायगढ़ के एक्सिस बैंक में 19 सितंबर 2023 को हुई डकैती के वक्त 5 करोड़ 59 लाख रुपए की डकैती हुई थी। जिसमें 4 करोड़ 19 लाख रुपए कैश और एक करोड़ 40 लाख की ज्वेलरी शामिल थी। सुबह 10:00 बजे बैंक खुलने के समय आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों को उसी रात बलरामपुर से गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी झारखंड भागने की फिराक में थे। इस डकैती कांड में शेरघाटी गया गैंग के सदस्य थे। पुलिस ने लूट की सारी ज्वेलरी और रकम बरामद की थी।

### 15 करोड़ की लूट लेकिन बरामदगी बेहद कम

डकैती में करीब 15 करोड़ का सोना लूटा गया था। अब तक मास्टरमाइंड रहीस लोधी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेकिन पुलिस के हाथ सिर्फ 1.80 लाख रुपए की ही बरामदगी लगी है। बाकी का सोना अब भी फरार डकैतों के पास होने का अंदेशा है। हालांकि डकैती में शामिल कई आरोपी अभी फरार हैं। इस गिरोह के तार बिहार और झारखंड तक जुड़े होने की आशंका है। यही वजह है कि पुलिस की विशेष टीमें दोनों राज्यों में दबिश दे रही हैं।

### रायगढ़ जेल की सुरक्षा पर बड़ा सवाल

यह मामला एक बार फिर जेलों की सुरक्षा और अंदर की व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। रायगढ़ जेल में बंद रहते हुए इतनी बड़ी साजिश रचना गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। इससे पहले भी कई बार यहां की लापरवाही सामने आ चुकी है। जेल की चारदीवारी के भीतर बड़े अपराध फैक्ट्री तैयार हो रही है।

### डकैती कांड में जेल से रिहा 4 आरोपियों की संलिप्तता

इस पूरे मामले में रायगढ़ जेल से रिहा होने वाले चार आरोपियों की भूमिका प्रमुख मानी जा रही है। रायगढ़ के डकैती कांड में प्रमुख रूप से 8 लोग शामिल थे। राकेश कुमार गुप्ता, उपेंद्र सिंह, निशांत सुंदरिका सिंह राजपूत, निशांत उर्फ पंकज कुमार और अमरजीत जेल से छूट गए हैं। जबकि राहुल कुमार, प्रकाश जाधव, नीरज जाधव और अमित दास जेल में बंद हैं। इनमें से चार आरोपी जबलपुर डकैती कांड में संलिप्त हैं।

# 195 वाहन चालकों से वसूला 70 हजार का जुर्माना

### यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई, नियम तोड़ने वालों को चेतावनी

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर। सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को लेकर जबलपुर पुलिस अब पूरी तरह सख्त हो गई है। मंगलवार को पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश और एएसपी यातायात अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में पूरे शहर में बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अमानक नंबर प्लेट, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हुई। कुल 195 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर पुलिस ने 70 हजार रुपए समन शुल्क वसूला।

### जागरूकता भी साथ-साथ

कार्रवाई सिर्फ जुर्माना वसूलने तक ही पुलिस सीमित नहीं रही। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों और राहगीरों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई और उन्हें सड़क सुरक्षा का महत्व समझाया गया।



### कार्रवाई में यह रहे शामिल

कार्रवाई में डीएसपी यातायात गढ़ा बैजनाथ प्रजापति, डीएसपी यातायात घमापुर संगीता डामोर, टीआई यातायात मालवीय चौक एसडी सनोडिया, टीआई यातायात गढ़ा हरिकिशन अटनेरे, वीरेन्द्र आरख सहित पूरी यातायात पुलिस टीम मौजूद रही।

## मंत्री परमार ने जिज्ञासा जोनल कॉन्फ्रेंस में भारतीय ज्ञान परम्परा में आयुर्वेद के महत्व को बताया

**जबलपुर।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार आज घंटाघर के समीप स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर में जिज्ञासा जोनल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आयुष के क्षेत्र में यह एक उल्लेखनीय पहल है। जिसमें युवाओं के चरित्र निर्माण के साथ ही स्वस्थ्य भारत के निर्माण की दिशा में कार्य किया जाता है। स्वस्थ्य भारत की परिकल्पना पर आधारित इस कॉन्फ्रेंस में देशभर से विद्यार्थी आकर स्वास्थ्य के रहस्य को जानने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के जीवन दर्शन में आयुष का विशेष महत्व है। ऋषि, मुनियों के शोध व दर्शन के परिणाम स्वरूप भारत का आयुर्वेद समृद्ध हुआ है। आयुर्वेद स्वस्थ्य जीवन व स्वस्थ्य शरीर का एक विज्ञान है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुसार आयुष की प्रासंगिकता और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कॉन्फ्रेंस से चिकित्सा जगत को निश्चित ही फायदा होगा। आयुर्वेद भारतीय जीवन पद्धति का एक हिस्सा है और व्यवसथित है, जो एक पीढी से दूसरी पीढी तक स्थानान्तरित होती है। इसमें इलाज की अनूठी पद्धतियां हैं, अतः इसका दस्तावेजीकरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का काढ़ा कोविड के संक्रमण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोगों के जीवन बचाने के लिए आयुर्वेद का प्रयोग करना चाहिए, ताकि आयुर्वेद नई उचाईयों को छू सके। उन्होंने कहा कि आयुष के अध्ययन के लिए वे नए कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है, जिससे स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान की दिशा में और भी बेहतर तरीके से कार्य किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर व आयुष क्षेत्र के ख्यातिलब्ध विद्वानों सहित बड़ी तादात में आरोग्य विधा से जुड़े विद्यार्थी शामिल थे।

**अस्पताल माफिया का आतंक!...** **एम्बुलेंस चालक पर हमला, डायरेक्टर अमित खरे पर पुराने फर्जीवाड़ों के भी काले धब्बे उजागर**

# सिर्फ स्मार्ट सिटी में इलाज कराओ, वरना जान से जाओ

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर अब गुंडागर्दी और माफिया राज चल रहा है। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सोमवार देर रात गोटेगांव से गंभीर मरीज को लेकर मेडिकल अस्पताल जा रही एम्बुलेंस को बायपास पर हथियारबंद बदमाशों ने रोक लिया और चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट के बाद खुलेआम धमकी दी गई अगर जबलपुर इलाज कराने आना है तो स्मार्ट सिटी अस्पताल ही आओ, मेडिकल गए तो जिंदा नहीं बचोगे।

### फिल्मी स्टाइल में अड़ाई कार

घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि ग्राम महगवां थाना गोटेगांव निवासी चालक सोनू कुशवाहा ने एफआइआर दर्ज कराई कि फिल्मी स्टाइल में बिना नंबर की काले रंग की हैरियर कार ने उनको रोका जिसमें से तरुण और यशवंत नामक बदमाशों ने पहले नाम पूछा और फिर बेसबॉल के डंडों व घूंसों से हमला कर दिया। घायल चालक ने साफ तौर पर बयान दिया कि दोनों हमलावर स्मार्ट सिटी अस्पताल से जुड़े हैं और हमला अस्पताल के संचालक व डायरेक्टर डॉ. अमित खरे के इशारे पर हुआ।




### मरीजों की जान दांव पर

यह मामला किसी एक एम्बुलेंस चालक की पिटाई भर नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर सवाल खड़ा करता है। जब अस्पताल संचालक और उनके गुर्गे इस हद तक दबंगई पर उतर आए हैं कि मरीज कहां भर्ती होगा यह भी हथियारों के दम पर तय करने लगें, तो आम जनता का भरोसा किस पर रहेगा?

### संचालक पर भी दर्ज हो एफआइआर

पुलिस ने दोनों हमलावरों के खिलाफ भेड़ाघाट थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या इस पूरे मामले में अस्पताल संचालक और उनके राजनीतिक आकाओं पर भी कार्रवाई होगी या फिर गरीब मरीजों की ज़िंदगी यूं ही सौदेबाजी की भेंट चढ़ती रहेगी।

### डॉ. खरे का विवादों से है पुराना नाता

यह पहला मौका नहीं है जब डॉ. अमित खरे का नाम विवाद में आया हो। उस पर पहले भी गरीब मरीजों के आयुष्मान कार्ड पर फर्जीवाड़ा करने के गंभीर आरोप लग चुके हैं। इतना ही नहीं मदन महल बेदी नगर में खरे ने स्मार्ट सिटी से पहले "एप्पल अस्पताल" नाम से संस्थान खोला था। वहां भी बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े और घोटाले की शिकायतें सामने आई थीं। जांच के बाद उसका रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया और न्यायालय के आदेश पर अस्पताल को बंद कर दिया गया।

### तकनीकी शिक्षण संस्थाओं की संभागीय बैठक आयोजित

# प्लेसमेंट की दिशा में अच्छा काम हो ताकि युवा बेरोजगार न रहें : परमार

हरिभूमि जबलपुर।

**उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार की अध्यक्षता में जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में तकनीकी शिक्षण संस्थाओं की संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में तकनीकी शिक्षा संस्थाओं की विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर विद्यार्थियों के समग्र विकास, बेहतर अध्ययन, अध्यापन, वार्षिक गतिविधियां, संस्थागत उत्कृष्टता, शैक्षणिक परिवेश एवं अकादमिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि करने के आवश्यक निर्देश दिये गये।**



इस दौरान सभी तकनीकी शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यों द्वारा अपने-अपने महाविद्यालय की वस्तुस्थिति व प्रगति से अवगत कराया गया। मंत्री श्री परमार ने कहा कि महाविद्यालय में जितने भी पुरानी ऑडिट आपत्तियां व सीएम हेल्पलाईन हैं, उनका निराकरण करायें। प्रयोगशालाओं में पर्याप्त संसाधन सुनिश्चित करें, इंटर्नशिप प्लान को प्रभावी करें, प्लेसमेंट की दिशा में अच्छा काम हो ताकि युवा बेरोजगार न रहें। उन्होंने सभी पॉलीटेक्निक कॉलेजों की शिक्षा व्यवस्था, संसाधन, प्लेसमेंट की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य रूप से कहा कि सभी कॉलेज अपने कैंपस को हरियाली युक्त वातावरण बनायें, इसके लिए परिसर में रिक्त जगह पर वृक्षारोपण करें। पद पूर्ति के संबंध में उन्होंने विभाग को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि महाविद्यालय भवनों की साफ-सफाई, पुताई करायें और अच्छा वातावरण निर्मित करें, जहां मरम्मत की आवश्यकता है वहां मरम्मत करायें। छात्रावास भवनों व शौचालयों की स्थिति को भी ठीक करायें। उन्होंने कहा कि जिस ब्रांच में विद्यार्थियों द्वारा एडमीशन नहीं लिया जा रहा है उनके कारणों का सर्वे करायें और विभाग को सुझाव भेजें। लाइब्रेरी में पाठ्यक्रम की पुस्तकों के अलावा संदर्भ पुस्तकें भी रखें, जिससे भारतीय ज्ञान परम्परा को जानने का अवसर मिले। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा एक समृद्ध भंडार है, भारत के आर्कीटेक्ट श्री बालबाहू ने बीजिंग शहर का डिजाईन किया था। भारतीयों ने दुनिया को गणना पद्धति के ज्ञान से अवगत कराया। पायथागोरस के प्रमेय को भारतीय गणितज्ञ बोधायन ने लगभग 800 ई.पू. पहले ही बता दिया था। हमारे ऋषि-मुनि मूलतः वैज्ञानिक विचारधाराओं के अनुयायी रहे हैं। आर्यभट्ट ने पृथ्वी का व्यास निकाला था, जो लगभग वर्तमान गणना के करीब है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ज्ञान का ट्रांसफर होता है, अतः शिक्षा जगत को समाज के कई प्रश्नों के समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के पुनर्निमाण में छोटे-बड़े सभी कार्य महत्वपूर्ण होते हैं, अतः यह प्रयास करें कि कॉलेज से निकलने के बाद युवा बेरोजगार न रहें। उनके श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान संचालक तकनीकी शिक्षा प्रो. वीरेन्द्र कुमार, संस्था के प्राचार्य डॉ. राजीव चांडक सहित संभाग के तकनीकी शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य व प्राध्यापक मौजूद थे।

### मंत्री ने शासकीय इंजीनियरिंग कालेज परिसर में किया पौधारोपण

मंत्री श्री परमार ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में स्थित विद्यावन में वृक्षारोपण कर विद्यालय परिसर को हरियाली युक्त बनाने का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित सभी प्राचार्यों और अध्यापकों से भी कहा कि वे अपने-अपने विद्यालय में वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण की दिशा में कार्य करें।




### समाज की 11 सौ महिलाएं होंगी सम्मानित

# गड़रिया समाज आज करेगा शक्ति का सम्मान : मोती श्रीपाल

**सिहोरा।** गड़रिया समाज की महिलाओं युवतियों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज बुधवार को ध्वनि पैलेस बायपास मार्ग में दोपहर 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम में शक्ति सम्मेलन के तहत

1100 महिलाओं का सम्मान किया जायेगा उक्ताशय की जानकारी अखिल भारतीय गड़रिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल ने विजय रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी । उन्होंने आज होने वाले सम्मान समारोह की जानकारी देते हुए बताया की अखिल भारतीय गड़रिया महासभा की जिलाध्यक्ष ग्रामीण पार्षद बेबी विनय पाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम अवधूत महायोगी श्री दादागुरु भगवान के सानिध्य,संतोष बरकडे विधायक के मुख्य आतिथ्य,गड़रिया महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता एंव पूर्व विधायक नंदनी मरावी,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया है। मुख्य वक्ता सुश्री पूजा पाठक प्रांतीय अध्यक्ष विश्वमांगल्य सभा रहेगी । पत्रकार वार्ता में आगे कहा कि पुण्य श्लोक लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत नारी शक्ति के सम्मान में शक्ति महिला सम्मेलन के आयोजन प्रदेश के साथ सम्पूर्ण देश में किए जा रहे हैं। इस अवसर पर महासभा के संरक्षक कोड़ीलाल पाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश पाल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाल,पाटन विधानसभा अध्यक्ष विजय पाल,अनिवेश,अजय पाल भी उपस्थित थे।

# अभिव्यक्ति ने आयोजित की काव्यगोष्ठी

**सिहोरा।** अभिव्यक्ति की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन नगर के वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की अध्यक्षता,कछार गांव से आये साहित्यकार विजय बागरी 'विजय' के मुख्यातिथ्य तथा. श्रीकृष्ण तिवारी एवं पुरातत्ववेत्ता राजेंद्र सिंह ठाकुर कटनी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।



गोष्ठी बुंदेली के सुप्रसिद्ध साहित्यकार,भाषा वैज्ञानिक तथा बुंदेली लोक साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान स्मृतिशेष डॉ.पूरनचंद श्रीवास्तव की स्मृति को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित रही।शुभारंभ सुषमा खरे की सरस्वती वंदना से किया गया।रचनाकारों ने अपनी कविताओं और रचनाओं के माध्यम से समाज चेतना, मानवीय संवेदना, जीवन संघर्ष, प्रेम, प्रकृति और समसामयिक परिदृश्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। काव्यपाठ में भाग लेने वाले रचनाकार कारों में गोष्ठी के मुख्य अतिथि, अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के अलावा जितेन्द्र नीरस, मुकेश त्रिपाठी, प्रमोद दाहिया, डॉ.अरुणा पाण्डेय, आशा निर्मल जैन, सुषमा कर्चुली, सुशील जैन, अनिल मिश्रा, तौहीद खान, सुशील शर्मा, लक्ष्मीनारायण पटेल, चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव 'चंदन', नारायण तिवारी, रमेश सेन 'बमचक, वैभव मिश्रा, अखिलेश दुबे, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, विमला श्रीवास्तव और संजय तिवारी आदि शामिल थे। संचालन नारायण तिवारी एंव आभार प्रदर्शन मुकेश त्रिपाठी ने किया।



### गुनहरु में बच्चों को किया गया निःशुल्क साइकिल वितरण

# स्कूल समय पर पहुंचने में होगी आसानी : पुष्प राज बघेल

सिहोरा। शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शास.हाई स्कूल गुनहरू में आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में जब विद्यार्थियों को साइकिलें मिली तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। साइकिल वितरण कार्यक्रम जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, महामंत्री राजेश दाहिया,,विधानसभा प्रभारी अनुपम सराफ,नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,जनपद सदस्य रजनीकांत मिश्रा,अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रभारी आनंद दाहिया,जितेंद्र पटेल,मोहसाम सरपंच मुकेश पटेल,शाला प्राचार्य सुश्री रमा शर्मा सहित समस्त शालेय स्टॉफ की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अब स्कुल समय पर पहुंचने में आसानी होगी। प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी विद्यार्थी केवल साधन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। शिक्षा के क्षेत्र में आने वाले हर व्यवधान के निराकरण हेतु सरकार कृत संकल्पित है। बच्चों को दो दर्जन से अधिक साइकिलों का वितरण किया गया।कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य ने सभी आभार व्यक्त किया।

# कला वीथिका में मनमाने किराया वृद्धि का विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती संग्रहालय स्थित कला वीथिका में आयोजनों के लिए मनमाने ढंग से किराया बढ़ाए जाने को लेकर शहर के कई आयोजकों, कलाकारों और सामाजिक संस्थाओं ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। इस संदर्भ में सभी ने एकजुट होकर जिला कलेक्टर से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर महोदय स्वयं कला वीथिका में पहुंचे, जहां आयोजकों ने उन्हें विस्तार से अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सभी ने बताया कि अत्यधिक किराया बढ़ोतरी के कारण अब छोटे स्तर पर सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम करना कठिन हो गया है, जिससे शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। इस अवसर पर उपस्थित सभी आयोजकों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और श्रोताओं ने एक स्वर में मांग की कि किराया वृद्धि को वापस लिया जाए और कला वीथिका को जनसहभागिता से संचालित किया जाए।




# साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की 23वीं कृति प्रकाशित

**सिहोरा।** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की तेईसवीं कृति "पेड़ लगाए दादा ने काव्यांजलि पब्लिकेशन कोटा राजस्थान से प्रकाशित हुई है जो एक बाल कविता- संग्रह के रूप में है। पुस्तक में 37 संदेशपरक बाल कविताओं का समावेश है जिनमें बच्चों के प्रिय जीव-जन्तु, खेल-खिलौने,बाल सुलभ क्रिया कलाप,रसीली बातें, पर्यावरण, रिश्ते नाते, तीज त्यौहार, देश प्रेम,अर्थात वह सब कुछ समाया है जो बाल-विकास और चरित्र-निर्माण के लिये आज के समय में बेहद जरूरी है।

### सिविक सेंटर में वारदात 5 घायल

# चाट नहीं खिलाई तो दोनों पक्षों ने खाए चाकू

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत समदड़िया मॉल के पास चाट के पैसे देने से मना करने पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट में पांच युवक घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बकरा मार्केट के पास भानतलैया बेलबाग निवासी 22 वर्षीय सूजल तामिया गत दिवस अपने साथी पुरोहित आत्मा एवं शिब्बू के साथ मालवीय चौक मटकी फोड़ कार्यक्रम देखने आया था उसके बाद समदड़यि मॉल के पास चाट के ठेले पर चाट खा रहा था तभी रात लगभग 12.30 बजे अभिषेक दुबे, नितेश रजक उर्फ पिन्नी, विपिन राजपूत उर्फ टक्कल और आजाद बेन आए और हम लोगों को चाट खाना है तथा चाट के पैसे तू देगा कहने लगा, उसने चाट के पैसे देने से मना किया



तो चारों उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसके एवं उसके साथियों के साथ मारपीट कर दी। अभिषेक दुबे ने चाकू से सूजल के सीने में और पुरोहित आत्मा के पेट में चोटे पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से शंकर नगर चुंगी माढ़ोताल निवासी 23 वर्षीय अभिषेक दुबे गत रात अपने साथी नितेश रजक उर्फ पिन्नी, विपिन राजपूत उर्फ टक्कल एवं आजाद बेन ने सूजल तामिया, पुरोहित आत्मा और शिब्बू पर मारपीट करने का आरोप लगाया। सूजल तामिया ने चाकू से हमला कर अभिषेक दुबे से उसकी नाक में एवं उसके साथी विपिन राजपूत के होठ, दांत तथा नितेश रजक उर्फ पिन्नी के सिर में चोट पहुंचा दी तथा तीनों जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# चाकूबाजी की वारदात में 2 घायल

**जबलपुर।** अधारताल और गोरखपुर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्नी मोहल्ला महाराजपुर निवासी 39 वर्षीय आटो चालक रोशन सोनी गत शाम लगभग 4 बजे मोहल्ले का अभिषेक दुबे से अपने आटो की बैटरी मांग रहा था, इसी बात पर अभिषेक उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना करने पर मारपीट कर चाकू से कलाई से हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान रोशन के जेब में रखे 6 हजार 500 रुपए नहीं थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 351(2), 118(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी तरह गोरखपुर में कुम्हार मोहल्ला शनि मंदिर के पास निवासी 25 वर्षीय मनीष चक्रवर्ती गत रात अपने साथी से मिलने चौधरी मोहल्ला गया थ। रात लगभग 11.30 बजे चौधरी मोहल्ला पीपल के पेड़ के पास पहुंचा, तभी जुनैद उर्फ टीआई मिला और उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलोज करते हुये चाकू से हमलाकर पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी एवं जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# इंजीनियर को धमकाते हुये जबरन रूपयों की मांग की

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत न्यू टीएन शुक्ला आई अस्पताल के निर्माणाधीन के पास धमकाते हुए एक बदमाश ने एक इंजीनियर युवक के साथ जबरन रुपयों की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महगवां डुमरा रोड निवासी 32 वर्षीय इंजीनियर मनोज नंद किशोर बल्वे ने खमिरया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि निर्माणाधीन न्यू टीएन शुक्ला आई अस्पताल में प्रोजेक्ट मैनेजर कंस्ट्रक्शन के अन्तर्गत काम करता है। गत शाम लगभग 7.40 बजे संतलाल यादव ने अपने मोबाइल नम्बर से उसके मोबाइल पर कॉल करके शुक्ला अस्पताल के बाजू से बनायी गयी लेबर केम्प का मटेरियल शेड की मांग करने लगा, उसने मना किया तो इसी बात पर संतलाल यादव गाली गलौज करते हुए बोला कि कहां है मैं वहीं आता हूं, उसने कहा कि अपनी निमार्णाधीन साईट पर हूं तो संतलाल अपनी बुलट से आकर मजदूर शिवम साहनी, दुर्गेश साहनी, शमशेर अली, गौतम साहनी को धमकाकर भगा दिया और यहॉ काम करना है तो पैसे देने पडेंगे कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके पूर्व भी संतलाल यादव ने उसे धमकी देकर गत 9 जुलाई 2024 को अपने बैंक एकाउंट में एनएफटी के माध्यम से 50 हजार रूपये डलवाये है। रिपोर्ट पर धारा 296, 308, 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# निजी अस्पताल में अज्ञात बदमाश बम पटककर भागे

**जबलपुर।** विजयनगर थाना अतंर्गत मेडीजोन अस्पताल परिसर में स्कूटर से आए तीन अज्ञात लड़कों ने सुअरमार बम पटककर भाग गए। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर निवासी 45 वर्षीय सीईओ प्रमोद कुमार मिश्रा गत रात लगभग 10.20 बजे मेडीजोन अस्पताल के अंदर अपने काम में व्यस्त था तभी अस्पताल के बाहर तेज धमाके की आवाज आने पर उसने एवं उसके स्टाफ ने बाहर निकल कर देखा अस्पताल परिसर में 3 अज्ञात लड़के एक स्कूटर में बैठकर आये और अस्पताल परिसर में सुअरमार बम फेंककर भाग गये। हमले में किसी को क्षति नहीं पहुंची। पुलिस ने अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 288, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पूर्व मंत्री कांग्रेस नेता चंद्र कुमार भनोट का निधन



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री, पंजाबी हिंदू एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं सनातन धर्म मंदिर गोरखपुर के अध्यक्ष चंद्र कुमार भनोट का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही राजनीतिक हल्को में शोक व्याप्त हो गया और भनोत हाउस में शोक संवेदनाएं व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। श्री भनोत 1980 में जबलपुर पश्चिम से विधायक चुने गए थे और तत्कालीन अर्जुन सिंह सरकार में राज्यमंत्री रहे। 1985 में फिर श्री भनोत विधायक चुने गए और राज्य मंत्री रहे। 90 के दशक में श्री भनोत नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे। चंद्र कुमार जबलपुर की राजनीति में कांता भैया के नाम से जाने जाते थे, वे वंदित भनोत के पिता और पूर्व मंत्री तरुण भनोत, मानव भनोत और गौरव भनोत के चाचा थे। सनातन धर्म महासभा, रेडक्रॉस सोसायटी, पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन सहित अनेक संस्थाओं में सक्रिय थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार की शाम गुप्तेश्वर मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में सभी राजनैतिक दलों व समाज के सभी वर्गों के लोगों ने उपस्थित होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।




**श्रीमती सुधा सक्सेना-** टैगौर नगर बादशाह हलवाई मंदिर के पास निवासी श्री केके सक्सेना की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा सक्सेना (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ठाकुरदीन कुशवाहा-** लालमाटी चांदमारी झंडा चौक निवासी श्री ठाकुरदीन कुशवाहा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आकृति श्रीवास्तव-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री प्रफुल्ल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती आकृति श्रीवास्तव (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई ठाकुर-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री गरीब लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कोनिका हल्दार-** शारदा कॉलोनी न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री आसित हल्दार की धर्मपत्नी श्रीमती कोनिका हल्दार (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रीना दुबे-** छोटा फुहारा दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री बुद्धू लाल दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती रीना दुबे (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सिया रानी सिन्हा-** रतन नगर कॉलोनी मदनमहल निवासी श्री इंद्र कुमार सिन्हा की धर्मपत्नी श्रीमती सिया रानी सिन्हा (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बाली बेन राठौर-** गोरखपुर निवासी श्री खीमजी भाई राठौर की धर्मपत्नी श्रीमती बाली बेन राठौर (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कुंदन सिंह राजपूत-** गलगला निवासी श्री कुंदन सिंह राजपूत (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 90/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

### रेटिंग्स एजेंसी ने भारत की साख को बढ़ाया, सरकार आर्थिक सुधारों पर ध्यान दे रही

# अमेरिकी शुल्क से भारत की दीर्घकालिक संभावनाओं पर प्रभाव पड़ने के आसार नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के उच्च शुल्क से भारत की दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं पर प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि सरकार आर्थिक सुधारों पर ध्यान दे रही है और लोगों के जीवनस्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बढ़ाकर पिछले सप्ताह 'बीबीबी' कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और महंगाई को काबू में लाने के लिए बेहतर मौद्रिक नीतिगत उपायों का हवाला देते हुए 19 साल बाद भारत की रेटिंग में सुधार किया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक यीफार्न फुआ ने कहा, '' हम उम्मीद करते हैं कि वृद्धि की यह गतिशीलता अगले तीन वर्ष तक जारी रहेगी और औसत वृद्धि दर करीब 6.8 प्रतिशत रहेगी। अगर भारत में बुनियादी ढांचे और संपर्क में सुधार होता है।

### सभी उत्पादों पर उच्च शुल्क लागू नहीं होगा

राणा ने कहा कि एक अन्य कारक यह है कि भारत से निर्यात किए जाने वाले सभी उत्पादों पर 50 प्रतिशत का उच्च शुल्क लागू नहीं होता है। राणा ने कहा, यह एक जटिल माहौल है। कई ऐसे कारक हैं जो अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले समग्र प्रभाव को कम कर सकते हैं। फिर भी हम अर्थव्यवस्था पर कुछ अल्पकालिक विश्वास-संबंधी प्रभाव देख सकते हैं।

### अमेरिका भेजे जाने वाले सामान पर शुल्क लागू

अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क सात अगस्त से लागू हो गया है। रूस से कच्चा तेल एवं सैन्य उपकरण खरीदने पर भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क 27 अगस्त से अमल में आएगा। फुआ ने साथ ही कहा कि भारत आर्थिक सुधारों, राजकोषीय समेकन और बुनियादी ढांचे में निवेश पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### भारत की अर्थव्यवस्था कम व्यापार उन्मुख

उच्च अमेरिकी शुल्क के प्रभाव पर एसएंडपी एशिया प्रशांत के अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत कम व्यापार-उन्मुख है, जिसमें बाह्य मांग का योगदान समग्र अर्थव्यवस्था में केवल 15 प्रतिशत है और 85 प्रतिशत घरेलू कारकों द्वारा संचालित है।
राणा ने कहा, '' यह एक बहुत ही घरेलू अर्थव्यवस्था है। यह सुरक्षा का एक कारक है।''

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 371 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- बाजार में जीएसटी में प्रस्तावित सुधार का असर दिखा

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही। जीएसटी में प्रस्तावित सुधारों के साथ वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने के संकेतों के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा टाटा मोटर्स में बढ़त के साथ बीएसई सेंसेक्स 371 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के करीब पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 370.64 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 81,644.39 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 482.13 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''जीएसटी को तर्कसंगत बनाने और भारत की साख में हाल में सुधार से उत्साहित बाजार में तेजी जारी रही। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव कम होने के संकेतों से भी धारणा मजबूत हुई है। इससे निकट भविष्य को लेकर दृष्टिकोण रचनात्मक रुख की ओर मुड़ रहा है।''

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

नि0सू0क्र0 / 40 / व.ले.लि. / का.यं. / लो.स्वा.यां. / 2025 — डिण्डौरी, दिनांक 07.08.2025

—:निविदा आमंत्रण सूचना :—

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई–टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत Fabrication and Supply हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 08.08.2025 को शाम: 17.00 बजे से दिनांक 22.08.2025 शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

| स0 क्र0 | ई निविदा क्र0 | नि.सू. क. | वि.खं. /जिला | विवरण | अनु0लागत (PAC) (रू0 | धरोहर राशि(PAC) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PHED_443483_1 | 40 | डिण्डौरी | Fabrication and Supply of Handpump Spare Parts in Central Store PHED Division Dindori District- Dindori | 17.35 | 34700.00 | 2000.00 | द्वितीय आमंत्रण |

G-17416/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

# सोना 500 और चांदी 1,000 रुपए फिसली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,00,420 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 450 रुपये गिरकर 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोमवार को यह 1,00,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच व्हाइट हाउस में हुई शांति वार्ता से यूक्रेन में युद्ध समाप्त होने की कुछ उम्मीद जगी है।

### इमामी एग्रोटेक का खाद्य उत्पादों के बाजार में कदम

**एजेंसी : कोलकाता।** विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत इमामी समूह की इकाई इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने मंगलवार को आटा, मैदा जैसे खाने के सामान के बाजार में उतरने की घोषणा की। कंपनी के एक अधिकारी ने बयान में कहा कि यह कदम कंपनी के भारत के 80,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के 'ब्रांडेड स्टेपल' यानी दैनिक उपयोग में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों की श्रेणी में विस्तार का प्रतीक है। यह अगले तीन से पांच साल में खाद्य क्षेत्र को 2,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाने की उसकी रणनीति का हिस्सा है। कंपनी ने इमामी हेल्दी एंड टेस्टी ब्रांडेड आटा, मैदा और सूजी के पेशकश की घोषणा की।

### आईओसी का ईंधन आपूर्ति के लिए एयर इंडिया से समझौता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने एयर इंडिया को पर्यावरण अनुकूल विमान ईंधन की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह भारत में हरित और स्वच्छ विमानन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईओसी के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी के अनुसार, कंपनी इस साल दिसंबर से अपनी पानीपत रिफाइनरी में इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल से पर्यावरण अनुकूल विमानन ईंधन (एसएएफ) का उत्पादन शुरू करने की योजना बना रही है। इस संयंत्र से आईटीसी और हल्दीराम जैसी होटल और रेस्तरां से इस्तेमाल के बाद बचे अपशिष्ट खाना पकाने के तेल का उपयोग करके सालाना 35,000 टन हरित ईंधन का उत्पादन होने की उम्मीद है। एसएएफ गैर-पेट्रोलियम कच्चे माल से बना एक वैकल्पिक ईंधन है जो हवाई परिवहन से होने वाले उत्सर्जन को कम करता है। उपलब्धता के आधार पर इसे पारंपरिक विमान ईंधन (एटीएफ) में 50 प्रतिशत तक मिलाया जा सकता है। भारत ने 2027 से अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों को बेचे जाने वाले जेट ईंधन में एक प्रतिशत एसएएफ मिश्रण अनिवार्य कर दिया है।

### ओपनएआई ने भारत में सदस्यता पेश की

**दिल्ली।** ओपनएआई ने भारत में चैटजीपीटी गो की घोषणा की है जिसकी सदस्यता 399 रुपये प्रति महीने से शुरू होती है। कंपनी ने घोषणा की कि सभी चैटजीपीटी सदस्यता का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जा सकेगा, जिससे समूचे भारत के उपयोगकर्ताओं के लिए ओपनएआई के उन्नत एआई उपकरणों तक पहुंच आसान हो जाएगी। ओपनएआई, चैटजीपीटी गो की शुरुआत कर रहा है, जो एक नई सदस्यता योजना है। इसे समूचे भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए उन्नत एआई उपकरणों को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए तैयार किया गया है, क्योंकि ओपनएआई के उपकरणों को अपनाने की प्रवृत्ति पूरे देश में तेजी से बढ़ रही है।'' नई योजना मौजूदा सदस्यता स्तरों के अतिरिक्त है, जिसमें चैटजीपीटी प्लस (1,999 रुपये प्रति माह) शामिल है।
उन पेशेवरों एवं उद्यमों के लिए जिन्हें उच्च पैमाने, अनुकूलन एवं सबसे उन्नत मॉडल तक पहुंच की आवश्यकता है उनके लिए ओपनएआई के पास चैटजीपीटी प्रो (19,900 रुपये प्रति माह) है।
भारत चैटजीपीटी का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। चैटजीपीटी के उपाध्यक्ष एवं प्रमुख निक टर्ली ने कहा कि ओपनएआई इस बात से प्रेरित है कि भारत में लाखों लोग सीखने, काम करने, रचनात्मकता और समस्या का समाधान तलाशने के लिए प्रतिदिन चैटजीपीटी का इस्तेमाल करते हैं।

## कार्यालय अधीक्षक नेताजी सुभाषचंद्र बोस, केन्द्रीय जेल, जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक-372/उद्योग/2025 — **वार्षिक ई-निविदा सूचना वर्ष 2025 2026** — जबलपुर, दिनांक 18/08/2025

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, केन्दीय जेल जबलपुर पर संचालित मसाला उद्योग में लगने वाली आवश्यक समाग्री एवं कच्चे माल के क्रय हेतु मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022 ) एवं जेल उद्योग (सिद्धदोष व्यक्तियों का नियोजन ) नियम, 2021 के अंतर्गत वार्षिक निविदा (ई-टेण्डर) वेबसाइट https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार हैं

| क. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री-बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 09.09.2025 को समय प्रात: 11:00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल अधीक्षक |
| 2 | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म की कीमत रू. 1000/- प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जावेगा ।- | दिनांक 15.09.2025 को समय प्रात: 05:30 बजे तक | https://mptenders.gov.in |
| 3 | नमूने जमा करने की तिथि | दिनांक 16.09.2025 को समय प्रात: 11:00 बजे तक | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल अधीक्षक |
| 4 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | दिनांक 17.09.2025 को समय प्रात: 11:00 बजे तक | ---------"-------- |
| 5 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 09.09.2025 को समय प्रात: 11:00 बजे तक | ---------"-------- |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । निविदा फार्म दर्शित वेबसाइट पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किया जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना केवल वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। इसके लिए पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

जेल अधीक्षक, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, केंद्रीय जेल, जबलपुर

G-17405/25 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष-07642-252443 ई-मेल –eephedmal@mp.nic.in फेक्स–07642-253622

निविदा क्रमांक 63 से 71 / 2025-26 / नि.शाखा / लो.स्वा.यॉ./2025 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — मण्डला, दिनांक-14.08.2025

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mpteders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है । निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mpteders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

***Name Of Work -*** Balance Work Of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Various Villages of Block **Ghughri, Bijadandi, Niwas, Mandla, Bichhiya & Mawai** of Distt Mandla M.P. based on Tube Well including installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line system, Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Errection of Pump house, household tap connections, including cost of all material & labour with 45 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning. **(1st Call)**

| NIT No. | Tender ID No. | Name of Villeges | Name of Block | PAC | EMD | Tender Doc. Fee | End Date of Sub mission | Bid Opening Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 63/ 25-26 | 2025_PHED_444765_1 | Silpura, Sakrijar, Khapakala, Sankuhi, Chatumar, Gajipur, Jhalpani, Malara, Devgaon, Baja, Lingaraiyat, Tikariya, Pategaon and Limarua | Mandla | 448.08 | 448080 | 15000 | 14.08.2025 | 26.08.2025 | 09 Months I/R Season |
| 64/ 25-26 | 2025_PHED_444766_1 | Madhopur, Narenimal, Rajomal, Danitola and Kakaiya | Bichhiya | 263.09 | 263090 | 15000 | 14.08.2025 | 26.08.2025 | |
| 65/ 25-26 | 2025_PHED_444768_1 | Amwar, Harratola, Nandram and Indri Ryt | Mawai | 237.80 | 237800 | 15000 | 14.08.2025 | 26.08.2025 | |
| 66/ 25-26 | 2025_PHED_444769_1 | Lodha, Chitapakhna, Paraswah, Kathideeh, Kuntidadargaon | Ghughri | 344.57 | 344570 | 15000 | 14.08.2025 | 26.08.2025 | |
| 67/ 25-26 | 2025_PHED_444770_1 | Sajpani, Bisandar, Ramhepur, Dongarmandla, Kandra, Pipardon G, Pandkala, Sailwara And Dhenko | Ghughri | 458.45 | 458450 | 15000 | 14.08.2025 | 26.08.2025 | |
| 68/ 25-26 | 2025_PHED_444771_1 | Bamhni, Devhara, Baniya, Chalni and Rehangi | Ghughri | 436.77 | 436770 | 15000 | 14.08.2025 | 26.08.2025 | |
| 69/ 25-26 | 2025_PHED_444772_1 | Tabalpani, Junvani and Ghughari | Ghughri | 289.24 | 289240 | 15000 | 14.08.2025 | 26.08.2025 | |
| 70/ 25-26 | 2025_PHED_444773_1 | Pondimal, Bllnagri mal, Budra and Barga | Bijadandi | 166.01 | 166010 | 12500 | 14.08.2025 | 26.08.2025 | |
| 71/ 25-26 | 2025_PHED_444774_1 | Manikpur, Gundlai, Jhinjhra, Bhanpur Bisora, Kohani, Bisanpura and Basart Mal | Niwas | 234.56 | 234560 | 15000 | 14.08.2025 | 26.08.2025 | |

नोट:- निविदा प्रत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है ।

G-17400/25 "स्वच्छता ही सेवा" कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मण्डला

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र 1 जबलपुर

निविदा सूचना क्र 18 वर्ष 2025-26 टेन्डर लिपिक — **निविदा सूचना** — जबलपुर दिनांक 14.08.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निर्मलखित कार्यो की निविदायें आमन्त्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु राशि (रू.लाख मे | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_444340_pack1 | सिटी सेक्शन जबलपुर अंतर्गत रंगाई पुताई, पुट्ठी, पेंटिंग, इमलशन इत्यादि कार्य । | प्रथम | 19.80 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_444341_pack1 | सिविल लाईन जबलपुर स्थित कंडोमेनियम भवन में रंगाई पुताई, पुट्ठी, पेंटिंग, इमलशन इत्यादि कार्य । | प्रथम | 19.50 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_444342_pack1 | कलानिकेतन एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज जबलपुर में कनेक्टिंग ब्रिज की मरम्मत कार्य एवं कलानिकेतन पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर जबलपुर के कक्ष क्र. 13, 14, 15 एवं 16 के बरामदे की छत की पाईप लाईन का कार्य (डिपॉजिट कार्य) | प्रथम | 3.40 | 8000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2025_PWDRB_444343_pack1 | कटंगा सेक्शन जबलपुर अंतर्गत रंगाई-पुताई इत्यादि कार्य । | प्रथम | 19.80 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2025_PWDRB_444344_pack1 | आदर्श नगर जबलपुर अंतर्गत रंगाई-पुताई इत्यादि कार्य । | प्रथम | 19.40 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2025_PWDRB_444346_pack1 | डी.एन.एल.यू. कार्यालय जबलपुर में सांस्कृतिक गतिविधि कक्ष में एडीशन, एल्ट्रेशन मरम्मत कार्य एवं सेप्टिंग टेंक की मरम्मत कार्य एवं अन्य कार्य । | प्रथम | 19.80 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2025_PWDRB_444350_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर अंतर्गत कंडोमेनियम भवन अंतर्गत माननीय न्यायाधीश बंगलों में एडीशन एल्ट्रेशन मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.70 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2025_PWDRB_444351_pack1 | उपसंभाग क्र. 3, जबलपुर अंतर्गत एम. एम. व्ही. सेक्शन अंतर्गत प्रोफेसर क्वार्टर्स में एडीशन एल्ट्रेशन मरम्मत कार्य एवं अन्य - कार्य | प्रथम | 19.50 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 2025_PWDRB_444352_pack1 | उपसंभाग क्र. 3, जबलपुर अंतर्गत सिटी सेक्शन में विशेष मरम्मत कार्य एवं अनुविभागीय अधिकारी, उपसंभाग क्र. 1 एवं मार्ग उपसंभाग जबलपुर अंतर्गत विभिन्न कार्य । (डिपॉजिट कार्य) | प्रथम | 19.80 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 10 | 2025_PWDRB_444353_pack1 | एन.सी.सी. बिल्डिंग जबलपुर में एडीशन, एल्ट्रेशन मरम्मत एवं अन्य कार्य (डिपॉजिट कार्य) | प्रथम | 19.70 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 11 | 2025_PWDRB_444354_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर अंतर्गत कंडोमेनियम भवन के पीछे गार्डन में एडीशन एल्ट्रेशन मरम्मत आदि कार्य । (डिपॉजिट कार्य) | प्रथम | 19.99 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 12 | 2025_PWDRB_444528_pack1 | मुख्यालय सेक्शन अंतर्गत साऊथ सिविल लाईन स्थित माननीय न्यायाधीश बंगलों में रंगाई पुताई, पुट्ठी, इमलशन आदि कार्य । | प्रथम | 19.95 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 13 | 2025_PWDRB_444529_pack1 | मुख्यालय सेक्शन अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय के व्ही. व्ही.आई.पी. बंगलो में मरम्मत एवं अन्य कार्य । | प्रथम | 19.85 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 14 | 2025_PWDRB_444530_pack1 | मुख्यालय सेक्शन अंतर्गत पचपेढ़ी स्थित आवासीय बंगलो में रंगाई, पुताई, पुट्ठी, इमलशन आदि कार्य । | प्रथम | 19.75 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 15 | 2025_PWDRB_444531_pack1 | मुख्यालय सेक्शन अंतर्गत पचपेढ़ी 04 नग माननीय न्यायाधीश बंगलो में विभिन्न मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.65 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 16 | 2025_PWDRB_444532_pack1 | एस.आई.एस.ई. एवं सी.टी.ई. जबलपुर में (1) जेन्ट्स टॉयलेट ( 2 ) गर्ल्स कॉमन टॉयलेट (3) क्लास रूम नं. 12 (4) फिजिक्स लैब, बॉयलॉजी लैब में रेनोवेशन कार्य एवं (5) रंगाई पुताई, प्लास्टरिंग, फ्लोरिंग आदि कार्य (डिपॉजिट कार्य) | प्रथम | 51.13 | 51130.00 | 10000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 17 | 2025_PWDRB_444633_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 1. जबलपुर अंतर्गत अतिवर्षा से प्रभावित मार्गो में पुल, पुलियों, शोल्डर की मरम्मत कार्य एवं मार्गों में अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 20.00 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | योग | | 350.72 | | | |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 30/08/2025 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियॉं एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटन पर देखी जा सकती है।

G-17392/25 "स्वच्छता ही सेवा" कार्यपालन यंत्री निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्र 1 जबलपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटारसी

क्रं. 1132 / लोक कर्म शाखा/2025 — इटारसी, दिनांक 18/08/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर पोर्टल क्रं | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_445206_1 | वार्ड क्रं 23 अहिल्या नगर में सामुदायिक भवन पर शेड निर्माण कार्य । (द्वितीय आमंत्रण) विधायक निधि | 2,52,839/- | 2000/- 2529/- | 25.08.2025 17.30 |
| 2 | 2025_UAD_445217_1 | वार्ड क्रं 06 में चैतराम कैथवास के मकान से रामलाल कैथवास के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य । (द्वितीय आमंत्रण) विधायक निधि | 2,62,839/- | 2000/- 2621/- | 25.08.2025 17.30 |
| 3 | 2025_UAD_445241_1 | वार्ड क्रं 07 में भारती विद्या मंदिर स्कूल से पवन चौरे के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य । (द्वितीय आमंत्रण) | 3,36,582/- | 2000/- 3366/- | 25.08.2025 17.30 |

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, इटारसी

**In The Court Of III Civil Judge Senior Division, District Court, Narsinghpur**
**Presiding Officer: धर्मेन्द्र नागवंशी**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC000006/2025)
रामकुमार राजपूत............आवेदक
Vs
आम जनता.........अनावेदक

Process Id- /2025
प्रेषिती — पेशी दिनांक :- 12/09/2025
(1) आम जनता पता- जिला नरसिंहपुर
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार राजपूत पता ने मृतक बालगोविंद सिंह राजपूत निवासी दुर्गा मंदिर के पास मलेरिया कालोनी नरसिंहपुर की राशि संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12 September 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 September 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 13 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
(धर्मेन्द्र नागवंशी)
सील — तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, नरसिंहपुर

कृपया ध्यान दे:-1. यदि को कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.

कार्यालय दूरभाष नं. एवं फैक्स नं. - 07652-250318 Email ID - cmodhanpuri@mpurban.gov.in

क्रमांक / न.पा./लो.नि./2025-26/948 — **निविदा सूचना** — धनपुरी दिनांक :-19/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में जेम पोर्टल पर पंजीकृत संविदाकारों से ऑनलाईन ऑनलाईन जेम पोर्टल के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट GEM PORTAL पर बिड नं. पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | जेम बिड क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | लागत | कार्य की समयावधि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | BID No. GEM/2025/B/6581726 Dt. 18/08/2025 | गाजर घास उन्मलन हेतु कैमिकल द्रव क्रय किये जाने बावत् | 5.00 लाख (18 प्रतिशत जीएसटी सहित) | कार्यादेश से 15 दिवस | 02-09-2025 तक |
| 2. | BID No. GEM/2025/B/6578466 Dt. 18/08/2025 | आपदा प्रबंधन से संबंधित सामग्री डाम, कैचर, ड्रिल मशीन, लाईफ जैकेट, रिंग, टार्च, सेफ्टी, रस्सी, परस्टऐड, बाक्स, फोल्डिंग, स्टेचर, ट्री, कटर, फायर सूट सामग्री क्रय किये जाने बावत् | 10.00 लाख (18 प्रतिशत जीएसटी सहित) | कार्यादेश से 15 दिवस | 02-09-2025 तक |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन GEM PORTAL की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् धनपुरी
जिला- शहडोल म.प्र.

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग मण्डला (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 15 / 2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — मण्डला, दिनांक 18.08.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईड पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें।

| ग्रुप. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB 445050_1 | मण्डला | उपसंभाग मण्डला अंतर्गत सिविल लाइंस मण्डला स्थित शासकीय आवासगृह ईओटी -02 में लघुमूल गौण कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 21.18 | 42360 | 5000 | 03 माह वर्षा काल सहित |
| | | | | योग रू. | 21.18 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 26/08/2025 ( 17.30) बजे तक निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगें । अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री,
लो. नि. विभाग (भ/स) समांग मण्डला

G-17452/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## पश्चिम मध्य रेल

**इंजीनियरिंग विभाग–खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**–डी.आर.एम. डब्ल्यू-जे.बी.पी.–121–2025 दिनांक: 13.08.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**–सहायक मंडल अभियंता ब्योहारी उप मंडल के अंतर्गत 2 वर्षों की अवधि के लिए छतैनी, दुबरी कलां, सरैग्राम, मझौली आदि स्टेशनों के रेलवे कॉलोनी/कुएं/ओवरहेड / उच्च भंडारण टैंक तक आवश्यक मात्रा में पीने का पानी की आपूर्ति और परिवहन करना, जिसमें ठेकेदार द्वारा स्रोत, उपकरण, संयंत्र और श्रम प्रदान किया जाना है। **कार्य का अनुमानित मूल्य** रू.–12,01,727/–, **बयाना राशि रुपये**–24,000/–, **समापन अवधि**–24 माह, **निविदा के भरने की अंतिम तिथि एवं समय ( 15.00 बजे तक )**–दिनांक 09/09/2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय ( 15.15 बजे )**–दिनांक 09/09/2025 को। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक ( कार्य ) जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

SBI
भारतीय स्टेट बैंक

**सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक**

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन-देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक
दिनांक: 20.08.2025

## चिंतन

# दुर्लभ मैग्नेट की आपूर्ति से दूर होगी भारत की चिंता

अधिकतर मौके पर भारत और चीन के संबंध तनावपूर्ण ही रहते हैं। लंबे अर्से से जारी सीमा विवाद के चलते चीन भारत के लिए भरोसेमंद नहीं है। लेकिन हाल में ट्रंप 2.0 काल में अमेरिका ने भारत से अदावत शुरू की तो चीन भारत के करीब आने लगा है। चीन को भारत की विशाल कंज्यूमर ताकत का एहसास है। एक समय भारत और अमेरिकी की गहरी होती बॉन्डिंग से चीन असहज महसूस कर रहा था, अब अमेरिका का एकतरफा भारत के खिलाफ शुरू किया गया दुश्मन सरीखा व्यवहार चीन को भारत से संबंध सुधारने का अवसर दे रहा है। अभी जब भारत डिजिटल, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटो, ड्रोन समेत रक्षा उपकरण व सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो चीन ने इन उद्योगों में अनिवार्य उपयोगी रेयर अर्थ मेटल्स (दुर्लभ मृदा खनिजों) की आपूर्ति जुलाई से भारत को बंद कर दी। हालांकि भारत ने विकल्पों पर काम करना शुरू किया, लेकिन चीन के साथ भी वार्ता जारी रखी। भारत ने चीन को स्पष्ट संदेश दिया कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ठीक है, लेकिन भारत के विनिर्माण क्षेत्र के ग्रोथ को बाधित करने के लिए कच्चे माल को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना उचित नहीं है। अब भारत के दो दिवसीय दौरे पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारत को उर्वरकों और दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति से जुड़े प्रतिबंधों में ढील देने पर सहमति जताई है। अगर चीन इस पर अमल करता है और भारत को रेयर अर्थ मेटल्स खासकर मैग्नेट की आपूर्ति की बाधाएं दूर करता है, तो नई दिल्ली की बड़ी चिंता दूर होगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ वार्ता में भारत की तीन प्रमुख चिंताओं को रखा और चीन ने इनका समाधान करने का वादा किया है। चीन भारत की उर्वरकों, दुर्लभ मृदा खनिजों और सुरंग खोदने वाली मशीनों की जरूरतों को पूरा करेगा। दुर्लभ मृदा खनिजों को उच्च-स्तरीय तकनीकी उत्पादों, जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। वैश्विक दुर्लभ मृदा खनन में चीन का लगभग 70 प्रतिशत योगदान है। भारत व चीन अगर अपने संबंध सुधार कर सामान्य स्तर पर लाते हैं, जिसमें विश्वास बहाली हो, ट्रेड हो, तो ब्रिक्स के मजबूत होने के साथ एशिया के आर्थिक, व्यापारिक व सामरिक परिदृश्य बदल सकते हैं। पश्चिमी हथियार निर्माता लॉबियों की ओर से पैदा किए गए तनावों के चलते एशियाई देशों का बहुत अधिक पैसा अस्त्र-शस्त्र पर खर्च होता है, जिसकी बचत से विकास व गरीबी उन्मूलन में मदद मिल सकती है। भारत की रेयर अर्थ मेटल की करीब 85 फीसदी जरूरतें चीन से आयात पर निर्भर हैं। भारत में 69 लाख मीट्रिक टन का भंडार है, लेकिन उत्पादन क्षमता सीमित है। सरकार जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, झारखंड और कर्नाटक में रेयर अर्थ मेटल्स के भंडार की खोज को बढ़ावा दे रही है। विशाखापत्तनम में रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट प्लांट लगाया है। 2030 तक भारत की मांग 7,000 टन से भी ज्यादा हो सकती है। नियोडिमियम-प्रसीओडिमियम (एनडीपीआर) ऑक्साइड और एनडीएफईबी मैग्नेट्स के लिए लंबे समय तक कीमतों की गारंटी देने, खनिज समृद्ध राज्यों में उत्पादन व शोध को बढ़ावा देने के लिए छोटे हब बनाने, इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड की प्रोडक्शन क्षमता बढ़ाने, एक राष्ट्रीय मैग्नेट भंडार बनाने व चीन के अलावा दूसरे देशों से आयात करने व वहां निवेश करने जैसे कदमों से दुर्लभ खनित के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है। चीन से आयात जारी रहने पर भारत को समय मिल जाएगा।

# नए आर्थिक सुधार के ट्रैक पर भारत



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

ट्रंप टैरिफ की चुनौती के बीच भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 साल में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान से टॉप- 5 में पहुंच गया है और अब भारत टॉप-3 की ओर आगे बढ़ रहा है। यह गति भारत को रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की भावना से मिली है। भारत अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थशास्त्रियों और शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक की और नये सुधारों के मसौदे पर विचार-विमर्श किया। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को बेअसर करने के लिए सरकार आर्थिक विकास में वृद्धि हेतु मिशन मोड में आ चुकी है। अब सरकार के मंत्रालयों ने अगले 100 दिनों में लिए जाने वाले संभावित बड़े आर्थिक फैसलों पर काम करना शुरू कर दिया है। इन फैसलों में चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों को नरम करना, ई-कामर्स एक्सपोर्ट हब की शुरुआत, चमड़ा उद्योग के लिए पर्यावरण नियम में छूट, स्टार्टअप को टैक्स में और छूट, तंबाकू व फार्मा व्यापारी के पंजीयन नवीनीकरण की समय सीमा को बढ़ाना और औद्योगिक मंजूरी के पोर्टल को और अपडेट करना शामिल है।

वित्त मंत्रालय भी अगले 100 दिनों में जीएसटी का नया वर्जन लागू करने जा रहा है। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ की चुनौती के बीच भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 साल में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान से टॉप- 5 में पहुंच गया है और अब भारत टॉप-3 की ओर आगे बढ़ रहा है। यह गति भारत को रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की भावना से मिली है। वस्तुतः भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे बड़ा लोकतंत्र, स्टार्टअप्स, इनोवेशन और रिसर्च का इकोसिस्टम, सबसे तेजी से बढ़ता बाजार और विनिर्माण व सेवा क्षेत्र की ऊंचाइयां दुनिया के देशों को भारत के साथ व्यापार-कारोबार बढ़ाने और एफटीए के लिए प्रेरित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि एक ओर जब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में भारत के कड़े रुख से बौखलाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 31 जुलाई को भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बता दिया है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत दुनिया के विकास में 16 प्रतिशत का योगदान देता है और इसी वर्ष भारत दुनिया की चौथी शीर्ष अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह भी उम्मीद की जा रही है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक आर्थिक संगठन भारत के तेज विकास की रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) का नया आकलन जारी किया है। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के अनुमान की तुलना में थोड़ा अधिक है। आईएमएफ ने कहा है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 फीसदी यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। वहीं, अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास के अनुमान को 0.1 फीसदी यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया गया है। इससे पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था किस रफ्तार से आगे बढ़ रही है। विश्व बैंक ने कहा है कि अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अनुमान लगाया है कि भारत की जीडीपी



2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ इसी तरह की राय दुनिया की तीन प्रमुख रेटिंग एजेंसियों मूडीज, एसएंडपी और फिच ने भी जताई है। स्पष्ट है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति मजबूत है। निवेशकों का विश्वास बना हुआ है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। कई और महत्वपूर्ण आधार भारत की आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। महंगाई दर घटने से विकास को गति मिल रही है। लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रहने के बाद देश में महंगाई के काफी नीचे आने के पीछे एक प्रमुख कारण अच्छा मानसून बेहतर कृषि उत्पादन भी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को चौथी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। लेकिन यह समय भारत के लिए एक ऐसा महत्वपूर्ण मोड़ है, जब अमेरिका के द्वारा अधिक टैरिफ लगाए जाने से भारत के लिए अमेरिका का बाजार सीमित हो रहा है, तब भारत एफटीए के माध्यम से निर्यात और विकास दर बढ़ाने के लिए नए बाजार खोलने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। स्थिति यह है कि दुनिया के कई देश भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के मद्देनजर भारत के साथ एफटीए के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। भारत अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले माह 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं।

यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अब वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने के मद्देनजर सरकार के द्वारा अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना होगा। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। हम उम्मीद करें कि 15 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई आर्थिक घोषणाओं और ट्रंप टैरिफ से निर्मित आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर रणनीतिक प्रयासों से भारत विकास की डगर पर लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सुप्रीम चेतावनी

क्षमा शर्मा




# स्त्री-पुरुष संबंधों को बराबरी की दृष्टि से देखने की जरूरत

हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि शादी में रहते हुए किसी और से सम्बध बनाने के मामले में स्त्री भी अपराधी होती है। न्यायालय ने महिला को चेतावनी भी दी कि उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जा सकती है क्योंकि उसने पति के रहते हुए भी किसी और से शारीरिक सम्बंध बनाए। मामला यह था कि एक विवाहित स्त्री ने एक व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसके वकील का कहना था कि उक्त व्यक्ति ने उस महिला से शादी का झूठा वादा करके लम्बे अरसे तक शारीरिक सम्बंध बनाए। इसलिए उस आदमी की एंटीसिपेटरी बेल खारिज की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने महिला को डांटते हुए कहा कि आपको याद रखना चाहिए कि आप एक शादीशुदा महिला हैं। आप वयस्क भी हैं । आपके दो बच्चे हैं। ऐसे में पति के होते हुए भी इस तरह के व्यवहार का क्या परिणाम होता है, अच्छी तरह से जानती ही होंगी। आप उस व्यक्ति के बुलावे पर बार-बार होटल में गई ही क्यों। यह महिला 2016 में उस आदमी से सोशल मीडिया के जरिए मिली थी। तब से दोनों में सम्बंध थे। महिला ने अपने पति से तलाक मांगा। उसका कहना था कि इसके लिए उसके पुरुष मित्र ने ही दवाब बनाया था। इस वर्ष मार्च में परिवार अदालत में तलाक हो गया। इसके बाद जब महिला ने अपने पुरुष मित्र से विवाह के बारे में कहा, तो उसने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर बिहार में इस व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा कर दिया। पटना हाईकोर्ट ने उस व्यक्ति को एंटीसिपेटरी बेल दी थी। महिला इसी को खारिज कराने के लिए उच्चतम न्यायालय तक आई थी। मगर उच्चतम न्यायालय ने भी उसकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया। महिला को डांटा भी। अरसे से अदालतें कह रही हैं कि दो वयस्कों के बीच शारीरिक सम्बंध दुष्कर्म नहीं होता है। बहुत बार देखा गया है कि जोड़े लिव इन में रहते हैं। बात नहीं बनी तो स्त्रियां दुष्कर्म का केस कर देती हैं। देखने की बात यह है कि जिन महिलाओं , बच्चियों को दुष्कर्म जैसे भयानक अपराध से गुजरना पड़ता है, उनमें से बहुत कम न्यायालय तक पहुंच पाती हैं। क्योंकि अपने देश में न्यायिक प्रक्रिया बहुत समय लेती है। कई साल पहले दुष्कर्म की शिकार एक चौदह साल की बच्ची ने एक बच्चे को जन्म दिया था। फिर कुछ दिनों बाद वह उस अपराधी के साथ ही रहने चली गई थी। उसने कहा था कि मेरे माता-पिता गरीब हैं। कब तक पुलिस और अदालतों के चक्कर काटूं। ऐसे में खुद को और अपने बच्चे को भूखा कैसे मरने दूं। कम से कम वह आदमी मुझे और मेरे बच्चे को रोटी तो देगा। निर्भया मामले में पूरे देश में उबाल आ गया था। प्रदर्शन और धरनों से देश हिल उठा। कठोर दुष्कर्म कानून की मांग हुई थी। नया कानून बना भी था, लेकिन कठोर कानून के बावजूद दुष्कर्म रुक नहीं सके। एनसीआरबी के अनुसार 2021 में पूरे देश में 31677 रेप केस दर्ज किए गए थे। इनमें से अधिकांश अपराध उन लोगों द्वारा किए गए थे, जो महिलाओं के परिचित या रिश्तेदार थे। तो क्या ये माना जाए कि इस तरह के कानूनों की जरूरत ही नहीं। यदि अपराध हैं, तो उनसे निपटने के लिए कानून भी होने चाहिए। इसके अलावा कानून तक हर एक की पहुंच होनी चाहिए, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। कानूनी प्रक्रिया भी लम्बी नहीं होनी चाहिए साथ ही इसके लिए उन महिलाओं के लिए संसाधन जुटाने की जरूरत भी है, जो आर्थिक कारणों से इन तक नहीं पहुंच पातीं। यह बात भी सच है कि एक तरफ तो सताई गई स्त्रियां, किसी न किसी कारणवश कानून तक नहीं पहुंच पातीं, तो दूसरी तरफ साधन-सम्पन्न स्त्रियां बहुत बार कठोर कानूनों का दुरुपयोग करती हैं। ऐसी खबरें बार-बार आती हैं। जांच एजेंसियां भी कहती हैं कि बहुत से दुष्कर्म के मामले झूठे होते हैं। कई बार वे बदला लेने के लिए भी लगाए जाते हैं। जो कानून स्त्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, यदि उनका दुरुपयोग होगा तो निश्चय ही कानूनों में लोगों का भरोसा कम होगा। जिसने कोई अपराध नहीं किया है, यदि उसे अपराधी बनाया जाए, तो फिर कानून की विश्वसनीयता भी कम होती है। आज के समय में जब बड़ी संख्या में युवक-युवतियां घर से बाहर निकलते हैं, साथ काम करते हैं, उनमें मैत्री भी होती ही है। सम्बंध भी बनते हैं। बहुत से लिव इन में भी रहने लगते हैं। जब सम्बंधों में दरार आने लगती है, लड़के वादे से मुकर जाते हैं, या किसी और सम्बंध में चले जाते हैं, तब लड़कियां गुस्से में दुष्कर्म का मामला दर्ज करा देती हैं। इन दिनों शादीशुदा स्त्रियां भी दूसरे सम्बंधों में आ जाती हैं। कोई कह सकता है कि यदि पुरुष विवाहित होते हुए, दूसरी स्त्रियों से सम्बंध रखते हैं, तो स्त्रियां ऐसा क्यों नहीं कर सकतीं। सवाल यही है कि क्या स्त्रियां पुरुषों के इस व्यवहार को उचित मानती हैं। नहीं न, तो स्त्रियों का ऐसा व्यवहार भी उचित कैसे माना जा सकता है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
**दर्शन**

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतरिक्ष विज्ञान में ऊंची छलांग



आजादी के समय भारत की तस्वीर गरीब, अशिक्षित और बदहाल देश की थी। फिर भी मजबूत अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति के साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान में भी ऊंची छलांग उसी भारत की बुलंद तस्वीर पेश कर रही है।

## आज की पाती

### नकली बाबाओं के कृत्यों को छानना होगा

सभी धार्मिक संगठनों की पहल तो मृदु वचनों से ही होती है, जिनमें से कुछ तो पहले अज्ञानी लोगों को अपने ज्ञान-जाल में ऐसा फंसाते हैं, जहां से निकलने के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। बहुत कुछ खोने के बाद जब उन्हें होश आता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। बाबाओं के मकडज़ाल से भोले-भाले लोगों को बचाना सरकार व सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उनके प्रवचनों में न जाकर उनकी पृष्ठभूमि की जांच करना जनहित में होगा। लोगों को चालाक और चालबाज बाबाओं से सचेत रहते की जरूरत है। देशभर में कई ऐसे बाबा हैं, जिनके चेहरों से नकाब उतर चुका है। मीडिया को भी लोगों को जागरूक करना चाहिए।

*- गिरीश नायक, बागबहरा*

## करंट अफेयर

# द. कोरिया और अमेरिकी सैन्य अभ्यास की किम ने की निंदा


उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच जारी सैन्य अभ्यास की निंदा की साथ ही दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए देश की परमाणु ताकत को तेजी से बढ़ाने का संकल्प लिया। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किम ने यह बात परमाणु-सक्षम प्रणालियों से लैस सबसे उन्नत युद्धपोत का निरीक्षण करने के दौरान कही। किम जोंग उन ने सोमवार को ठीक उस समय पश्चिमी बंदरगाह नम्पो का दौरा किया जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने अपना वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' शुरू किया। दोनों देशों का यह अभ्यास परमाणु-हथियार संपन्न उत्तर कोरिया से उत्पन्न खतरों का बेहतर ढंग से मुकाबला करने की तैयारियों का हिस्सा है। यह 11 दिवसीय अभ्यास साल में दो बार होने वाले बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास में से दूसरा है। इसमें 21,000 सैनिक शामिल हैं, जिनमें 18,000 दक्षिण कोरियाई हैं और इसमें कंप्यूटर-आधारित कमांड पोस्ट संचालन तथा मैदानी प्रशिक्षण शामिल हैं। दक्षिण कोरिया और अमेरिका का कहना है कि यह अभ्यास रक्षात्मक है, लेकिन उत्तर कोरिया लंबे समय से इन्हें हमले की तैयारी बताता आया है और अक्सर ऐसे मौकों पर हथियार परीक्षण करता है।



## ऑफ बीट

# बिना जरूरत न लें एंटीबायोटिक दवा


एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब पैदा होता है जब एक सूक्ष्मजीव बदल जाता है और उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता है, जो पहले प्रभावी थी।



इससे दवा का असर नहीं होने के कारण बीमारी बढ़ने, मृत्यु की अधिक आशंका और स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च होता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर यह स्थिति है कि कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है क्योंकि मौखिक एंटीबायोटिक्स अब प्रभावी नहीं हैं और उन्हें ड्रिप के माध्यम से अंतःशिरा चिकित्सा प्रदान करने की आवश्यकता होती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। कुछ अस्पतालों को इस बात पर विचार करना होगा कि क्या एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों के जोखिम के कारण कैंसर का इलाज करना या सर्जरी करना व्यवहार्य है। ऑस्ट्रेलिया विकसित दुनिया में एंटीबायोटिक दवाओं के सबसे अधिक उपयोगकर्ताओं में से एक है। हमें इस बहुमूल्य संसाधन का बुद्धिमानी से उपयोग करने की आवश्यकता है, अन्यथा हम भविष्य को खतरे में डाल देंगे जहां एक साधारण संक्रमण आपको मार सकता है क्योंकि कोई एंटीबायोटिक असर नहीं करेगी।

## ट्रेंड

### हवाईअड्डे का विकास



केन्द्रीय कैबिनेट ने आज 1507 करोड़ की लागत से कोटा-बूंदी (राजस्थान) में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास को मंजूरी दी। इस महत्वपूर्ण निर्णय से कोटा सहित आसपास के क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, शिक्षा व रोजगार को भी बढ़ावा मिलने वाला है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### विनम्र श्रद्धांजलि



हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक रचनाकार, 'पद्म भूषण' हजारी प्रसाद द्विवेदी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि ! ज्ञान, गहराई और गरिमा से सिंचित आपकी रचनाएं भारतीय सांस्कृतिक चेतना की अमिट अभिव्यक्ति हैं। आपका चिंतन, आपकी शैली हिंदी साहित्य की कालजयी विरासत है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां



हमारी सरकार हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष बाढ़ प्रबंधन की तैयारियाँ छह महीने पहले ही शुरू कर दी गई थीं। ऑन ग्राउंड जाकर वास्तविक स्थिति का जायज़ा भी ले रहे हैं और त्वरित मदद भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### क़ानून-व्यवस्था ठप



दिल्ली के स्कूलों को बार-बार धमकियां मिलती हैं लेकिन आज तक न कोई पकड़ा गया है, न कोई कार्रवाई हुई है। बीजेपी से ना तो दिल्ली संभल रही है, ना ही दिल्ली की क़ानून-व्यवस्था।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## शिक्षिका की हालत गंभीर, जबलपुर रेफर

# छात्र ने शिक्षिका पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

### आरोपी गिरफ्तार, शिकायत से था नाराज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सोमवार को थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी शिक्षिका पर 18 वर्षीय छात्र ने आग लगा दी। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस हमले में शिक्षिका करीब 25 प्रतिशत तक झुलस गई हैं और उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया। वही पुलिस में आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली मे मामला दर्ज कर हिरासत मे ले लिया। वही शिक्षिका का उपचार जबलपुर मे जारी है। बताया जा रहा है कि विवाद की शुरुआत 15 अगस्त के कार्यक्रम के दौरान हुई थी।**



### मामला इस प्रकार है -

उक्त संबंध मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने बताया कि आरोपी की पहचान सूर्यांश कोचर उम्र 18 वर्ष निवासी कल्याणपुर थाना डोंगरगांव के रूप में हुई है, जो पहले उत्कृष्ट विद्यालय का छात्र था। पुलिस के अनुसार आरोपी और पीडिता एक-दूसरे को जानते थे। घटना की वजह 15 अगस्त के कार्यक्रम से जुड़ी है, जिसमें शिक्षिका ने साड़ी पहनी थी। आरोपी ने इस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसकी शिकायत शिक्षिका ने स्कूल प्रबंधन से की थी। इसी बात से गुस्सा होकर आरोपी ने उक्त घटना को अंजाम दिया गया।

### आरोपी कक्षा बारहवीं का है छात्र

उत्कृष्ट विद्यालय की 26 वर्षीय अतिथि शिक्षिका पर उसी स्कूल के एक पूर्व छात्र ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उक्त संबंध में स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य जी एस पटेल द्वारा बताया गया कि आरोपी सूर्यांश कक्षा 9वी तक उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर मे अध्ययनरत था उसकी खराब तबीयत और लगातार आने वाली शिकायतों के कारण उसे स्कूल से निकाल दिया गया था। प्रिंसिपल ने यह भी बताया कि वह अपनी उम्र से बड़े लोगों के साथ रहता था। वर्तमान में सूर्यांश कल्याणपुर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं बायोलॉजी संकाय का छात्र है। वहां के प्राचार्य ओ पी कौरव ने बताया कि सूर्यांश कुछ दिन पहले दादा के साथ जयपुर जाने की बात कहकर स्कूल से गया था और उसके बाद से लौटा नहीं था। आरोपी छात्र शिक्षिका के घर बोतल मे पेट्रोल लेकर पहुंचा और पेट्रोल छिड़का और लाइटर से आग लगाकर तुरंत वहां से भाग गया।

### आरोपी छात्र गिरफ्तार

एसडीओपी मनोज गुप्ता ने बताया कि थाना कोतवाली में महिला द्वारा देर रात रिपोर्ट लेख करायी की 15 अगस्त को साडी पहनने की बात पर नाराज होकर आरोपी सूर्यांश उर्फ पार्श्व कोचर पिता वीरेन्द्र कोचर उम्र 18 वर्ष 01 माह निवासी कल्याणपुर थाना डोंगरगांव जिला नरसिंहपुर के द्वारा महिला के घर आकर महिला पर एवं साडी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गयी। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 621/2025 धारा 124(1), 332 (इ) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार तत्काल टीम गठित कर आरोपी को डोंगरगांव थाना क्षेत्र के कल्याणपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## मुस्लिम समाज के लोगों ने एसपी को सौपा ज्ञापन

रीवा। जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोरगी स्थित एक दरगाह में हाल ही में हुई तोड़फोड़ और धार्मिक प्रतीक के अनधिकृत प्रदर्शन के बाद अब सोशल मीडिया पर फैल रही आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणियों से मुस्लिम समुदाय में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। सोमवार को समुदाय के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। समुदाय के वरिष्ठजनों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया कि घटना के बाद कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का उपयोग कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले आपत्तिजनक कमेंट्स कर रहे हैं। इनमें कुछ टिप्पणियां इस्लाम धर्म के पैग़म्बर के खिलाफ आपत्तिजनक और उकसाने वाली हैं, जिससे क्षेत्र में पुनः तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ज्ञापन में कहा गया है कि गोरगी की दरगाह में हुए कृत्य के बाद जिस प्रकार पुलिस और प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को कुछ ही घंटों में हिरासत में लिया, उससे सामुदायिक विश्वास को बल मिला है। लेकिन अब सोशल मीडिया पर की जा रही टिप्पणियों से शांति और सौहार्द के माहौल पर खतरा मंडराने लगा है।

## कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने डीएफओ के निलंबन की मांग उठाई

# बाघ की मौत और सबूत जलाने के मामले ने पकड़ा तूल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सोनेवानी अभयारण्य में बाघ की संदिग्ध मौत और उसके शव को जलाकर सबूत मिटाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने गुरुवार को इस मामले को गंभीर बताते हुए एसीएस अशोक वर्णवाल से मुलाकात की और डीएफओ अधर गुप्ता के निलंबन की मांग की। विधायक मुंजारे ने सवाल उठाया कि आखिर अब तक एसडीओ और डीएफओ पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? जबकि एसडीओ के सस्पेंशन का प्रस्ताव वन्य प्राणी शाखा से प्रशासन को भेजा जा चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएफओ अधर गुप्ता को बचाने की कोशिश की जा रही है और इसमें बिरादरी का खेल होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**क्या है मामला :** सोनेवानी अभयारण्य में एक बाघ की मौत के बाद उसके शव को जला दिया गया था ताकि सबूत नष्ट हो जाएं। इस सनसनीखेज घटना का खुलासा एक व्हाट्सएप पोस्ट के जरिए हुआ, जिसमें बाघ की तस्वीर और लोकेशन साझा की गई थी। जांच में सामने आया कि चौकीदारों ने डिप्टी रेंजर टी.आर. हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे के निर्देश पर शव को जलाया था। चौकीदारों ने कबूल किया कि 27 जुलाई को बाघ का शव मिलने के बाद उसे जंगल के अलग-अलग कक्षों में ले जाया गया और अंततः 29 जुलाई को सूखी लकड़ियां इकट्ठा कर उसे पूरी तरह जला दिया गया। इसके बाद राख को चारों तरफ फैला दिया गया ताकि कोई सबूत न बचे।

**कार्रवाई और जांच:** सच सामने आने के बाद डिप्टी रेंजर टी. आर. हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे को निलंबित कर दिया गया है। वहीं छह चौकीदारों हरिलाल, शिवकुमार सिंह, शैलेश सिंह, अनुज, मान सलामे और देव सिंह कुमरे को आरोपी बनाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने भी निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। उनका कहना है कि केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर आरोप मढ़कर असली जिम्मेदार अफसरों को बचाया नहीं जा सकता। वन विभाग के एसडीओ बी. आर. सिरसाम ने पुष्टि की कि मामले में मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन हुआ है।

## नागरिकों के सुझावों पर होगा अमल

# विश्वप्रसिद्ध गोटमार मेला पांढुर्ना की गौरवशाली परंपराः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गोटमार यह पांढुर्ना की गौरवशाली परंपरा है और पूरे विश्व में जाना जाता है। इस परंपरा का गौरव कायम रखना पांढुर्ना के नागरिकों का कर्तव्य है। इसके लिए गोटमार मेला स्थल के ईर्द-गिर्द बसे लोगों ने अपने मकानों पर चढकर गोटमार करने वाले और गोफन चलाने वालों को रोकना चाहिए। आगामी 23 अगस्त शनिवार को नगर में होनेवाले विश्वप्रसिद्ध गोटमार मेला को लेकर आज संपन्न बैठक में कलेक्टर अजय देव शर्मा ने उक्त वक्तव्य देते हुए कहा कि मेले का झंडा शाम तक नहीं टूटने की स्थिति में सावरगांव एवं पांढुर्ना दोनों पक्षों के नागरिकों ने आपसी सामंजस्य और तालमेल बनाकर मेला समाप्त करना चाहिए। आज की बैठक में एसपी सुंदरसिंह कनेश, एडिशनल एसपी, नीरज सोनी, एडीएम श्री अग्निहोत्री, एसडीएम अलका एक्का, एसडीओ पुलिस ब्रजेश भार्गव, जनपद सीईओ बिंदू सूर्यवंशी, तहसीलदार विनय ठाकुर, थाना प्रभारी अजय मरकाम, सीएमओ आर.के. इवनाती, नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे, नगरमंडल अध्यक्ष बंटी छांगानी तथा नपा उपाध्यक्ष ताहीर पटेल के अलावा अनेक उपस्थित थे। कलेक्टर अजय देव शर्मा ने बताया कि हमारे छात्र जीवन में कलेक्टर बनने के लिए दी जानेवाली परीक्षाओं में गोटमार मेला कहा होता है ? यह सवाल पूछा जाता था। तब मैने सोचा नहीं था कि मुझे पांढुर्ना जिले का कलेक्टर बनकर गोटमार मेले का प्रबंधन देखना होगा। कलेक्टर महोदय ने आम जनता के सुझावों के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक ध्यान दिए जाने का आश्वासन दिया। इन्होंने गोटमार मेले के दौरान गोफन पूर्णतः प्रतिबंधित होने की बात कही।

# युगांडा की प्रधानमंत्री ने कहाः यहां भी बने बागेश्वर धाम मठ

**बागेश्वर महाराज के मानवता के कार्यों को सराहा, किया सम्मान**

**महाराज श्री ने संसद परिसर में की प्रधानमंत्री से भेंट, फहराया सनातन का परचम**



**छतरपुर। दुनिया भर में आस्था का केंद्र बना बागेश्वर धाम अब सनातन संस्कृति और सनातनी गतिविधियों के प्रचार प्रसार का केंद्र भी बन गया है। दुनिया भर के सनातनी बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। बदलते परिदृश्य में सनातनियों में एकजुटता का भाव पैदा हो रहा है। बागेश्वर महराज ने युगांडा में भी सनातन का परचम लहराया। युगांडा की प्रधानमंत्री ने महाराज श्री से आग्रह किया कि युगांडा की उन्नति और उत्थान के लिए यहां बागेश्वर सनातन मठ बनाएं। युगांडा की प्रधानमंत्री ने बागेश्वर महाराज द्वारा चलाए जा रहे नर सेवा नारायण सेवा के संकल्पों की सराहना की और उनका सम्मान किया।**

बुंदेलखंड के गौरव बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराज श्री ने अफ्रीकी देश युगांडा में भी भारत का मान बढ़ाया। तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा के बाद युगांडा की प्रधानमंत्री श्रीमती रोबिना नब्बांजा से महाराज श्री की भेंट हुई। प्रधानमंत्री ने जब बागेश्वर महाराज के मानवता के कार्यों के बारे में जाना तो उन्होंने इसकी सराहना की। प्रधानमंत्री को बताया गया कि गरीब बेटियों के लिए बागेश्वर धाम से विवाह की व्यवस्था की जाती है, हर रोज हजारों लोगों के लिए अन्नपूर्णा चल रही है, जरूरतमंद मरीजों के लिए कैंसर अस्पताल जैसे संकल्प आगे बढ़ाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने युगांडा की बेहतरी के लिए बालाजी सरकार का आशीर्वाद मांगा और अपनी अर्जी लगाई। इसके साथ ही उन्होंने पूज्य महाराज श्री से युगांडा की उन्नति और उत्थान के लिए बागेश्वर धाम मठ बनाने के लिए भी आमंत्रित किया। इस अवसर पर उद्योगपति डॉ सुधीर रूपरेला, भारतीय समुदाय के अध्यक्ष परेश मेहता, पूर्व सांसद संजय तन्ना, दीपक दोराता, राजस्थानी एसोसिएशन उपस्थित रहा।

### सनातन का मार्ग सर्वश्रेष्ठ

युगांडा की प्रधानमंत्री से भेंट के दौरान बागेश्वर महाराज ने कहा कि एक सनातनी ही संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानकर उसके कल्याण की कामना करता है। हमें ऐसी महान संस्कृति को समझने और अपनाने की जरूरत है। महाराज श्री ने युगांडा की प्रधानमंत्री को बागेश्वर धाम आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि विश्व शांति के लिए भारतीय जीवन शैली और सनातन का मार्ग ही सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। आज दुनिया के तमाम लोग सनातन संस्कृति को जानने और इस संस्कृति में रहने का प्रयास भी कर रहा है। महाराज श्री ने कहा कि समूचे विश्व में जो लोग मानवता के लिए कार्य कर रहे हैं बागेश्वर धाम उन सब के प्रति सम्मान रखता है।

## अपहृत नाबालिग को दस्तयाब कर आरोपी को किया गिरफ्तार

मैहर। पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 19 फरवरी,2025 को रामनगर थाने में एक नाबालिग के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने लड़की को झांसी,उत्तर प्रदेश से दस्तयाब किया।पूछताछ में लड़की ने बताया कि छतरपुर निवासी मूलचन्द्र जाटव 36 वर्ष उसे बहला-फुसलाकर ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

# परिवार की धमकियों से डरे प्रेमी युगल ने मांगी पुलिस से सुरक्षा

### एसपी ऑफिस पहुंचे अंतरजातीय प्रेमी जोड़े ने सुरक्षा की लगाई गुहार

**रीवा। प्रेम में धर्म आड़े आया और जब अपने ही अपनों के खिलाफ खड़े हुए, तो जान बचाना मुश्किल हो गया। रीवा जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र से एक अंतरधार्मिक प्रेम प्रकरण सामने आया है, जहां प्रेमी युगल ने परिजनों से मिल रही धमकियों से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा की मांग की है।**



जानकारी के अनुसार, मुस्लिम समुदाय की एक युवती और हिन्दू युवक के बीच बीते तीन वर्षों से प्रेम संबंध हैं। युवती के अनुसार, दोनों बालिग़ हैं और एक-दूसरे से शादी करना चाहते हैं। लेकिन जब इस रिश्ते की भनक लड़की के परिजनों को लगी, तो उन्होंने कड़ा विरोध जताते हुए कथित तौर पर युवती को जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दीं। युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मर्जी से अपने प्रेमी के साथ रहना चाहती है और अब कोर्ट मैरिज की तैयारी कर रही है। युवती का यह भी कहना है कि परिवार की मर्जी थोपना उसकी आज़ादी में हस्तक्षेप है और उसे अपनी ज़िंदगी के फैसले लेने का पूरा हक है। एसपी कार्यालय पहुंचे इस प्रेमी युगल ने लिखित रूप में सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि अगर उन्हें समय रहते सुरक्षा न दी गई, तो कोई अनहोनी हो सकती है। दोनों ने प्रशासन से अपील की है कि वे कानून के दायरे में रहकर अपना जीवनसाथी चुनना चाहते हैं।

## पुलिस ने लापता नाबालिग को ढूंढ निकाला

सतना। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत,रामपुर बाघेलान थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए एक अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया है। बच्ची को उसके परिवार को सौंप दिया गया है। कुछ दिनों पहले,फरियादी ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनकी शिकायत के आधार पर,थाना रामपुर बाघेलान में तत्काल अपराध दर्ज किया गया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे और उप पुलिस अधीक्षक मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ने एक विशेष टीम का गठन किया। गहन जाँच और प्रयास के बाद, पुलिस टीम ने लापता बालिका को सफलतापूर्वक ढूंढ निकाला। पूछताछ के दौरान बालिका ने बताया कि वह अपनी मर्जी से घूमने के लिए घर से निकली थी और फिर अपनी चचेरी बहन के साथ सूरत चली गई थी। उसने किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से इंकार किया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालिका को उसके परिवार को सुरक्षित सौंप दिया। इस कार्य में निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी,प्रधान आरक्षक दिलीप सिंह और प्रदीप पाण्डेय, आरक्षक रजनीश सिंह,और महिला आरक्षक रिकीं तिवारी व मोनिका की भूमिका रही।

# खेत में अकेली महिला से पड़ोसी ने की दरिंदगी

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा, एएसपी ने दी जानकारी

**शहडोल। जिले के सीधी थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। यहां 30 वर्षीय विवाहित महिला के साथ खेत में काम करते समय पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया। घटना उस समय हुई जब महिला निंदाई करने खेत पर अकेली गई थी। इसी दौरान पड़ोसी युवक मनीष खान ने मौके का फायदा उठाकर महिला पर हमला किया, उसके कपड़े फाड़े और जबरन बलात्कार किया।**



पीड़िता ने किसी तरह आरोपी के चंगुल से खुद को छुड़ाया और भागकर घर पहुंची। उसने परिजनों को पूरी घटना बताई और साहस जुटाकर महिला थाना शहडोल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जीरो पर अपराध दर्ज किया और केस डायरी सीधी थाना पुलिस को सौंप दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीधी थाना प्रभारी और उनकी टीम ने आरोपी मनीष खान को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) के तहत मामला दर्ज किया और उसे न्यायालय में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस घटना ने एक बार फिर से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेत-खलिहानों में अकेले काम करने वाली महिलाओं को ऐसे अपराधियों का शिकार बनना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले में प्रशासन से कड़ी कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि खेत में काम कर रही महिला के साथ उसके ही पड़ोस में रहने वाले युवक ने जबरन दुराचार किया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि कानून अपने तरीके से काम कर रहा है और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं पीड़िता और उसके परिवार ने पुलिस प्रशासन की तत्परता की सराहना की, लेकिन साथ ही सरकार से मांग की है कि महिला को न्याय दिलाने के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी दी जाए, ताकि वह इस मानसिक और सामाजिक पीड़ा से उबर सके। इस वारदात ने एक बार फिर समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर कब तक महिलाएं खेत-खलिहानों से लेकर घर-आंगन तक सुरक्षित रह पाएंगी।

## बच्ची को सोते समय सांप ने काटा, मौत

छतरपुर। किशनगढ़ थाना क्षेत्र के कूपी गांव में 10 वर्षीय बच्ची की सर्पदंश से मौत का मामला सामने आया है। बताया गया है कि बच्ची अपने परिवार के साथ घर में सो रही थी, तभी रात में सांप ने उसे डस लिया। परिजन इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल लाए, लेकिन इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। कूपी निवासी देशराज यादव ने बताया कि उसकी 10 वर्षीय पुत्री परिवार के साथ सो रही थी। रात के वक्त एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। उसकी चीख सुनकर परिजन जागे और तुरंत बिजावर उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

# पेंच टाइगर रिजर्व में बाघ की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी अंतर्गत दिनांक 18/08/2025 को प्रातः 10 बजे ग्रामीण चरवाहे द्वारा परिक्षेत्र खवासा (बफर) की बीट विजयपानी, वन कक्ष क्रमांक पी.एफ.-368 में वन्यजीव बाघ के शव देखे जाने की सूचना बीटगार्ड विजयपानी को दी गई। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल ही बीटगार्ड द्वारा मौके स्थल पर पहुंचकर शव की पुष्टि की गई। शव लगभग दो दिवस पुराना प्रतीत हो रहा था। सूचना प्राप्ती होने पर टाइगर रिजर्व के अन्य अधिकारी एवं डॉग स्क्वॉयड मौके पर पहुंचे एवं घटना स्थरल के चारों तरफ रस्सीका सुरक्षा घेरा डालकर क्षेत्र को सुरक्षित करने हेतु निर्देशित किया गया। मृत बाघ के शव का निरीक्षण किया गया। बाघ के चारों पंजे में नाखून एवं मुंह में दांत यथावत थे। बाघ के शरीर में एवं गर्दन पर अन्य बाघ के द्वारा दबोचा जाने और घायल किए जाने के कई घाव के निशान लगे थे। शव के निरीक्षण में बाघ का लिंग नर होना पाया गया। डॉग स्वॉकयड की सहायता से घटना स्थल के आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई। किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या मानवीय हस्तक्षेप के साक्ष्यी नहीं पाये गये। बाघ के सभी अवयव जैसे दांत, नाखून एवं मूंछ के बाल सहित सुरक्षित पाये गये। जिससे प्रथम दृष्टकया उक्तअ बाघ की मृत्युक आपसी संघर्ष के कारण होना प्रतीत होता है। इस बाघ का पेंच टाइगर रिजर्व के डेटाबेस से मिलान किया गया, यह कैमरा ट्रैप में पहली बार वर्ष 2017 में कैप्चर हुआ था एवं बाघ लगभग 11-12 वर्ष का था।

# महिला ने पुलिस कर्मियों पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

### पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची एक महिला ने भोपाल में पदस्थ महिला पुलिसकर्मी और छतरपुर के कोतवाली थाना प्रभारी पर उसके परिवार को परेशान करने, गाली-गलौज, पैसे मांगने और पति को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि पुलिस ने उसके पति को अकारण थाने लेकर पीटा और रिहाई के बदले पैसे लिए हैं।छतरपुर के वार्ड 24 की रहने वाली नीतू सिंह ऊर्फ व्योमवाला पत्नी मुकेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर बताया कि भोपाल में पदस्थ महिला आरक्षक सोनाली नायक के कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी और सिपाही नरेंद्र से अच्छे संबंध हैं। नीतू के मुताबिक सोनाली नायक का उसके पति मुकेश सिंह से पैसों का लेनदेन है। गत 25 जून को सोनाली ने अपने संबंधों और पुलिसकर्मी होने का फायदा उठाकर कोतवाली पुलिस की मदद से मुकेश को थाने में रात भर पिटवाया और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इतना ही नहीं थाना प्रभारी अरविंद द्वारा सिपाही अजय सिंह को उसके घर भेजकर परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। नीतू सिंह का आरोप है कि कुछ दिन पहले कोतवाली पुलिस ने उसके पति मुकेश को गिरफ्तार किया था और उसकी रिहाई के एवज में 40 हजार रुपये लिए थे। पुलिस ने तीन लाख रुपए की और मांग की थी, जो कि 15 अगस्त तक देने थे, लेकिन जब पैसे नहीं दिए गए तो 16 अगस्त को कोतवाली पुलिस उसके घर आई थी। उसी दिन से नीतू सिंह का पति मुकेश लापता है। नीतू सिंह ने कहा कि यदि उसके पति और परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी थाना प्रभारी तथा सोनाली की होगी। इसके साथ ही नीतू ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराने और उसके साथ न्याय करने की मांग की है।

# बजट में प्रस्तावित कामों को शीघ्रता से करने के निर्देश

## समस्त विभागों के प्रमुखों संग महापौर व निगमायुक्त ने की ननि कार्यों की समीक्षा



जबलपुर।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वालें समय में त्यौहारों का सिलसिला शुरु हो रहा है, लिहाजा नगर की स्वच्छता एवं सभी प्रमुख सड़कों को दुरूस्त किया जाए। महापौर यहां अपने कार्यालय में सभी विभागीय प्रमुखों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव भी उपस्थिति थी। बैठक में महापौर ने सभी प्रस्तावित और प्रचिलित कामों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में महापौर ने कहा कि बजट में घोषित सभी कार्यो को शीघ्रता से कराया जाए। महापौर ने बैठक में गौशाला, मेयर हेल्प लाइन और री-डेंसीफिकेशन के कार्यो पर भी प्रमुख रूप से फोकस करते हुए कहा कि हाईटेक गौशाला को क्षमता के अनुरूप विस्तारीकरण करें और वहाँ के आस-पास के क्षेत्रों में सघन रूप से पौधों का रोपण कराकर सौन्दर्यीकृत करते हुए पर्यटन का स्वरूप प्रदान करें।

महापौर ने गौशाला निर्माण के लिए सभी तैयारियाँ करने तथा प्लांटेशन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह की 1 तारीख को स्वच्छता के नाम से कोई न कोई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें, जिससे स्वच्छता के प्रति लोगों में और अधिक जागरूकता आए। शहर की सभी प्रमुख सड़कों को तत्काल प्रभाव से दुरूस्त कराने पी.डब्लू.डी. के अधिकारियों को निर्देशित किया।

महापौर ने बैठक में यह भी निर्देशित किया कि तालाबों के उन्नयीनीकरण के कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाएं। बैठक में अपर आयुक्त प्रशांत गोटिया, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, श्रीमती अंकिता जैन, सहायक आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, जी.एस. मरावी, शैलेन्द्र कौरव, जागेन्द्र सिंह, संजय सिंह, सहायक यंत्री एवं स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, सहायक यंत्री अनिकेत गोरैया, वीरेन्द्र पाण्डेय, श्रीमती दीप्ति भनारिया, सौरभ त्रिपाठी, अमन तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ हुई श्रीमद् भागवत कथा शुरु



जबलपुर। श्री सदगुरुदेव सेवा समिति के तत्वावधान में बी.टी. तिराहा गढ़ा स्थित लघु काशी मंदिर में संगीत मय श्रीमद् भागवत भक्ति एवं ज्ञान यज्ञ समारोह की भव्य शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ इस अवसर पर श्री धाम वृंदावन से पधारे स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज के सानिध्य में संकट मोचन हनुमान मंदिर से भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ शोभायात्रा क्षेत्रीय भ्रमण करती हुई कथा स्थल राम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया आयोजन स्थल पर व्यासपीठ का पूजन अर्चन मुख्य यजमान महेंद्र कुमार तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, विराज तिवारी ने किया तत्पश्चात स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कथा की मीमांसा करते हुए कहा कि कलश अमृत का प्रतीक है जो सिर पर कलश धारण करता है उसे सभी तीर्थो का फल प्राप्त होता है कथा संयोजक विराज तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया की कथा प्रतिदिन 2:00 बजे से 6:00 बजे तक होगी कथा का समापन 26 अगस्त को हवन पूजन एवं भंडारे के साथ होगा इस अवसर पर गुरु परिवार के राजेश पटेल, एड.राजकुमार तिवारी, एड.अमोल सिंह , डॉ अजय फौजदार ,अभय तिवारी जवाहर पटेल, भानु प्रताप सिंह, अभय तिवारी, श्रीमती नीता नरेंद्र तिवारी, श्रीमती सीमा, श्रीमती नीता तिवारी ,लक्ष्मी, अंजना सोनी, सौरभ सिंह, श्रीमती भारती तिवारी श्रीमती ज्योति जादौन, श्रीमती संध्या दुबे के साथ ही डॉ. अरुण मिश्रा,दीपांशु शुक्ला की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर फुटबॉल टीम बनी चैंपियन

## नीलेश की हैट्रिक ने दिलाई शानदार जीत

जबलपुर। स्थानीय पंडित रविशंकर शुक्ल फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित इंडिपेंडेंट सिक्स ए साइड फुटबॉल कप के फाइनल मुकाबले में पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) जबलपुर की फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय एफसी को 4-1 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।मैच की शुरुआत से ही पमरे टीम का दबदबा नजर आया। प्रथम हॉफ में नीलेश पिल्ले ने शानदार हैट्रिक कर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। वहीं आखिरी गोल आकाश बाबू ने कर टीम की जीत सुनिश्चित की। भारतीय एफसी की ओर से एकमात्र गोल किया गया, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सका।राजा बर्मन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर घोषित किया गया।विजेता टीम के प्रमुख खिलाड़ी संतोष रजक, सोनू रजक, राजा बर्मन, रितेश रजक, नीलेश पिल्ले, आकाश बाबू, चेतन, सुजीत, दीपक, ओम रजक, नवीन तोमर, सुब्राता मुर्मू, सावन रामचन्द्रन।टीम के कोच अविनाश थापा रहे। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर की इस उपलब्धि पर महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय, पमरे खेलकूद संघ के अध्यक्ष कुशाल सिंह, महासचिव जी.पी. शिवनारायण, कोषाध्यक्ष यशवंत कुमार, मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक प्रबंधक सुबोध विश्वकर्मा, तथा अन्य रेल अधिकारी एवं खेल प्रेमियों ने टीम को बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# प्रतिभागी कृषि को टिकाऊ एवं उपजाऊ बनाने के लिए किसानों को करें जागरूक : डॉ. कौतु

## जनेकृविवि में आयोजित 8 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग और आसा, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में टिकाऊ खेती विषय पर 8 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु के मुख्यआतिथ्य, विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश दीक्षित की अध्यक्षता एवं श्री लखन पाटीदार कार्यक्रम प्रबंधक, आसा, भोपाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. जी.के. कौतु ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी प्रशिक्षाणार्थी यहां से जो कुछ भी प्रशिक्षण के माध्यम से सीखकर या ज्ञान अर्जित करके जाते हैं जो अपने-अपने क्षेत्रों के किसानों को भी जागरूक करें, और कृषि को टिकाऊ एवं उपजाऊ बनाने हेतु अपनी महती भूमिका निभाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने कहा कि कृषि को टिकाऊ बनाने के लिये पौध पोषण के साथ-साथ उचित मृदा पोषण भी आवश्यक है। ताकि उत्पादन के साथ मृदा का स्वास्थ्य भी सतत बरकरार रहे। प्रशिक्षण सह समन्वयक डॉ. बी.एस. द्विवेदी ने कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन दिया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डॉ. एच. के. राय, डॉ. जी.एस. टैगोर, डॉ. राकेश साहू, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. फूलचंद अमूले, डॉ. किरण पटेल, डॉ. शैलू यादव, श्रीमति संगीता ठाकुर, श्रीमुधकर, श्री विजय कुमार, श्री रवीन्द्र कछावे, श्री विकास पटेल, श्रीमति सोनिका, श्री धर्मेन्द्र सहित विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# नशा मुक्ति अभियान के तहत राधा कन्या स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर। शासनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र जैन बड़ा मंदिर, अखिल दिगंबर भारतवर्षीय महिला परिषद, सुंदरी संभाग की मुनिसुब्रत नाथ शाखा द्वारा राधा कन्या स्कूल में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता फैलाना था।कार्यक्रम की शुरुआत में प्रांतीय सह सचिव श्रीमती सुनीता सिंघाई एवं संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन ने नशा मुक्ति विषय पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर 105 बच्चों को स्टेशनरी सामग्री, जूस और कंपास का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष श्रीमती आस्था जैन, संध्या आंटी, अवनी, कीर्ति, सरिता, राजुल, स्वाति, सोनम, श्रेया, रानी, सुलेखा एवं शादी जी की उपस्थिति से कार्यक्रम की रौनक और अधिक बढ़ गई।



# जिला स्तरीय कॅरियर अवसर मेला एवं युवा संगम 21 को, 35 कंपनियाँ करेंगी प्लेसमेंट

जबलपुर। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में "एक दिवसीय जिला स्तरीय कॅरियर अवसर मेला एवं युवा संगम" 21 अगस्त को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय (प्रेक्षागृह), जबलपुर में प्रातः 10:30 बजे से महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित किया जा रहा है। उक्त आयोजन का पोस्टर मंगलवार को उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा जारी किया गया। पोस्टर विमोचन के अवसर पर मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहाकि "युवा शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक संपत्ति है। शासन का उद्देश्य हर युवा को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है। मध्यप्रदेश सरकार युवाओं के लिए लगातार अवसर उपलब्ध करा रही है, जिससे वे रोजगार पाने के साथ-साथ स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में भी आगे बढ़ सकें।" प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना/मेला संयोजक ने बताया कि यह जबलपुर जिले के युवाओं के लिए प्लेसमेंट का सुनहरा अवसर है। जिले के सभी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, आईटीआई एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों के विद्यार्थियों को मेले में सम्मिलित होने के लिए सूचना प्रदान कर दी गई। इस मेले में लगभग 35 कंपनियाँ प्लेसमेंट हेतु मेले में उपस्थित रहेगी। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने जिले के सभी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों के अधिक से अधिक विद्यार्थियों से मेले में उपस्थित होने की अपील की है।

# 3 दिवसीय उदय इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ




जबलपुर। बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, पॉलिटेक्निक एवं एमटेक के नवीन विद्यार्थियों के स्वागत हेतु तीन दिवसीय उदय 2025 इंडक्शन प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का प्रारंभ नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ तथा महाविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों द्वारा भव्य गणेश वंदना द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप के संरक्षक एस.डी. बड़ेरिया एवं श्रीमती आशा बड़ेरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही।समारोह की अध्यक्षता कर रहे बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप के अध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को आज के प्रतिस्पर्धी दौर में अपनी ज्ञान व कौशल क्षमता को निखारते हुए स्वयं को भविष्य की चुनौतियों हेतु तैयार करने का आह्वान किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशिक्षण-पुनःप्रशिक्षण प्रक्रियाओं तथा डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुति के माध्यम से संस्थान के शैक्षणिक वातावरण और बहुमुखी विकास की रूपरेखा से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों को उनके सेमेस्टर परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन डॉ. राजीव खत्री (डायरेक्टर, बीजीआईईएम) द्वारा दिया गया।विशिष्ट अतिथि एवं मोटिवेशनल स्पीकर अफज़ल अहमद ने विद्यार्थियों को अपने कौशल पर निरंतर कार्य करते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार होने की दिशा में प्रेरक मार्गदर्शन दिया। नामांकन एवं परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी परीक्षा नियंत्रक मुकेश तिवारी द्वारा दी गई।

भव्य आयोजन में बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप की डॉ. आकांक्षा शुक्ला, एचआर हेड डॉ निहारिका यादव प्रो. पूर्णानंद दुबे (रजिस्ट्रार),डॉ नितेश दुबे, विशाल परांजपे, सुनील पटेल, प्रतीक मिश्रा, मनीष तिवारी, रोहित दुबे, श्री अमित अग्रवाल, अमित जाय ,नितेश शुक्ला, श्रीमती वंदना पाठक, सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर प्रसन्न पाठक द्वारा किया गया।


कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 नगर निगम, जबलपुर
पत्र.क्र./स.अधि./सं.क्र.5/2025-26/46
दिनांक:- 14/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति ज्योति जैन पति श्री अरविंद कुमार जैन 2. श्रीमति दीक्षा जैन पति श्री अंकित कु. जैन ने भवन क्रं. 1014, 1014/1, 1016, 1017 वार्ड महात्मा गांधी क्षेत्रफल 1751 वर्गफुट भूतल 724 आवासीय प्रथम तल 724 आवासीय विक्रय पत्र माननीय न्यायलय के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1014, 1014/1, 1016, 1017 पर नामांतरण हेतु श्री रामकृष्ण पाण्डेय, श्रीमति शरद पाण्डेय पिन क्रमांक 1000367721, 1000369098, 1000367344, 1000367680 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.05
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र. /स. क्र.11/2025-26
दिनांक:- 19/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति राधा बाई भूमिया पति पुन्ना लाल भूमिया ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अंवती बाई के प्लॉट नं. 25 समपत्ति के पिन क्रमांक 1002910869 क्षेत्रफल/रकवा 900 वर्गफुट भूतल 700 व.फु. प्रथम तल 600 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्री विकास पुरवार पिता राजेंद्र कुमार पुरवार का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र. /स. क्र.11/2025-26
दिनांक:- 19/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति नम्रता तिर्की पति उमेश डेविड वक्सला ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अंवती बाई के भवन क्रमांक ई-5 स्वर्ण भूमि समपत्ति के पिन क्रमांक 1002733277 भूतल 892 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 892 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्री गौरव दत्त पिता श्री सतीश दत्त का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 नगर निगम, जबलपुर
पत्र.क्र./स.अधि./सं.क्र.5/2025-26/48
दिनांक:- 18/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार जैन पिता स्व. श्री केवल चंद जैन भवन क्रं. 676 वार्ड जवाहरगंज क्षेत्रफल 453 व.फु. भूतल 400 आवासीय प्रथम तल 75 आवासीय विक्रय पत्र माननीय न्यायलय के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 676 पर नामांतरण हेतु श्री संतोष कुमार जैन पिता स्व. श्री ईश्वरी प्रसाद जैन पिन क्रमांक 1000393713, 41501471 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.05
नगर निगम, जबलपुर

In The Court Of XXIX Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
Presiding Officer: शुभांगी पालो दत्त
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372
भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम जबलपुर (म.प्र.)
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC0000036/2025)
डॉ. शैलेन्द्र कुमार वर्मा....आवेदक
Vs स्व. नरेन्द्र सिंह वर्मा....अनावेदक
Process Id-/2025 पेशी दिनांक :10/09/2025

प्रेषिती- (1) अजय सिंह वर्मा पुत्र स्व. महेन्द्र सिंह वर्मा पता पता जबलपुर मध्यप्रदेश (2) अतुल सिंह पिता रविन्द्र वर्मा पता पता जबलपुर मध्यप्रदेश (3) अनिल वर्मा पुत्र स्व. सत्येन्द्र सिंह वर्मा पता- पता जबलपुर मध्यप्रदेश (4) अनीता श्रीवास्तव पति संजय श्रीवास्तव पता पता जबलपुर मध्यप्रदेश (5) अनुभा वर्मा पति पत्नी कंकर मुंजारे पता- पता जबलपुर मध्यप्रदेश (6) अमित वर्मा पता- पता जबलपुर मध्यप्रदेश (7) अमीता पटेल पति मुलायम सिंह पिता महेन्द्र सिंह वर्मा पता- जबलपुर मध्यप्रदेश (8) आभा ठाकुर पिता सत्येन्द्र सिंह वर्मा पता पता जबलपुर मध्यप्रदेश (9) मनीष वर्मा पुत्र स्व. नरेन्द्र सिंह वर्मा पता- जबलपुर मध्यप्रदेश (10) मीनाक्षी वर्मा पति पत्नी स्व. नरेन्द्र सिंह पता पता जबलपुर मध्यप्रदेश (11) रीता राजपूत पति पत्नी नवल सिंह पता-जबलपुर मध्यप्रदेश (12) शीला पति पत्नी स्व. रविन्द्र वर्मा पता जबलपुर मध्यप्रदेश (13) शेफाली वर्मा पुत्री स्व. नरेन्द्र सिंह वर्मा पता -जबलपुर मध्यप्रदेश (14) संजय सिंह वर्मा पुत्र स्व. रविन्द्र वर्मा पता पता जबलपुर मध्यप्रदेश (15) सपना सपरा पत्नी शेखर सपरा पता- जबलपुर मध्यप्रदेश (16) सुलभा नागपुरे पता-जबलपुर मध्यप्रदेश (17) सुश्री गीता वर्मा पुत्री स्व. महेन्द्र सिंह वर्मा पता- जबलपुर मध्यप्रदेश (18) सोनल वर्मा पुत्री स्व. रविन्द्र वर्मा पता-जबलपुर मध्यप्रदेश (19) स्नेहलता पति स्व. सत्येन्द्र सिंह वर्मा पता पता जबलपुर मध्यप्रदेश (20)स्वाति पुत्री स्व.किरण लोधा पता पता जबलपुर मध्यप्रदेश (21) आम जनता -आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. शैलेन्द्र कुमार वर्मा पता ने मृतक सुश्री शशि वर्मा निवासी नं. 103 रिसभ एनक्लेव दत्त मंदिर गोलबाजार जबलपुर की खाता पंजाब नेशनल बैंक-शाखा-जवाहरगंज, जबलपुर में AC 0217000300135008 राशि/संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10 September 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 10 September 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

न्यायाधीश
मुद्रा
(श्रीमती शुभांगी पालो दत्त)
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र. /स. क्र.11/2025-26
दिनांक:- 19/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति संध्या तिवारी पति राजीव कुमार तिवारी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक KHN47/3PLN-13-14 धोबी घाट समपत्ति के पिन क्रमांक 1004379612 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 3000 व.फु. विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्री विजय कोरी पिता स्व. हजारी लाल कोरी का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र. /स. क्र.11/2025-26
दिनांक:- 19/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पंकज कुमार पिता भूषण प्रसाद श्रीमति मुन्नी कुमारी पति पंकज कुमार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अंवती बाई के भवन क्रमांक प्लॉट नं. 169 फेस-2 चैतन्य सिटी समपत्ति के पिन क्रमांक 1003281053 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1247 व.फु. विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्री राजेश कुमार परमार पिता पुरूषोत्तम भाई परमार का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र. /स. क्र.11/2025-26
दिनांक:- 19/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सुनेजा बनर्जी पति श्री संजय बनर्जी, ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी के भवन क्रं. एमआईजी -2 गोविंद भवन साउथ सिविल लाईन समपत्ति के पिन क्रमांक 25000087983 प्रथम तल 620 व.फु. विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्री मनीष चौबे पिता दशरथ प्रसाद चौबे का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र. /स. क्र.11/2025-26
दिनांक:- 19/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति आंचल अग्रवाल पिता श्री अनंत अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अंवती बाई के अग्रवाल परिसर तिलहरी समपत्ति के पिन क्रमांक 1003998339 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 900 व.फु. भूतल 700 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 600 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्रीमति रंजना गर्ग पति कैलाश गर्ग का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र. /स. क्र.11/2025-26
दिनांक:- 19/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीलीप कुमार पटैल पिता लोकमन पटैल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अंवती बाई महावत फार्म हाउस के सामने समपत्ति के पिन क्रमांक 2000272636 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 450 वर्गफुट कच्चा विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्रीमति प्रीति महोबिया पति पंजाब महोबिया का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र. /स. क्र.11/2025-26
दिनांक:- 19/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मिष्ठी सराफ पति जय प्रकाश सराफ, मंजू लता सराफ पति जयप्रकाश सराफ ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी के प्लॉट नं. 104 भसीन रेसीडेंसी समपत्ति के पिन क्रमांक 25000089567 प्रथम तल 825 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्री सुनील कुमार आहूजा पिता स्व. श्री हंसराज आहूजा का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.11,
नगर निगम, जबलपुर

## सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों का आरोप लगाने वाली आईएमए की याचिका खारिज की

# योग-आयुर्वेद को कलंकित करने वालों का पर्दाफाश स्वामी रामदेव बोले- मेडिकल माफिया की बोलती बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

यह मामला तब शुरू हुआ जब आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में आईएमए ने आरोप लगाया था कि पतंजलि के विज्ञापन भ्रामक हैं और आधुनिक चिकित्सा को बदनाम करते हैं। अदालत के फैसले पर रामदेव ने कहा कि हमने योग और आयुर्वेद की डोर बहुत ऊंची उड़ा रखी थी, कुछ लोग उसे काटना चाहते थे।




### कोर्ट ने कहा- जब उत्पादन की अनुमति है तो विज्ञापन की भी हो

कोर्ट ने कहाकि जब उत्पादन की अनुमति है, तो विज्ञापन करना एक सामान्य व्यावसायिक प्रथा होगी। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया और केंद्र की अधिसूचना पर लगाया गया पहले का स्टे भी हटा लिया। अदालत ने आदेश में कहाकि इसमें कोई विवाद नहीं है कि याचिका में मांगी गई राहतें पहले ही हमारे विभिन्न आदेशों के जरिए दी जा चुकी हैं। चूंकि याचिका की मांगें पूरी हो चुकी हैं, इसलिए अब इस पर और विचार की जरूरत नहीं है इसलिए याचिका बंद की जाती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने केस ही काट दिया

रामदेव ने कहाकि हमारे ऋषियों की बहुत बड़ी विरासत है। हमने योग-आयुर्वेद की डोर बहुत ऊंची उड़ा रखी थी। इसकी डोर तो भगवान के हाथ में है। कुछ लोग इसकी डोर को काटने में लगे पड़े थे। सुप्रीम कोर्ट ने वह केस ही काट दिया।

### कोर्ट ने अपने फैसले में कहा

सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की वह याचिका बंद कर दी जिसमें पारंपरिक दवाओं (आयुर्वेद आदि) के भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। साथ ही कोर्ट ने अपना पहले का आदेश भी वापस ले लिया जिसमें विज्ञापनों के लिए सख्त मंजूरी की शर्त लागू थी। आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की थी। शुरुआत में कोर्ट ने पतंजलि के विज्ञापनों पर अस्थायी रोक भी लगाई थी और यह सवाल उठाया था कि नियामक संस्थाओं ने पतंजलि के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की। खबरों के मुताबिक सुनवाई के दौरान न्यायालय की सहायता कर रहे वकील ने कहा कि नियम 170 को हटाने से आयुर्वेदिक दवाओं के लिए वही स्थिति हो गई है जैसी एलोपैथिक दवाओं की है। उन्होंने कहाकि 27 अगस्त 2024 के आदेश के बाद बहुत कुछ हुआ है। राज्यों ने इस नियम को लागू किया है। नियम 170 को इसलिए लाया गया था ताकि पारंपरिक दवाओं के झूठे और बढ़ा-चढ़ाकर किए गए दावों पर रोक लगाई जा सके।

### एक बार फिर योग-आयुर्वेद से जुड़िए

*उन्होंने कहा कि मैं सभी से कहना चाहता हूं कि अपने सनातन धर्म से दोबारा जुड़िए, योग-आयुर्वेद से जुड़िए, अपनी जड़ों से जुड़िए और बीमारियों को जड़ से मिटाओ और एक स्वस्थ्य-सुखी-सफल जीवन जीओ। हमें ऋषियों की इतनी बड़ी विरासत मिली है। ये लोग जो रोज योग-आयुर्वेद को कलंकित करते थे उनका पर्दाफाश करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया। आपके ऊपर भी कितना भी बड़ा संकट आ जाए, विचलित नहीं होना है। पांच साल तो जरूर लगे लेकिन सत्यमेव जयते।'*

## एप्पल ने ट्रंप और चीन को दिखाया ठेंगा

# बेंगलुरु स्थित प्लांट से शुरू किया आईफोन का प्रोडक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दिग्गज टेक कंपनी एप्पल को भारत में प्रोडक्शन बंद करने को कहा था, लेकिन कंपनी ने इसके उलट भारत में अपना प्रोडक्शन बढ़ा दिया है। ताइवान की दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु स्थित अपने नए कारखाने में आईफोन-17 की मैन्यूफैक्चरिंग शुरू कर दी है। यह फॉक्सकॉन की दूसरी सबसे बड़ी विनिर्माण इकाई है।

इस प्लांट में फिलहाल आईफोन-17 को छोटे पैमाने पर बनाया जा रहा है। फॉक्सकॉन पहले से चेन्नई स्थित अपने कारखाने में भी आईफोन-17 बना रही है। कंपनी ने अभी तक इस बारे में आधिकारिक बयान नहीं दिया है। फॉक्सकॉन आईफोन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। चीन के बाहर उसका दूसरा सबसे बड़ा कारखाना बेंगलुरु के पास देवनहल्ली में बनाया जा रहा है, जिस पर लगभग 2.8 अरब डॉलर (25,000 करोड़ रुपए) का निवेश किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 'फॉक्सकॉन के बेंगलुरु स्थित कारखाने में आईफोन-17 बनना शुरू हो गया है।



### एप्पल ने बेंगलुरु में खरीदा 2.7 लाख वर्गफुट का ऑफिस

भारत से सबसे ज्यादा मोबाइल फोन एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी एप्पल इंडिया भारत में अपनी मौजूदगी लगातार मजबूत कर रही है। कंपनी ने टेक सिटी बेंगलुरु में रियल एस्टेट फर्म एंबेसी ग्रुप से करीब 2.7 लाख वर्गफुट का दफ्तर और कार पार्किंग स्पेस 10 साल के लिए लीज पर लिया है।

**10 साल में कंपनी 1000 करोड़ रुपए चुकाएगी रेंट**

इस सौदे की शुरुआत 3 अप्रैल 2025 से होगी। शुरुआत में एप्पल हर महीने लगभग 6.3 करोड़ रुपए किराया चुकाएगा। इसके अलावा कंपनी ने करीब 31.57 करोड़ रुपए की सिक्योरिटी डिपॉजिट भी जमा की है। समझौते के तहत किराए में हर साल 4.5 फीसदी की बढ़ोतरी होगी, जिससे 10 साल में कंपनी को किराए और अन्य शुल्क मिलाकर 1,000 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने होंगे।

### सैमसंग के वॉशर-ड्रायर कॉम्बो की मांग में वृद्धि

**नई दिल्ली।** सैमसंग ने पूरे सीजन वॉशर-ड्रायर कॉम्बो की मांग में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की है। इस रुझान के पीछे स्मार्ट, जगह बचाने वाले और बहुउपयोगी लॉन्ड्री उपकरणों के प्रति उपभोक्ताओं की बढ़ती दिलचस्पी है। सैमसंग के हालिया उपभोक्ता अध्ययन में पता चला कि वॉशर-ड्रायर की मांग मौसम की परवाह किए बिना बढ़ रही है। सैमसंग के वॉशर-ड्रायर कॉम्बो इन्हीं आधुनिक चुनौतियों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए गए हैं।

### बिरला ने पेश किया भारत का पहला 'पेंट प्रॉमिस'

**नई दिल्ली।** डेकोरेटिव पेंट्स सेक्टर में मिली मजबूत सफलता के आधार पर, आदित्य बिरला ग्रुप की ग्रासिम इंडस्ट्रीज के अंतर्गत आने वाले बिरला ओपस पेंट्स ने आज अपने नए कैंपेन 'बिरला ओपस एश्योरेंस' की घोषणा की है।

## राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड चेयरमैन डॉ. मीनेष शाह ने दी उपलब्धियों की जानकारी

# सभी दुग्ध संघों में एक समान उत्पाद निर्माण सुनिश्चित करने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर अपनाने पर जोर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के सभी दुग्ध संघों में एक समान उत्पाद निर्माण सुनिश्चित करने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर अपनाना आवश्यक है। दुग्ध उत्पादकों को दूध-मूल्य के नियमित और समय पर भुगतान की व्यवस्था की नियमित मॉनीटरिंग हो। जिन क्षेत्रों में दुग्ध संघ की पहुंच सीमित है, वहां निजी दुग्ध व्यवसायियों को अद्यतन तकनीक का आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर दुग्ध व्यवसाय को प्रोत्साहित और सशक्त किया जाए। यह बात मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, चेयरमैन डॉ. मीनेष शाह के साथ हुइ बैठक के दरमियान कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी दुग्ध संघ, सदस्यों की बेहतरी के लिए कर रहे हैं नवाचार सार्थक प्रयासों के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के चेयरमैन डॉ. मीनेष शाह की तारीफ की। उन्होंने मध्यप्रदेश के दुग्ध संघ, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और मध्यप्रदेश कृषि उद्योग निगम में बेहतर समन्वय की सुनिश्चितता पर बल दिया। बैठक में डॉ.शाह ने जानकारी दी गई कि संपूर्ण डेयरी चैन का डिजिटाइजेशन करने के लिए दुग्ध संघों में प्रक्रिया आरंभ की गई है।



### भोपाल दुग्ध संघ देगा सदस्यों की बेटियों के विवाह पर 11 हजार और वस्त्र

*भोपाल दुग्ध संघ द्वारा शहरी उपभोक्ताओं को दूध की गुणवत्ता की जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'दूध का दूध-पानी का पानी' अभियान आरंभ करने मुख्यमंत्री ने तारीफ की। इसके अलावा भोपाल दुग्ध संघ ने 'सांची भात योजना' भी आरंभ की है, जिसमें सहकारी समितियों के सदस्यों की बेटियों के विवाह के अवसर पर दुग्ध संघ की ओर से 11 हजार रूपए और वस्त्र, भात के रूप में प्रदान किए जाएंगे। उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा पशुधन स्वास्थ्य में सुधार के लिए विशेष अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। बैठक में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास उमाकांत उमराव, चेयरमैन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड डॉ. मीनेष शाह, एमपीसीडीएफ के प्रबंध संचालक सहित भोपाल दुग्ध संघ के अधिकारी मौजूद रहे।*

### सर्वेश्वर फूड्स के शुद्ध लाभ में 128 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में समेकित आधार पर 29.30 फीसदी वार्षिक राजस्व वृद्धि हासिल की है। कंपनी का मजबूत त्रैमासिक प्रदर्शन लगातार तिमाही-दर-तिमाही विकास को दर्शाता है, जो घरेलू और निर्यात दोनों आदेशों में महत्वपूर्ण वृद्धि के कारण संभव हुआ है।

इस तिमाही में वैश्विक और घरेलू मांग में निरंतर वृद्धि उसकी बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता के प्रति उसके दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। कंपनी का समेकित कुल आय 301.35 करोड़, सालाना वृद्धि 29.30फीसदी, एबिटडा 17.13 करोड़, सालाना वृद्धि 36.29 फीसदी और शुद्ध लाभ 7.02 करोड़ रुपए एवं शुद्ध लाभ मार्जिन 2.33फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। अनिल कुमार, प्रबंध निदेशक, सर्वेश्वर ग्रुप ने वित्तीय वर्ष 2026 की पहली तिमाही मजबूत और आशाजनक शुरुआत के साथ शुरू हुई है।

## केनरा बैंक का 112 करोड़ रुपए की बकाया वसूली के लिए मौन प्रदर्शन

**यह संस्थान जैन सर्वोदया विद्या ज्ञानपीठ समिति द्वारा संचालित है**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केनरा बैंक द्वारा महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, गांधी नगर, भोपाल के मुख्य द्वार के बाहर शांतिपूर्ण मौन प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह संस्थान जैन सर्वोदया विद्या ज्ञानपीठ समिति द्वारा संचालित है, जिस पर 112 करोड़ रुपए से अधिक की बकाया सार्वजनिक राशि लंबित है, जो वर्ष 2018 से एनपीए के अंतर्गत है। बैंक द्वारा संस्था से इस सार्वजनिक धन की वसूली एवं शीघ्र पुनर्भुगतान की मांग की गई। इस मौन प्रदर्शन का नेतृत्व आनंद प्रकाश कारकेटा, सहायक महाप्रबंधक, केनरा बैंक अंचल कार्यालय भोपाल ने किया। उनके साथ सारण कुमार, प्रभागीय प्रबंधक, अंचल कार्यालय भोपाल, अमरीश कुमार अग्रवाल, प्रभागीय प्रबंधक, एआरएम शाखा भोपाल एवं अन्य बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एनटीपीसी ने की त्रैमासिक सतर्कता जागरुकता अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी लिमिटेड ने स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में अपने तीन महीने के सतर्कता जागरूकता अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 का शुभारंभ किया। अभियान का उद्घाटन मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती रश्मिता झा, एनटीपीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न स्थानों के सतर्कता अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस मौके पर सीवीओ ने सभी सतर्कता अधिकारियों से केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी हितधारकों-कर्मचारियों, विक्रेताओं और जनता को नाटकों, क्विज वीडियो के जरिए प्रोत्साहित करने को कहा।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## उद्योग और व्यापार संगठनों ने की जीएसटी सुधारों की सराहना

# बोले- छोटे व्यापारियों एवं एमएसएमई को मिलेगी राहत व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए साबित होगा गेम-चेंजर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

उद्योग और व्यापार संगठनों ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार के अगले चरण की सराहना करते हुए कहा है कि इससे व्यापार करने की आसानी बढ़ेगी। प्रमुख उद्योग संगठन फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहाकि हम आठ वर्षों के बाद व्यापक जीएसटी समीक्षा की घोषणा की सराहना करते हैं, जिससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों पर कर का बोझ कम होगा और व्यापार करने की आसानी बढ़ेगी। अनुपालना कम करने, अनावश्यक नियमों को समाप्त करने और एक समर्पित सुधार कार्य बल बनाने की प्रतिबद्धता, वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करेगी।

**कर का बोझ कम होगा और व्यापार करने की आसानी बढ़ेगी**

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधारों की घोषणा की और कहा कि इससे आम लोगों के लिए जरूरत की चीजें सस्ती होंगी तथा एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अपने भाषण में देश की रक्षा, विनिर्माण समेत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी को अपनाने पर जोरी दिया।

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को एक आत्मनिर्भर आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में सभी हितधारकों के मिलकर काम करने की आवश्यकता पर स्पष्ट रूप से प्रकाश डाला। हम प्रतिस्पर्धी लागत पर विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं और उद्योग इस लक्ष्य को साकार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आश्वासन देता है। लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ भोपाल के अध्यक्ष बलदेव खेमानी और उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने इसे साहसिक कदम बताते हुए कहा कि यह देश के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। प्रस्तावित जीएसटी दरों का युक्तिकरण, विशेषकर आवश्यक और दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर में कमी, सीधे आम नागरिकों को लाभ पहुंचाएगी, क्रय शक्ति बढ़ाएंगी और छोटे व्यापारियों एवं एमएसएमई को अत्यंत आवश्यक राहत प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह सुधार जीएसटी की संरचना को सरल बनाएगा, अनुपालन के बोझ को कम करेगा और कारोबार की आसानी तथा जीवनयापन की आसानी के सरकार के एजेंडे को और मजबूत करेगा।

# सरकार ने कारोबार के नियमों को आसान बनाने पर बढ़ाया फोकस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार कंपनियों पर कंप्लायंस का बोझ घटाने जा रही है। सरकार ने यूनियन बजट 2025 में इस बारे में कई ऐलान किए थे। सरकार अब उन्हें जल्द लागू करने जा रही है। सरकार ने ईज ऑफ बिजनेस 2.0 के प्रस्तावों का लागू करने पर फोकस बढ़ा दिया है।

यह 2014 में शुरू की गई रिफॉर्म्स की प्रक्रिया की अगली कड़ी है। रेगुलेटरी रिफॉर्म्स के लिए जल्द एक हाई-लेवल कमेटी बनाने की तैयारी है। यह कमेटी नॉन-फाइनेंशियल सेक्टर के मौजूदा नियमों को आसान बनाने को लेकर अपने सुझाव देगी। इसके अलावा विदेशी निवेश के नियमों को भी आसान बनाया जाएगा। सरकार जन विश्वास के दूसरे एडिशन को जल्द लागू करने जा रही है। इसके तहत नियमों के उल्लंघन के छोटे मामलों को अपराध की कैटेगरी से बाहर किया जाएगा। सरकारी अधिकारी ने बतायाकि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2.0, नियमों के उल्लंघन के मामलों को अपराध की कैटेगरी से बाहर करने और टैक्स प्रोसेसेज को आसान बनाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। यह नियमों का आसान बनाने का सही समय है। रेगुलेटरी रिफॉर्म्स पर कमेटी जल्द बनेगी।

### दो दिन बंद रहेंगी एचडीएफसी बैंक की कई सेवाएं

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक के लाखों ग्राहकों के लिए जरूरी खबर है। बैंक की कुछ कस्टमर केयर सर्विसेज 22 और 23 अगस्त 2025 को बंद रहेंगी। इनमें वॉट्सएप पर चैट बैंकिंग और एसएमएस बैंकिंग शामिल हैं। बैंक का कहना है कि ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के लिए सिस्टम में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं। इस कारण कुछ सेवाएं काम नहीं करेंगी। 22 अगस्त 2025 को रात 11 बजे से लेकर 23 अगस्त 2025 को सुबह 6 बजे तक ये सेवाएं बंद रहेंगी। यानी कुल 7 घंटे तक ये सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी।

**फायनेंस**


आवश्यकता है- नटराज पैन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457 (रायपुर/03/सितम्बर/25)

फाइनेंस- आधारकार्ड पे लोन लेबर कार्ड, मार्कशीट, पैन कार्ड, पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, कृषि आदि लोन 50000/- से 500000/- तक 2% ब्याज 50% छूट संपर्क:- 9310481187 (रायपुर/20/अगस्त/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5963



**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सद, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी-2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा-2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरूर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा-2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5962 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ती | म | खा | ना | ■ | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | ■ | हा | ■ | ना | ह | क | ■ | र | म |
| हा | ■ | ना | न | सें | स | ■ | र | मा | ■ | जा |
| नी | र | व | ता | ■ | सु | र | ■ | न | म | न |
| का | ■ | खे | ■ | अ | र | क्त | ■ | ■ | सी | ■ |
| र | वा | ना | हो | ना | ■ | पा | ल | न | हा | र |
| ■ | ह | ■ | ■ | चा | ह | त | ■ | का | ■ | च |
| का | न | न | ■ | र | म | ■ | ब | र | सा | ना |
| म | ■ | र | ज | ■ | स | का | र | ना | ■ | का |
| धा | र | ■ | खि | ला | फ | ■ | स | ■ | भो | र |
| म | स | ख | रा | ■ | र | म | ता | जो | गी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5973

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5972 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |



# थामा में अंधेरे के बादशाह से टकराएंगे आयुष्मान

**मुंबई।** मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म थामा से अब आयुष्मान खुराना समेत फिल्म की पूरी कास्ट का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। साथ ही कौन किस किरदार में नजर आएगा, इसकी भी जानकारी सामने आ गई है। फर्स्ट लुक के सामने आने के बाद अब फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म से आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल के लुक रिवील किए हैं। फिल्म में आयुष्मान खुराना आलोक के किरदार में नजर आएंगे, जो इंसानियत की आखिरी उम्मीद है।



लाइफ Style

# रश्मिका


## न्यूयॉर्क की गलियों में छाया साउथ का जलवा

साउथ इंडस्ट्री के दो पॉपुलर स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा रविवार को न्यूयॉर्क शहर में 43वें इंडिया डे परेड के दौरान साथ देखे गए हैं। दोनों के यूं साथ किया गया है। ऐसे में लोग दोनों के रिश्ते को लेकर कयास लगाने लगे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


एक्टिंग की दुनिया में दो स्टार का साथ नजर आना कई बार मुसीबत बन जाता है। खासतौर पर जब दोनों के पहले से ही अफेयर के किस्से सामने आ रहे हों, ऐसा ही कुछ साउथ के जाने माने स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के साथ भी हुआ है। दोनों को साथ में देखा गया है। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा साउथ इंडस्ट्री की सुपरहिट जोड़ी में से एक हैं। दोनों को साथ में देखने के बाद लोगों ने इनके रिश्ते में होने के कयास फिर से लगाने हैं। बीते दिन रविवार 17 अगस्त को दोनों न्यूयॉर्क शहर में हुई 43वीं इंडिया डे परेड में साथ नजर आए थे। जैसे ही दोनों साथ दिखे, सोशल मीडिया पर इनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गईं। इससे पहले भी दोनों अपने अफेयर को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। लेकिन, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की। हमेशा बताया कि दोनों अच्छे दोस्त हैं। 43वीं इंडिया डे परेड में रश्मिका और विजय की कई फोटोज और वीडियो सामने आए हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस दौरान विजय को रश्मिका का खास ख्याल रखते हुए भी देखा गया. यही वजह है कि फैंस फिर से मान बैठे कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रेंजर थिंग्स का हिस्सा नहीं

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स की मच टॉक्ड अबाउट वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने अंतिम अध्याय की ओर बढ़ रही है और दुनिया भर के फैंस की तरह अब इस शो के पूर्व एक्टर डेकर मोंटगोमरी भी इसके आखिरी सीजन को देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। सीरीज के दूसरे और तीसरे सीजन में बिली हार्ग्रोव का किरदार निभा चुके डेकर मोंटगोमरी अब इस शो को एक दर्शक के रूप में देखने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वो अब ऑस्ट्रेलिया में सुकून भरी जिदंगी जी रहे हैं।



# जनरल जॉड के किरदार से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर टेरेंस स्टैम्प का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। टेरेंस को सुपरमैन फिल्म में उनके जनरल जॉड के किरदार के लिए जाना जाता था। लंदन में जन्मे टेरेंस स्टैम्प ने 1962 में समुद्री बैकड्रॉप पर आधारित फिल्म 'बिली बड' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस पहली ही फिल्म के लिए उन्हें ऑस्कर नामांकन प्राप्त हुआ। इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। हालांकि, स्टैम्प ने कई गंभीर और भावुक भूमिकाएं निभाईं, लेकिन उन्हें सबसे अधिक लोकप्रियता मिली 1978 की सुपरमैन और 1980 की सुपरमैन II में जनरल जॉड के किरदार से। टेरेंस स्टैम्प की सबसे सराही गई भूमिकाओं में 1994 की 'द एडवेंचर ऑफ प्रिसिला, क्वीन ऑफ द डेजर्ट' भी शामिल है।



# बागी-4 का पहला गाना गुजारा हुआ रिलीज

**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म बागी 4 का पहला गाना गुजारा सोमवार को रिलीज हो गया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू के साथ इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। इस रोमांटिक गाने में दोनों की जोड़ी काफी जच रही है। ए हर्षा द्वारा निर्देशित 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की एक्शन से भरपूर फिल्म बागी 4 का पहला गाना सामने आया है। एक्शन फिल्म का पहला गाना रोमांस से भरपूर है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनेत्री हरनाज कौर संधू नजर आ रही हैं। ये गाना पंजाबी सिंगर सरताज के गाने 'तेरे बिना ना गुजारा' का रीमेक है। ये गाना उस समय फिर से चर्चाओं में आ गया था, जब सिंगर जोश ब्रार ने इसका रीमेक किया था और इसे नए तौर पर लाया था।



# डायरेक्टर अनिल ने की गदर-3 की घोषणा

**मुंबई।** गदर 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करने की जरूरत नहीं है। हालिया इंटरव्यू में डायरेक्टर अनिल शर्मा ने इस फिल्म की घोषणा की है। क्या तीसरी किश्त में अमीषा पटेल भी सकीना के किरदार में नजर आएंगी? दरअसल, पिछले दिनों अमीषा पटेल और अनिल शर्मा के बीच मनमुटाव हुआ था। अपनी फिल्म गदर 3 की कहानी, मेकिंग को लेकर डायरेक्टर ने अपडेट दिया। अनिल शर्मा कहते हैं, 'अमीषा के साथ मेरा रिश्ता अब बहुत अच्छा है। वक्त के साथ-साथ सब चीजें सही हो जाती हैं। अभी सब बढ़िया है। सकीना (अमीषा पटेल) और तारा (सनी देओल) 'गदर' फिल्म सीरीज का एक जरूरी हिस्सा हैं। लेकिन, हम गदर 3 की रिलीज से पहले उनके रोल के बारे में ज्यादा चर्चा नहीं करेंगे। गदर 3 जरूर बनेगी।

## टीवी मसाला



# केबीसी 17 को मिला पहला करोड़पति 7 करोड़ के सवाल पर टिकी नजरें

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड फेमस क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति 17 का धमाकेदार आगाज हो चुका है। ये शो ने शुरू होने के साथ ही सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी में एक बार फिर से अमिताभ का शानदार अंदाज देख न सिर्फ कंटेस्टेंट, बल्कि दर्शक भी काफी खुश हैं। अमिताभ के इस शो के पहले ही हफ्ते में दर्शकों को इस सीजन का पहला करोड़पति मिल गया है। इस प्रोमो में दिखाया गया कि उत्तराखंड के रहने वाले आदित्य कुमार शानदार तरीके से खेल को आगे बढ़ा रहे हैं। अमिताभ के पूछे गए सभी सवालों का जवाब आदित्य ने बिल्कुल सही दिया। इस तरह आदित्य ने 1 करोड़ के सवाल का भी जवाब बिल्कुल सही दिया। एक करोड़ की रकम जीतकर आदित्य फूले नहीं समा रहे थे। बिग बी ने भी उठकर आदित्य को गले लगाया। एक करोड़ जीतने के बाद आदित्य सीधे 7 करोड़ के सवाल पर पहुंच गए हैं। अब हर किसी की नजरें 'कौन बनेगा करोड़पति 17' जैकपॉट वाले सवाल पर टिकी है। हर कोई ये जानने के लिए बेताब है कि क्या आदित्य 7 करोड़ के जैकपॉट वाले सवाल का सही जवाब दे पाएंगे। फिलहाल, ये जानने के लिए सभी काफी उत्सुक हैं। आदित्य ने अमिताभ बच्चन के सामने अपने कॉलेज के दिनों का एक मजेदार किस्सा सुनाया। आदित्य ने बताया कि जब वो कॉलेज में थे तब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ केबीसी को लेकर एक मजाक किया था। उन्होंने कहा था कि कॉलेज में केबीसी की शूटिंग होने वाली है। ये सुनकर सभी दोस्त रोज तैयार होकर आते थे, लेकिन जब एक हफ्ता बीत गया तब खुद आदित्य ने बताया कि वो मजाक कर रहे थे। ये सुनकर बिग बी खूब हंसे।

## कलाकारों में दिखा गणपति बप्पा के स्वागत का उत्साह

**मुंबई।** गणेश चतुर्थी की रौनक हर ओर दिखाई दे रही है। यह भारत का सबसे रंगीन और उल्लास से भरा त्योहार अब बस आने ही वाला है। ऐसे में एण्डटीवी के कलाकार भी पीछे नहीं हैं। निहारिका रॉय, जो आने वाले शो 'घरवाली पेड़वाली' में



सावी की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा कि गणेश उत्सव में उत्साह, संगीतमय वातावरण और भक्ति का माहौल में शामिल होने परिवार व साथियों को: पारंपरिक पहनावे और गहनों की खरीदारी हो या पूजा और मिठाइयों में मदद करती हूं। उत्सव में डोल-ताशा की थाप और उसका जोश अच्छा लगता है। "हिमानी शिवपुरी, जो 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा का किरदार निभा रही हैं बताती है कि उत्सव के लिए विशेष बर्तन चुनना व इस दौरान खाने के मेन्यू की प्लानिंग बन चुकी है। इस साल कुछ नए मोदक बनाने की रेसिपीज सीखी हैं, रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाई हैं और घर को ताजे फूलों की मालाओं से सजाया है। यह त्योहार सिर्फ परंपराओं तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर खुशियां बांटने और यादगार पल बनाने है।"रोहिताश्व गौड़ ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी, कहते हैं, "उत्सव के शुरु होने से पहले ही घर की सफाई, रोशनी से सजावट और हिमाचली पारंपरिक मिठाइयाँ बनने लग गई हैं। अभी पंडाल डिजाइन कर रहा हूँ ताकि बप्पा का आगमन और खास बने। इस त्योहार की सुंदर बात यह है कि यह हमें आत्मचिंतन करने, आभार जताने और परिवार के साथ खुशियों भरे पल बिताने का अवसर देता है।

# धमाकेदार होगा यह वीक, बिग बॉस 19 की दस्तक के साथ रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में इस वक्त 'कुली' और 'वॉर 2' सजी हुई हैं। साथ ही 'महावतार नरसिम्हा' भी दर्शकों को आकर्षित कर रही है। वहीं, ओटीटी पर बीते हफ्ते काफी शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। अब नए वीक की शुरुआत हो चुकी है और मनोरंजन के शौकीनों के लिए इस वीक भी ओटीटी पर काफी कुछ खास आने वाला है।

***पीसमेकर सीजन 2 :*** यह सीरीज इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में शामिल है और 21 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें जॉन सीना, डेनिएल ब्रूक्स, फ्रेडी स्ट्रोमा, जेनिफर हॉलैंड, फ्रैंक ग्रिलो जैसे सितारे नजर आएंगे। बता दें कि 'पीसमेकर' का पहला सीजन साल 2022 में रिलीज हुआ था।

***आमार बॉस :*** यह फिल्म 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह वही फिल्म है, जिसके जरिए करीब दो दशक बाद दिग्गज अभिनेत्री राखी ने एक्टिंग की दुनिया में वापसी की है। यह बंगाली फिल्म मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब ओटीटी पर दस्तक दे रही है। इस फिल्म में राखी और शिबोप्रसाद मुखर्जी लीड रोल में हैं। नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने इसका निर्देशन किया है।



***मारीसन :*** यह तमिल फिल्म है। सुधीश शंकर द्वारा निर्देशित यह फिल्म 22 अगस्त को ओटीटी पर दस्तक देगी। इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म में फहाद फासिल और वडिवेलु लीड रोल में हैं। बता दें कि यह फिल्म 25 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज हुई थी।

***थलाइवन थलाइवी' :*** विजय सेतुपति और नित्या मेनन अभिनीत यह फिल्म भी इस हफ्ते ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। दोनों सितारों को इस फिल्म में पहली बार साथ स्क्रीन पर देखा गया। यह फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 22 अगस्त से यह प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

***शोधा :*** यह एक कन्नड़ सीरीज है। इस हफ्ते ओटीटी पर प्रीमियर के लिए तैयार है। निर्देशक पवन कुमार इस वेब सीरीज में लीड रोल में नजर आएंगे। 'शोधा' 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह एक सस्पेंस थ्रिलर सीरीज है।

***बिग बॉस 19 :*** यह वीक इसलिए भी काफी खास है, क्योंकि सलमान खान का रियलिटी शो भी 'बिग बॉस' का नया सीजन भी दर्शकों के बीच पहुंच रहा है। 'बिग बॉस 19' जियो हॉटस्टर पर 24 अगस्त से स्ट्रीम होगा।

# वॉर 2 में कियारा का काम देखकर खुश हुए सिद्धार्थ



*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर वॉर 2 का इंतजार लंबे वक्त से किया जा रहा था। फिल्म बड़े पैमाने पर बनी और इसे यशराज के स्पाई यूनिवर्स की सबसे बड़ी कड़ी बताया गया। लेकिन, रिलीज के बाद ऑडियंस का रिएक्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। हाई ऑक्टेन एक्शन और स्टारपावर के बावजूद फिल्म ऑडियंस को पूरी तरह एंटरटेन नहीं कर पा रही। सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर मिलाजुला रिस्पॉन्स देखने को मिला है। इस बीच एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पत्नी कियारा आडवाणी की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कियारा के काम को शानदार बताया। सिद्धार्थ ने फिल्म देखने के बाद लिखा, क्या राइड थी! एक्शन, स्केल और स्टाइल सब कमाल। कियारा अडवाणी ऑन स्क्रीन ग्रेस और स्ट्रेंथ लेकर आईं।*

## जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि जंगल-जंगल बात चली है पता चला है...

# एक ऐसा फनकार, जिसने जिस विधा को छुआ उसे कर दिया 'गुलजार'



*नई दिल्ली। गुलजार एक हैं, लेकिन उनके रंग अनेक हैं। जब वह गाने लिखने बैठते हैं तो पहला ही गाना लिखते हैं- 'मोरा गोरा अंग लइ ले, मोहे श्याम रंग दई दे'। जिस बॉलीवुड की दुनिया में गोरे रंग की चमक-दमक ही सबकुछ मायने रखती हो, वहां पहले ही गाने में श्याम रंग की चाहत। जब वो स्क्रीन प्ले लिखते हैं तो आनंद जैसी फिल्म सामने आती है। जिसका सार ही ये है कि 'जिंदगी लंबी नहीं बड़ी होनी चाहिए। जब वो निर्देशक की कुर्सी पर बैठते हैं तो आंधी, मौसम और माचिस जैसी फिल्में सामने आती हैं। जहां संवेदनाएं अपने चरम पर हैं और आपके अंदर भावनाओं का एक तूफान सा छोड़ जाती हैं। जब बड़े पर्दे से छोटे पर्दे की ओर रुख करते हैं और टीवी सीरियल बनाते हैं तो मिर्जा गालिब जैसे एक शाहकार से मुलाकात होती है। जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि 'जंगल जंगल बात चली है पता चला है, चड्डी पहनकर फूल खिला है।'*

### मेरे अपने से निर्देशन की दुनिया में उतरे

गीत, स्क्रीन राइटिंग और डायलॉग लिखने के बाद गुलजार ने साल 1971 में निर्देशन की दुनिया में कदम रखा। निर्देशक की कुर्सी पर बैठने के बाद उन्होंने पहली फिल्म बनाई मेरे अपने। श्याम आए तो उससे कहना कि छेनू आया था। ये डायलॉग तो आपने कई बार सुना होगा। ये सुपरहिट डायलॉग गुलजार की 'मेरे अपने'का ही है। ये फिल्म एक बूढ़ी विधवा, उसका एक कथित रिश्तेदार और दो युवकों के बीच की कहानी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी और इस फिल्म ने विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा के कॅरियर में एक अहम बदलाव लाया था। फिल्म में इन दोनों के अलावा मीना कुमार, देवेन वर्मा, असित सेन, असरानी, डैनी डेन्जोंगपा, कैस्टो मुखर्जी, ए के हंगल, दिनेश ठाकुर, महमूद और योगिता बाली प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

**कॉमेडी ड्रामा परिचय :** इसके बाद 1972 में गुलजार जितेंद्र, जया भादुड़ी, प्राण और संजीव कुमार स्टारर परिचय लेकर आए। इस फिल्म में एक की तलाश करते युवक की कहानी दिखाई गई है। जिसे बाद में पांच बिगड़ैल बच्चों को पढ़ाने की नौकरी मिलती है। ये बच्चे इतने बिगड़ैल हैं कि वो इससे पहले कई टीचर्स को भगा चुके हैं। ये अपने दादा जी राय साहब के साथ रहते हैं, जो समय के बड़े पाबंद हैं। फिल्म की कहानी काफी रोचक है। साथ ही फिल्म रिश्तों और रोजगार के मुद्दे पर भी बात करती है।

**मूक-बधिर की इमोशनल कर देने वाली कहानी कोशिश :** इसी साल गुलजार एक मूक-बधिर जोड़े की दिल को झकझोर देने वाली रोमांटिक-ड्रामा फिल्म कोशिश भी लेकर आए। इस फिल्म में संजीव कुमार, जया भादुड़ी और असरानी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मूक-बधिर कपल हरि चरण और आरती के संघर्ष, उनके दर्द और समाज में अपनी जगह बनाने की उनकी जद्दोजेहद को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी काफी भावुक है। कैसे हरि चरण आरती के मरने के बाद अकेले ही अपने बेटे को पालता है और इस दौरान उसे कैसे समाज से भी लड़ना पड़ता है। इस फिल्म के लिए संजीव कुमार को बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। 1972 में आईं ये दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं।

### नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर बनाई अचानक

गुलजार ने सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्में भी बनाईं और साथ ही उन्होंने अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को भी उठाया है। उन्होंने 1958 में हुए केएम नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर फिल्म बनाई थी 'अचानक'। ये वो ही मामला है, जिस पर बाद में अक्षय कुमार की फिल्म रुस्तम बनी हुई है। अचानक में विनोद खन्ना प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इसके अलावा लिली चक्रवर्ती, फरीदा जलाल और असरानी भी प्रमुख किरदारों में हैं। सबसे खास बात कि खुद गीतकार होने के बावजूद गुलजार की इस फिल्म में एक भी गाना नहीं था। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और कई अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन भी मिला था।

**इमरजेंसी में आंधी पर लगा बैन :** साल 1975 में जब देश में इमरजेंसी लगी थी और शोले जैसी ऐतिहासिक फिल्म रिलीज हुई थी। उसी साल गुलजार ने दो ऐसी फिल्में बनाईं जो आज भी आपके अंदर भावों का एक समुंदर सा छोड़ जाती हैं। पहले गुलजार संजीव कुमार और सुचित्रा सेन स्टारर आंधी लेकर आए। यह एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। जिसमें कई वर्षों के बाद एक अलग हुए कपल की अचानक मुलाकात होती है। जब पत्नी आरती देवी, जो अब एक प्रमुख राजनीतिज्ञ हैं, चुनाव प्रचार के दौरान अपने पति के होटल में ठहरती हैं। इस फिल्म को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित बताया जाता है। हालांकि, मेकर्स ने इस बात से इंकार किया था।



# कोहली के 17 साल, वनडे में ठोके 51 शतक, दर्ज हैं कई विराट रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 17 साल पूरे किए हैं। उन्होंने 18 अगस्त 2008 को श्रीलंका क्रिकेट टीम के पहला वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं और उन्होंने सिर्फ वनडे क्रिकेट में खेलना जारी रखा है। अपने बेमिसाल करियर में उन्होंने विश्व क्रिकेट के कई अहम रिकॉर्ड्स बनाए हैं।

### वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतक

कोहली वनडे में सबसे अधिक शतक जमाने वाले बल्लेबाज हैं। वनडे विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में अपने वनडे क्रिकेट करियर का 50वां शतक जमाया था। ऐसा कर उन्होंने पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (49) का रिकॉर्ड तोड़ा था। कोहली के नाम फिलहाल 51 वनडे शतक हैं। इन दोनों के बाद सूची में भारतीय कप्तान रोहित (32), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (30), श्रीलंका के सनथ जयसूर्या (28) और दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला (27) हैं।

### वनडे में तीसरे सर्वाधिक रन

कोहली वनडे क्रिकेट में तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अब तक 302 वनडे मैचों में 57.88 की औसत और 93.34 की स्ट्राइक रेट से 14,181 रन बना चुके हैं। इस सूची में पहले नंबर पर तेंदुलकर हैं जिन्होंने अपने वनडे क्रिकेट करियर में 463 मैचों में 44.83 की औसत से 18,426 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर श्रीलंका पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज संगाकारा हैं। उन्होंने 404 मैचों में 41.98 की औसत से 14,234 रन बनाए थे।



### टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान हैं कोहली

कोहली ने कप्तान के तौर पर 68 टेस्ट खेले, जिसमें 5,864 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 20 शतक और 18 अर्धशतक लगाए थे। कोहली के बाद दूसरे सर्वाधिक टेस्ट रन वाले भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं। धोनी ने भारत की कप्तानी करते हुए 40.64 की औसत से 3,454 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 5 शतक और 24 अर्धशतक लगाए थे।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 से अधिक रन

कुल मिलाकर कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 27,599 रन बनाए हैं, जो केवल तेंदुलकर (34,357) और संगकारा (28,016) से पीछे हैं। कोहली के 82 अंतरराष्ट्रीय शतक तेंदुलकर (100) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा हैं। कोहली के नाम रिकॉर्ड 143 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक भी हैं। कोहली 3 अलग-अलग टीमों के खिलाफ 8 या उससे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।


### भारत से चौथे सर्वाधिक टेस्ट रन वाले बल्लेबाज

कोहली ने अपने टेस्ट करियर का अंत 9,230 रन के साथ किया था। उन्होंने नाबाद 254 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 30 शतक और 31 अर्धशतक लगाए थे। वह टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज है। उनसे आगे सिर्फ तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13,265) और सुनील गावस्कर (10,122) ही हैं।

### टी-20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरे सर्वाधिक रन वाले खिलाड़ी

कोहली ने अपने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज साल 2010 में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के खिलाफ किया था। उन्होंने अपने करियर में 125 मुकाबलों की 117 पारियों में 4,188 रन बनाए हैं। उन्होंने 1 शतक के अलावा 38 अर्धशतक भी जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122* रन का रहा है। वह रोहित शर्मा (4,231) और बाबर आजम (4,223) के बाद तीसरे सर्वाधिक रन वाले खिलाड़ी हैं।

## खबर संक्षेप



### इगा ने जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब

**सिनसिनाटी (अमेरिका)।** विश्व में तीसरी रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सातवें नंबर की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वियातेक सिनसिनाटी ओपन में अपने पिछले छह मुकाबलों में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। वह पिछले दो वर्षों में सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन 2023 में कोको गॉफ और 2024 में एरीना सबालेंका से हार गईं थी। स्वियातेक मैच जीतकर अपने करियर का 24वां एकल खिताब हासिल करने में सफल रहीं। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन स्वियातेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-3 कर दिया। पाओलिनी ने सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया लेकिन स्वियातेक पहला सेट 56 मिनट में जीतने में सफल रही। स्वियातेक के मैच के आठवें ऐस ने उन्हें दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त दिला दी।

### शॉ ने बुची बाबू टूर्नामेंट में जड़ा शानदार शतक



**चेन्नई।** भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने मंगलवार को चेन्नई में खेले जा रहे बुची बाबू टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड के दूसरे दिन महाराष्ट्र क्रिकेट टीम की ओर से खेलते हुए अपने पहले ही मुकाबले में शतक जड़कर दमदार वापसी की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 122 गेंदों में 14 चौके और 1 छक्के की मदद से शानदार शतक लगाया। बता दें कि शॉ ने घरेलू क्रिकेट के इस सत्र में मुंबई की जगह महाराष्ट्र से खेलने का फैसला किया था। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 252 रन बनाए थे। जवाब में महाराष्ट्र के लिए शॉ और सचिन धस (10) ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े, लेकिन उसके बाद टीम ने 15 रन के अंदर 4 विकेट गंवा दिए। रुतुराज गायकवाड़ और कप्तान अंकित बावने भी सस्ते में आउट हो गए।

### सिंकफील्ड कपः प्रज्ञाननंदा ने गुकेश को हराया



**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर लाइव विश्व रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञाननंदा अब अमेरिका के लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इस 350,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी आठ राउंड होने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा और अरोनियन के बाद छह खिलाड़ी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। गुकेश और अब्दुसत्तोरोव को अभी खाता खोलना है।

## एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से, 14 को पाकिस्तान से मुकाबला

# भारतीय टीम का ऐलान, सूर्य कप्तान, शुभमन उपकप्तान, बुमराह खेलेंगे, यशस्वी-अय्यर बाहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

एशिया कप के आगामी संस्करण की शुरुआत 9 सितंबर से होनी है, जिसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम का ऐलान किया है। टी-20 प्रारूप में होने वाले अगले संस्करण के लिए सूर्यकुमार यादव को टीम का कप्तान बनाया गया है। वह इस टूर्नामेंट के लिए फिट हो चुके हैं। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। उनके साथ-साथ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी टीम में चुने गए हैं। आइए भारत की टीम पर एक नजर डालते हैं।

### जायसवाल-अय्यर का नहीं हो सका चयन

यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर का टीम में चयन नहीं हुआ है। जायसवाल ने भारतीय टीम से 23 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 36.15 की औसत और 164.31 की स्ट्राइक रेट के साथ 723 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 5 अर्धशतक लगाए थे। अय्यर ने भारत की ओर से अब तक 51 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 30.66 की औसत और 136.12 की स्ट्राइक रेट के साथ 1.104 रन बनाए हैं।







ग्रुप-ए : भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीम है।

ग्रुप-बी : बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग की टीम है।



### भारत-पाकिस्तान में होगी भिड़ंत

भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई क्रिकेट टीम के खिलाफ करेगा, जबकि बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 19 मैच खेले जाएंगे, जिनमें ग्रुप चरण के बाद सुपर-4 के 6 मुकाबले और फिर 28 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। सभी मुकाबले यूएई में ही खेले जाएंगे।

### एशिया कप के लिए ऐसी है भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, और जितेश शर्मा।

### ये खिलाड़ी हैं स्टैंडबाई में शामिल

प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और जायसवाल को स्टैंडबाई खिलाड़ियों के तौर पर चुना गया है। तेज गेंदबाज कृष्णा आईपीएल 2025 में पर्पल कैप हासिल करने वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने 19.52 की औसत के साथ 15 मैचों में 25 विकेट लिए थे। वह इंग्लैंड दौरे पर भी टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का भी चयन नहीं हुआ है।

### धोनी की कप्तानी में भारत ने 1 बार जीता है एशिया कप



अब तक 2 एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेले गए हैं, जिसमें से 1 में भारतीय टीम विजेता बनी थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2016 में खेले एशिया कप को भारत ने जीता था। खिताबी मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया था। इसके बाद 2022 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते हुए भारतीय टीम सुपर-4 चरण से भी आगे नहीं बढ़ सकी थी।

## एशिया कप हॉकी

# पाक-ओमान नहीं, बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पाकिस्तान और ओमान की जगह बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे। टूर्नामेंट के शेड्यूल के अनुसार मेजबान भारत को चीन, जापान और कजाखस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, चीनी ताइपे और बांग्लादेश को जगह मिली है।

मलेशिया और बांग्लादेश के मुकाबले के साथ 29 अगस्त को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन के अंतिम मुकाबले में भारत और चीन आमने-सामने होंगे। फाइनल, तीसरे स्थान का प्ले ऑफ और पांचवें-छठे स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला सात सितंबर को होगा।

### पाक ने किया इनकार बांग्लादेश को मिली जगह

भारत सरकार ने कहा था कि वह टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा मुहैया कराएगी लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा कारणों से यात्रा करने से इनकार कर दिया। आयोजकों ने आठ टीम के इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह लेने के लिए पहले ही बांग्लादेश से संपर्क कर लिया था। यह टूर्नामेंट 2026 विश्व कप की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता भी है।

### केंद्रीय अनुबंध में पाक का एक भी क्रिकेटर-ए श्रेणी नहीं

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने केंद्रीय अनुबंध पाने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की जिसमें पूर्व कप्तान बाबर आजम और वर्तमान वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान को एक पायदान नीचे श्रेणी 'बी' में रखा गया है। पीसीबी को असल में कोई भी क्रिकेटर एलीट श्रेणी में शामिल होने लायक नहीं लगा और उसने 30 खिलाड़ियों को श्रेणी 'बी', 'सी' और 'डी' में रखा है। केंद्रीय अनुबंध एक जुलाई से प्रभावी माना जाएगा।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर

# तन्वी, उन्नति और भार्गव भारतीय टीम में शामिल



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

तेजी से उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 25 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। भारतीय टीम में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और रक्षिता श्री भी शामिल हैं। सुहांदिनाता कप (मिश्रित टीम चैंपियनशिप) छह से 11 अक्टूबर तक खेला जाएगा, जिसके बाद 13 से 19 अक्टूबर तक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में व्यक्तिगत स्पर्धाएं होंगी। देश ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं।





### भारतीय टीम इस प्रकार है

**लड़कों के एकल (अंडर19):** रौनक चौहान, ज्ञान दत्तू टी.टी., लालथजुआला एच, सूर्याक्ष रावत
**लड़कियों के एकल (अंडर 19):** तन्वी शर्मा, वेन्नाला कलागोटला, उन्नति हुडा, रक्षिता श्री एस।
**लड़कों के युगल (अंडर19):** सुमिथ ए.आर./भाव्या छाबड़ा, भार्गव राम अरिगेला/विश्व तेज गोबुरु, विष्णु केदार कोडे/मिथिलेश पी. कृष्णन
**लड़कियों के युगल (अंडर19):** वेन्नाला कलागोटला/रेशिका यू, गायत्री रावत/मनसा रावत, आन्या बिष्ट/एंजेल पुनेरा
**मिश्रित युगल (अंडर19):** भाव्या छाबड़ा/विशाखा टोप्पो, लालरामसंगा सी/तारिणी सूरी, विष्णु केदार कोडे/कीर्ति मनचला, वंश देव/डियांका वाल्डिया।

# दक्षिण अफ्रीका ने पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 98 रनों से हराया

### प्रोटियाज टीम ने हासिल की 1-0 से बढ़त

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने मंगलवार को वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 98 रनों से बड़े अंतर से हरा दिया। इसके साथ ही प्रोटियाज टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। जवाब में कंगारू टीम 198 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

### अफ्रीका ने ऐसे जीता मुकाबला

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। प्रोटियाज टीम ने एडेन मार्करम (82), कप्तान तेम्बा बावुमा (65) और मैथ्यू ब्रीट्जके (57) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर निर्धारित 50 ओवर में 296/8 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में कंगारू टीम से मिचेल मार्श (88) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया और पूरी टीम 40.5 ओवर में 198 रनों पर सिमट गई।



# हरमनप्रीत संभालेंगी टीम इंडिया की कमान प्रतिका को मिला स्थान, शेफाली को आराम

एजेंसी ▸▸| कजाकिस्तान

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने महिलाओं के वनडे विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा की है। अगले माह 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेले जाने वाले अगले विश्व कप संस्करण में हरमनप्रीत कौर ही भारतीय टीम की कमान संभालेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान की भूमिका में बरकरार रहेंगी। विश्व कप की टीम में शेफाली वर्मा को नहीं चुना गया है।

### ऑस्ट्रेलिया से 3 मैचों की वनडे सीरीज भी



बता दें कि विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को 14, 17 और 20 सितंबर को भारत दौरे पर 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। सलामी बल्लेबाज रहेंगी प्रतिका रावल शेफाली की जगह पर बेस्ट बल्लेबाज प्रतिका रावल को सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में चुना गया है। प्रतिका ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने 14 वनडे मैचों में 54.08 की औसत से 703 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रही शेफाली आखिरी बार वनडे में अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली थी। उन्होंने 2024 में 6 पारियों में 18.00 की औसत से 108 रन बनाए थे। फिलहाल इस सीरीज में उन्हें आराम दिया गया है।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : भारत के खाते में अब तक पांच स्वर्ण

# मनु ने कांस्य, जूनियर वर्ग में रश्मिका ने जीता तीसरा स्वर्ण

एजेंसी ▸▸| कजाकिस्तान

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। रश्मिका सहगल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल किया। रश्मिका ने व्यक्तिगत के साथ टीम स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया।

रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक पांच स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं।



### चीन को स्वर्ण, कोरिया को मिला रजत पदक

मनु भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की कियान्के मा ने 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जिन यांग को 241.6 अंक के साथ रजत पदक मिला।

### रश्मिका ने कोरियाई खिलाड़ी को पछाड़ा

रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 241.9 का स्कोर करके रजत पदक जीतने वाली कोरियाई हान सेउंगह्यून को 4.3 अंक की बड़े अंतर से पछाड़ा। उन्होंने इस स्पर्धा में वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर टीम स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने क्वालीफिकेशन में 583 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया था।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

भारत की अन्य खिलाड़ियों में इस प्रतियोगिता में केवल रैंकिंग अंकों के लिए भाग ले रही ईशा सिंह 577 अंकों के साथ नौवें, सुरुचि सिंह 574 अंकों के साथ 12वें, पलक 573 अंकों के साथ 17वें और सुरभि राव 570 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहीं। भाकर, सुरुचि सिंह और पलक की तिकड़ी टीम स्पर्धा में 1730 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### क्वालीफिकेशन में शीर्ष में रहीं येजिन

कोरिया की येजिन ओह ने 585 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए इस प्रतियोगिता भाग ले रही थीं, जिससे चीन की कियानक्सुन याओ शीर्ष रैंक की निशानेबाज के रूप में फाइनल में पहुंच गईं।




## हाईकोर्ट ने कहा : निजी सिविल विवाद में परोक्ष रूप से फायदा उठाने के मकसद से दायर की गई एफआइआर, न्यायिक प्रक्रिया के दुरूपयोग के समान

# भोपाल की ट्राइडेंट मल्टी वेंचर्स, फर्म के पार्टनर राजेश शर्मा व अन्य के खिलाफ दर्ज एफआइआर खारिज

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट से भोपाल की फर्म ट्राइडेंट मल्टी वेंचर्स व फर्म के पार्टनर राजेश शर्मा को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने शर्मा सहित अन्य के खिलाफ ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) द्वारा दर्ज एफआइआर निरस्त कर दी। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांतों के प्रकाश में कहा कि एफआइआर निजी सिविल विवाद में परोक्ष रूप से फायदा उठाने के मकसद से दायर की गई। इसलिए न्याय की विफलता रोकने व न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखने के लिए एफआइआर खारिज करने का विशेषाधिकार उपयोग करना उचित है। कोर्ट ने कहा कि यह कृत्य न्यायिक प्रक्रिया के दुरूपयोग के समान है।

भोपाल की फर्म ट्राइडेंट वेंचर्स , फर्म के पार्टनर राजेश शर्मा एवं राजेश तिवारी, दीपक तुलसानी की ओर से याचिका दायर कर ईओडब्ल्यू द्वारा 9 जून 2025 को भादवि की धाराओं 420, 467, 468, 471, 120 बी व आईटी एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज की गई एफआइआर को चुनौती दी गई। सुनवाई के दौरान ईओडब्ल्यू की ओर से कोर्ट को बताया गया कि,भोपाल के रातीबड़ निवासी किसान चिंता सिंह मारण की ग्राम महुआखेड़ा में 12.46 एकड़ कृषि भूमि है। यह जमीन हाईकोर्ट के आदेश से नामांतरण के बाद उनके नाम दर्ज हुई थी। कस्तूरबा नगर निवासी राजेश शर्मा ने जून 2023 में उक्त जमीन खरीदने का अनुबंध किया और अपनी पत्नी की फर्म ट्राइडेंट मल्टी वेंचर्स के नाम रजिस्ट्री करा ली। रजिस्ट्री की कॉपी किसान को नहीं दी गई। इसमें जमीन की कीमत 2.86 करोड़ रुपए दर्शाई गई थी।



रजिस्ट्री में फर्म ने दीपक तुलसानी को अधिकृत किया, जबकि वे अधिकृत नहीं थे। राजेश शर्मा ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया के खाते में रकम ट्रांसफर नहीं हो सकती, इसलिए आईसीआईसीआई बैंक में नया खाता खुलवाया। बैंक कर्मचारी उसके घर बुलाए गए। अंगूठा-हस्ताक्षर कराए गए और राजेश कुमार तिवारी का मोबाइल-ईमेल दर्ज कर दिया। खाते से रकम तुरंत तिवारी के खाते में ट्रांसफर होती रही। चिंता सिंह को सिर्फ 80 लाख रुपए मिले। बाकी चेक स्टॉप पेमेंट करा दिए। इसी मामले में 9 जून 2025 को तीनों आरोपियों पर धोखाधड़ी सहित आईटी एक्ट की धाराओं के तहत एफआइआर दर्ज की गई।

याचिकाकर्ताओं की ओर से तर्क दिया गया कि इस मामले में जिला अदालत में सिविल सूट लंबित है। सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला विचाराधीन है। तर्क दिया गया कि यह मामला सिविल प्रकृति का है। इस मामले में अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया जा सकता। तर्क दिया गया कि आवेदक ने अदालती प्रक्रिया लंबित रहने के बावजूद सिविल मामले को आपराधिक रंग देने के लिए ईओडब्ल्यू में शिकायत की।

## पतंजली संस्कृत संस्थान भोपाल के संचालक व असिस्टेंट डायरेक्टर हाईकोर्ट में तलब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की अवहेलना पर नाराजगी जताई। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने महर्षि पतंजली संस्कृत संस्थान भोपाल के संचालक प्रभात राज तिवारी एवं असिस्टेंट डायरेक्टर रेशमा लाल को बुधवार को हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिए। गत 14 अगस्त को हाईकोर्ट ने उक्त अधिकारियों को नोटिस जारी कर पूछा था कि नियम स्थगित करने के बावजूद याचिकाकर्ता संस्कृत विद्यालयों के विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल क्यों नहीं किया गया।

**हाईकोर्ट की आदेश की नाफरमानी का मामला**

पुष्पांजली संस्कृत विद्यालय सिंगरौली व अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एनएस रूपराह व मुस्कान आनंद ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि पतंजली संस्थान ने एक आदेश जारी कर यह शर्त रखी थी कि उनके संस्थान से संबद्ध जिन विद्यालयों के छात्रों ने माशिमं या सीबीएससी से नौवीं या ग्यारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें दसवीं और बारहवीं में परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा। इससे क्षुब्ध होकर पूर्व में एक याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने 28 अप्रैल 2025 को संस्थान के उक्त आदेश को स्थगित कर दिया था। इसके बावजूद संस्थान ने याचिकाकर्ता विद्यालयों के करीब 22 सौ विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल नहीं किया। दलील दी गई कि 22 अगस्त से पूरक परीक्षाएं होनी हैं, इसलिए अवमानना याचिका दायर की गई है।

## प्रदेश सरकार नहीं भर पाई इन वर्षों में पद

# मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में 14 साल बाद भी नहीं हो पाया विकास

हरिभूमि, जबलपुर।




मप्र का एकमात्र मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय को बने तो लगभग 14 वर्ष हो गये हैं। यहां पर बिल्डिंग के अलावा कोई भी विकास नहीं हो पाया है। यहां तक कि स्वीकृत पदों को भी अभी तक नहीं भरा जा सका है। जिससे आये दिन यहां पर घोटाला भी होते रहते हैं। स्टाफ की कमी के चलते न तो परीक्षाएं समय पर हो पा रही हैं और न ही उनके परिणाम समय पर घोषित हो रहे हैं, हालात यह है कि जैसे- तैसे इस विश्वविद्यालय को चलाने का कार्य किया जा रहा है।

गौरतलब है कि वर्ष 2011 में मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में की गई थी। इस विवि के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 275 पदों की स्वीकृति दी गई थी। इन पदों को विवि परिषद की अनुशंसा से राज्य सरकार को भरना था। 14 साल बीतने के बाद भी हालात यह हैं कि महज 35 पदों की ही नियुक्ति हो पाई है। ऐसे में विवि का संचालन हो भी तो कैसे?

### ऑउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे विवि

कहा जाता है कि विवि में 35 पदों की नियुक्ति के बाद वर्तमान में लगभग 100 कर्मचारी ठेके पर कार्य कर रहे हैं। इनके भरोसे ही पूरे विवि का संचालन का कार्य हो रहा है। ऐसे में न तो समय पर परीक्षाएं आयोजित हो पा रही है, और न ही उनके परिणाम समय पर निकल पा रहे हैं। अनेक विषयों के परीक्षा परिणाम तो दो से तीन साल तक विलंब से घोषित हो रहे हैं। जिससे पूरे प्रदेश के हजारों छात्रों को बड़ी ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 1-2 वर्ग की नियुक्ति होना है प्रतिनियुक्ति पर

प्रबंधन की माने तो विवि में एक और 2 वर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति प्रतिनियुक्ति पर होना है। इनकी नियुक्ति विवि प्रशासन नहीं कर सकता है। हालांकि नियुक्ति के लिए समय समय पर विज्ञापन भी जारी किए जा रहे हैं। शासन स्तर पर भी प्रयास किये गये हैं। परंतु प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। सरकार द्वारा कोई प्रयास होता तो 14 वर्ष में विवि की कायाकल्प हो जाती। प्रतिनियुक्ति नहीं होने से अन्य माध्यम से भी स्थाई पदों की नियुक्ति की जा सकती थी।

### विवि को कमजोर करने का प्रयास

कहा जा रहा है कि जब से जबलपुर में मेडिकल विवि खुला है तब से ही इसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। यही कारण है कि शासन स्तर पर और जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। हालात यह है कि मार्कशीट का फर्जीवाड़ा से लेकर कई प्रकार के प्रकरण भी निकलकर सामने आये हैं। अगर शहर के जनप्रतिनिधि ध्यान दें तो विवि को विश्व स्तर पर ले जाया जा सकता है।

### जल्द दूर होगी परेशानियां

निश्चित ही स्थाई अधिकारी कर्मचारी नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि प्रशासन के पास निरंतर पत्राचार हो रहे हैं। जल्द ही वर्ग 1 से लेकर 4 तक के स्थाई कर्मचारी अधिकारी मिलने की संभावना है।

**डॉ पुष्पराज सिंह बघेल**
कुल सचिव मप्र आयुर्विज्ञान विवि जबलपुर



**42 वर्षीय मरीज को मिला नया जीवन**

# मेडिकल कॉलेज में पहली बार हुआ सफल कैडेवरिक किडनी ट्रांसप्लांट

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश के चिकित्सा इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए शासकीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में पहली बार सफल कैडेवरिक (मृत्यु उपरांत) किडनी प्रत्यारोपण किया गया। यह प्रत्यारोपण 42 वर्षीय मरीज पर किया गया, जिन्हें कैडेवरिक अंगदाता सत्येंद्र यादव द्वारा दान की गई किडनी से नया जीवन मिला। मरीज अब पूर्णतः स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश के स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। अधिष्ठाता डॉ. नवनीत सक्सेना, डायरेक्टर सुपरस्पेशलिटी अस्पताल डॉ. अवधेश प्रताप कुशवाहा, अधीक्षक मेडिकल चिकित्सालय डॉ. अरविंद शर्मा एवं अधीक्षक सुपरस्पेशलिटी अस्पताल डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने इस सराहनीय सफलता पर ट्रांसप्लांट टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कदम प्रदेश में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की संस्कृति को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा।

इस प्रक्रिया में नोडल अधिकारी डॉ. फणींद्र सोलंकी ने अहम भूमिका निभाई, जिनके समन्वय से मृतक दाता के हृदय को अहमदाबाद तथा लिवर को भोपाल स्थित संस्थानों में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया और किडनी प्रत्यारोपण मेडिकल कॉलेज में डॉ. नीरज जैन, डॉ. तुषार ढकाते एवं डॉ. रत्नेश के सराहनीय योगदान द्वारा किया गया।

मरीज के परिजनों को अंगदान हेतु प्रेरित करने में डॉ. जितिन बजाज एवं डॉ. शैलेंद्र रात्रे का विशेष योगदान रहा। ब्रेन डेड डिक्लेरेशन कमेटी मैं डॉ ललित जैन, डॉ नम्रता चौहान ने सराहनीय सहयोग दिया। इसके अतिरिक्त सर्जिकल टीम में डॉ निमिष राय डॉ. अविनाश,डॉ. अनुराग, डॉ प्रवीण, डॉ अरविंद, एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. अमित जैन एवं डॉ. कमलराज, डॉ प्रद्युम्न का भी सराहनीय योगदान रहा। डॉ रीति सेठ और डॉ विवेक श्रीवास्तव का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। संपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने में नर्सिंग स्टाफ, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर एवं पीजी स्टाफ का सहयोग अनुकरणीय रहा।

## अनुशासनहीनता में सख्त कार्रवाई

# पीएमश्री स्कूल के 22 बच्चों को किया निलंबित

हरिभूमि जबलपुर।

पीएमश्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सालीवाड़ा (गौर) की प्रबंधन एवं विकास समिति ने सख्त कार्यवाही करते हुए अनुशासनहीनता और स्कूल की छवि खराब करने के आरोप में 22 बच्चों को स्कूल से एक माह के लिए निलंबित कर दिया है। निलंबन का आदेश जैसे ही अभिभावकों तक पहुंचा तो हंगामा खड़ा हो गया। अभिभावकों ने इसे स्कूल की एकतरफा कार्रवाई निरुपित किया है तो वहीं स्कूल प्रबंधन ने भी अपना पक्ष रखा है। उधर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि बच्चों को अनुशासित करने के लिए सख्ती भी आवश्यक है, बच्चों का शैक्षणिक नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।




जानकारी के मुताबिक स्कूल प्राचार्य कार्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि कुछ विद्यार्थी जो कि शाला में अनुशासनहीनता कर रहे थे, कक्षाओं में न बैठने की बजाय यहां वहां घूमते और तंबाकू गुटके का सेवन कर परिसर को गंदा कर रहे हैं, शाला में उनकी उपस्थिति भी अनिवार्य है। उनके पास से तंबाकू गुटका आदि सामान भी जब्त किया।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की शाला शैक्षिक समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन बच्चों को एक माह के लिए निलंबित किया गया और बच्चों को तिमाही परीक्षा से वंचित कर 500 रुपए की पैनाल्टी अभिभावकों को जमा करने के आदेश दिए है। बच्चों को एक माह के लिए 14 अगस्त से 14 सितंबर 2025 तक के लिए शाला से निलंबित किया गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी का कहना है कि बच्चों को अनुशासित करने के लिए सख्ती बरती गई है इसमें अभिभावकों को भी सहयोग करना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया है कि बच्चों का शैक्षणिक नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

# मुंहबोली मौसी नाबालिग के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार

**जबलपुर।** गौर चौकी अंतर्गत कटियाघाट में एक नाबालिग लड़की के गायब होने से हड़कंप मच गया। इस मामलें में पुलिस तुरंत हरकत में आई और कुछ ही घंटों में ही बच्ची को दस्तायाब कर लिया। बताया गया है कि कटियाघाट निवासी 8 वर्षीय बच्ची को अपहरण के आरोप में पुलिस ने मुंहबोली मौसी को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि कटियाघाट के पास रहने वाली 8 वर्षीय नाबालिग लड़की अपने घर के पास खेल रही थी। लेकिन अचानक गायब हो गई। बहुत देर तक जब वह नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। इसके तत्काल बाद पुलिस हरकत में आई। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो बच्ची एक महिला के साथ जाती हुई थी। महिला की पहचान उसकी मुंहबोली मौसी के रुप में हुई। जिसके आईटीआई स्थित घर से नाबालिग को दस्तायाब कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

## जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर के फ्लैट में चोरी, लाखों के कीमती जेवर गायब, घरेलू नौकरों से पूछताछ

**जबलपुर।** शहर में दो स्थानों पर चोरी की वारदातें सामने आई है। गोराबाजार थाना क्षेत्र में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर के फ्लेट से लाखों के कीमती जेवर चोरी हो गए। इस मामलें में घरेलू नौकरों पर संदेह जताया जा रहा है। वहीं माढ़ोताल थाना अतंर्गत नक्षत्रनगर में एक सूने घर का दरवाजा तोड़कर लाखों के जेवर और डेढ़ लाख रुपए नगदी चोरी हो गए। पुलिस मामलें की छानबीन कर रही है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रकाश सिंह कटनी में पदस्थ हैं, जबकि उनका परिवार जबलपुर के गोराबाजार थाना क्षेत्र के अनंततारा अपार्टमेंट में रहता है। बताया जा रहा है कि घर में जब सदस्यों ने सामान अस्त-व्यस्त देखा तो उन्हें चोरी का अंदेशा हुआ। जांच करने पर पाया गया कि फ्लैट में रखी अलमारी से लाखों रुपए के हीरे और सोने के जेवर गायब हैं। इस वारदात की जानकारी पुलिस को दी गई। गोराबाजार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस तरह की वारदात में किसी परिचित का हाथ होने की संभावना है, जिसे घर में रखी कीमती वस्तुओं की पूरी जानकारी थी। फिलहाल पुलिस घरेलू नौकरों से पूछताछ कर रही है।

## नक्षत्रनगर में डेढ़ लाख नगदी सहित जेवर पार

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत नक्षत्रनगर करमेता में एक सूने घर के दरवाजे का एलड्राप तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी 1 लाख 50 हजार रुपए चोरी कर ले गए। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्षत्रनगर करमेता निवासी 42 वर्षीय अमित तिवारी गत दिवस घर में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ अपनी ससुराल बहोरीबंद चला गया था। गत रात लगभग 1 बजे घर वापस आया और घर के मेनगेट का ताला खोलकर अंदर गया, अंदर जाकर देखा तो दरवाजे का एलड्राप टूटा था। पूजा घर में रखी तीन आलमारी के लॉक टूटे हुये थे आलमारी में रखे सोने की झुमकी, टाप्स, 5 अंगूठी, कान के सुई धागा, 1 रानी हार, 5 नग नथ, 12 नग नाक की लोंग, चांदी की 15 चूड़ी, एक हाफ करधन, पायल तथा नगदी 1 लाख 50 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240